an>

Title: Further combined discussion on Budget (General) 2014-15 and Demands for Excess Grants Nos. 13, 21, 24, 31 and 100 in respect of Budget (General) 2011-12 (Discussion not concluded).

श्री मुलायम सिंह यादव (आज़मगढ़) : अध्यक्ष महोदया, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद और कांग्रेस के साथियों को भी धन्यवाद जो मुझे बोलने के लिए अवसर दे दिया।

महोदया, जहां तक इस बजट का सवाल है तो मेरा स्पष्ट कहना है कि इस बजट के साथ बुरे दिनों की शुरूआत है क्योंकि यह कहा गया था कि अच्छे दिनों की शुरूआत होगी। हमारा स्पष्ट कहना है कि बुरे दिनों की शुरूआत हुई है। क्या इस बजट से महंगाई घटेगी? मैं पूछना चाहता हूं, जो भी हों, यहां माननीय मंत्री बैठे हैं, वे बताएं कि क्या आपके इस बजट से महंगाई कम होगी? इसका कहीं ज़िक्र ही नहीं है। देश के सामने सबसे ज्यादा गंभीर समस्या महंगाई की है। महंगाई कम नहीं हो रही, महंगाई और बढ़ गयी है। जिस दिन प्रधान मंत्री जी ने शपथ लिया था, उस दिन से महंगाई बढ़ने लगी है। इस बजट के माध्यम से अच्छे दिनों की शुरूआत नहीं, बल्कि बुरे दिनों की शुरूआत है। इसलिए हम आप के माध्यम से जानना चाहते हैं कि इनकी दिशा क्या है, प्राथमिकता क्या है?...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : खरगे जी, आज क्या हुआ है? खरगे जी, आज बात क्या है?

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go in record.

*(Interruptions) â€¦**

HON. SPEAKER: Only Shri Mulayam Singh ji's statement will go in record.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : इस तरीके की बातचीत रिकार्ड में नहीं जाती है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने कहा कि केवल आपकी ही बात रिकार्ड में जायेगी। आप बोलिये।

श्री मुलायम सिंह यादव : मैं तो बोल रहा हूं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कृपया ऐसा नहीं करें। आज बात क्या है?

â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : आपने टाइम इनको दिया है कि मुझे दिया है? â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ये बोल रहे हैं, उसमें आपको कुछ ऑब्जैक्शन है?

â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव: आप हमारा सहयोग लेना चाहते हो कि नहीं? ...(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) : नेताजी बोल रहे हैं, यह बहुत गलत बात है। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : हम आपका समर्थन करेंगे, हमें बोल लेने दीजिए। ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: इनका समर्थन मत करिये, इनका समर्थन तो हो चुका।...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : उसी की वजह से ये हारे हैं।...(व्यवधान) हमने इनकी सरकार बचाई थी। ...(व्यवधान)

अध्यक्षा जी, मैं यह कह रहा था कि इस बजट के माध्यम से ...(व्यवधान) हम कैसे बोल लेंगे? हम तो नहीं बोल सकते। ...(व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Hon. Speaker, I have a point of order. ...(*Interruptions*)

एक माननीय सदस्य: अभी पाइंट ऑफ ऑर्डर नहीं है, क्या पाइंट ऑफ ऑर्डर है?

श्री धर्मेन्द्र यादव : कोई पाइंट ऑफ ऑर्डर नहीं है। अब आप बोलकर दिखा देना। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : अभी इन्हें तो रोको, भाई। आप बाद में बात कर लेना, हम भी आपका साथ देंगे।...(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव : आपने नेताजी को डिस्टर्ब बहुत कर दिया, अब कोई वक्ता बोलकर दिखा दे। यह कोई तरीका है? नेता जी को टाइम एलाट था। यह क्या तरीका है, हम भी आपको नहीं बोलने देंगे। कोई बोलकर दिखा दे।...(व्यवधान) नेताजी के भाषण के समय डिस्टर्ब कर रहे हैं।

DR. SHASHI THAROOR: Hon. Speaker, I have a point of order.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप नियम बताइये। Under which rule you want to raise point of order?

...(*Interruptions*)

DR. SHASHI THAROOR : I am raising a point of order is under Rule 376(1), "The point of order shall lay to the interpretation or enforcement of these rules as regulate the business of the House and shall raise a question which is within your cognizance." ...(*Interruptions*)

Madam, what our leader, Mr. Kharge was saying was that, during the disturbance in the House, when the House was not in order, a decision was taken to refer a very important Bill effecting the well-being of the Scheduled Caste and Scheduled Tribe communities of this nation to a Standing Committee whereas the practice of this House for the last 60 odd years has been that Ordinances being converted to Bill cannot be referred to Standing Committees. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज़, आप भी एक बात को समझिये। पाइंट ऑफ ऑर्डर, जो बिजनेस अभी चल रहा है, उसी के लिए उठा सकते हैं। आपके हल्ले-गुल्ले में जो हो गया, उस पर आप कुछ नहीं कर सकते। श्री मुलायम सिंह यादव। ...(व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR : But, Madam, it happened, when the House was in disorder. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : ऐसा नहीं होता है, प्लीज़। जो बिजनेस है, वह चल रहा है, वह हो गया। You know better, आप मंत्री रह चुके हो।

DR. SHASHI THAROOR : But, Madam, that is the decision we are objecting toâ€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: How can it be possible? हम उसके आगे बढ़ चुके हैं तो पहले क्या हुआ, उसको पाइंट ऑफ ऑर्डर में नहीं उठाते, अभी जो हो रहा है। यदि आपको डिस्कशन पर ऑब्जैक्शन है तो आप बोल सकते हैं।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : खरगे जी, आज बात क्या है। आप बजट पर चर्चा नहीं चाहते क्या?

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : हम मानते हैं, लेकिन हमने जो...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go in record.

*(Interruptions) â€¦**

HON. SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

माननीय अध्यक्ष : मुलायम सिंह जी एक मिनट। ऐसा है कि 314 नये सदस्य हैं, इसलिए मैं उनके लिए थोड़ा बोल रही हूं, ऐसा समझ लीजिए। आप तो समझे हुए लोग हैं। ये जो बात उठा रहे हैं, माननीय मंत्रीजी थावर चंद गहलोत जो एससी, एसटी का बिल आज लाए थे, उस पर यह बात हुयी है कि यह स्टैंडिंग कमेटी में जाएगा। स्पीकर को इसका अधिकार है। स्टैंडिंग कमेटी बनेगी, स्टैंडिंग कमेटी में सभी प्रकार के लोग रहेंगे, दोनों पक्षों के लोग, पक्ष और विपक्ष सभी रहते हैं। जितनी भी ये चर्चा करना चाहें, चर्चा करके बिल वापस यहां पास होने के लिए आएगा। ऐसा नहीं है कि शेड्यूल कास्ट्स, शेडयूल ट्राइब्स के लिए कोई अन्याय, अत्याचार की बात यहां नहीं होनी चाहिए, यह भी बात नहीं है। एक बार यहां चेयर से निर्णय किया गया और हम नेक्स्ट आइटम पर चले गए। आप उस समय शोर कर रहे थे, उसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। चेयर ने निर्णय दे दिया है, मुझे लगता है कि इस पर दोबारा अब कोई बात नहीं होनी चाहिए। यह स्टैंडिंग कमेटी में जाएगा। स्टैंडिंग कमेटी में सभी प्रकार के लोग रहेंगे।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप उस पर चर्चा करके जो भी आपको कहना है, कह सकते हैं। यह भी आप कई बार कर चुके हैं।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब प्लीज शांत हो जाइए। मुलायम सिंह जी आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : हम वापस नहीं आ सकते हैं।

â€¦(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह (सतना) : आप खुद सीरियस नहीं थे। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गणेश सिंह जी, आप बैठ जाइए। चेयर ने निर्णय दे दिया है, अब उनको बोलने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : निर्णय हो चुका है कि यह स्टैंडिंग कमेटी में जाएगा। आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद और आपको भी धन्यवाद। इस बजट के बारे में मैं कह सकता हूं कि यह बुरे दिनों की शुरूआत है। मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि अब अच्छे दिनों की शुरूआत हुयी है। यह कहा था कि महंगाई 25 फीसदी तो हम तुरन्त कम कर देंगे, तो क्या महंगाई कम हुयी? महंगाई बढ़ी है। प्रधानमंत्री जी ने महंगाई कम करने की बात कही थी, लेकिन महंगाई बढ़ी है। जब इसका जवाब देंगे तो जरूर बता देना कि अच्छे दिनों की शुरूआत में बुरे दिनों की शुरूआत क्यों हुयी और महंगाई क्यों बढ़ी? इसी पर आप चुनाव जीते हैं। क्या हमेशा जनता को धोखा देकर जीतेंगे? सदन में आप धोखा नहीं दे पाएंगे। भले ही संख्या कम है, लेकिन अध्यक्ष महोदया आपकी कृपा रहेगी तो मजबूती से बात रखेंगे और देश के सामने आ जाएगा कि इन्होंने कितना असत्य बोलकर जनता को गुमराह किया है। आपके पास बहुमत आ गया। अब आपको कोई बहाना भी नहीं मिलेगा।

अध्यक्ष महोदया, हम जानना चाहते हैं कि सरकार की प्राथमिकतायें क्या हैं? बजट में कहीं जिक्र नहीं है कि महंगाई कम कर देंगे, बेरोजगारी कम कर देंगे। यह कहा था कि प्रत्येक नौजवान को रोजगार देंगे और नौकरी देंगे। आप बताइए कि कब देंगे? ...(व्यवधान) कब देंगे और कितने लोगों को रोज़गार और नौकरी देंगे। ...(व्यवधान) यह आपने जनता के बीच वादा किया है। नौजवान आपके पक्ष में खड़ा हो गया कि उसे रोजगार मिलेगा, नौकरी मिलेगी। अब आपका बहुमत हो गया। ...(व्यवधान) अभी तक कई सालों से एक दल को बहुमत नहीं था। अब बहाना नहीं मिल सकता

है, अब तो आपको बहुमत है। आपने जो वादे किए थे, उन वादों को पूरा कब करेंगे? कुछ तो आपने वादे ऐसे किए थे कि ओथ लेते ही पूरा कर देंगे। महंगाई 25 फीसदी घटा देंगे, तो महंगाई घटने के बजाए बढ़ी है। एक महीने के अंदर महंगाई कम करने को कहा था, लेकिन अब डेढ़ महीने हो गए हैं।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं, जैसा मैंने कहा कि लगभग तीस साल से गठबंधन की सरकारें चल रही थीं। अब आपको बहुमत मिल गया है। आपको अब कोई बहाना नहीं मिल सकता है। सीधी -सादी जनता को जो वादे किए हैं, उन वादों को आप पूरा करिए। इसकी कब से शुरूआत करेंगे, अभी तक तो आपने शुरूआत नहीं की है, महंगाई और बढ़ा दी। आप ने कहा था कि जैसे ही सरकार बनेगी, हम काला धन वापस लाएंगे। आप कितना काला धन वापस लाए हैं? यह भी मंत्री जी अपने जवाब में बताएंगे। आप यह भी बता दें कि कितना काला धन है? आप विदेशों से काला धन वापस ला नहीं सकते हैं। मुझे पता है। आप ने इस संबंध में वायदा किया था, लेकिन आप इसे नहीं ला पाए। हमारे देश में भी काला धन कम नहीं है। आप अपने देश का ही काला धन निकाल दें। आप ने छोटे-छोटे दुकानदारों पर छापा मारा। आप सदन को बताएं कि कितना काला धन मिला? आप ने कितना काला धन वसूल किया है? बड़े लोगों पर छापा मारने की हिम्मत आप के पास नहीं है। यह क्यों नहीं है? हमें सब पता है। एशिया के सब से बड़े उद्योगपति कहा हैं? गुजरात में छः उद्योगपति हैं। प्रधान मंत्री गुजरात के रहने वाले हैं। यू.पी. के संसदीय क्षेत्र बनारस से चुनाव जीत कर, वे प्रधान मंत्री बन गए हैं, लेकिन वे गुजराती तो हैं। एशिया के सब से बड़े 6 उद्योगपति गुजरात में हैं। क्या आप ने उनसे मदद ली? क्या आप ने उनसे बातचीत की? वे आपके प्रदेश के हैं तो निश्चित रूप से बातचीत हुई होगा। उनसे क्या बातचीत हुई, यह सदन जानना चाहता है। हम आप का सहयोग करना चाहते हैं। इस देश में काला धन वापस आए और देश का विकास हो। हम इस पक्ष में हैं। आप बताएं कि आप ने कितना काला धन वसूल किया है? इस देश में कितना काला धन है?

आपने एक काम जरूर किया है कि सुप्रीम कोर्ट के कहने पर आपने काला धन वसूलने के लिए कमेटी बना दी। उस कमेटी ने क्या किया? कमेटी ने आपको क्या राय दी? क्या आपने कमेटी की बैठक बुलाई? क्या आप ने उस से संपर्क किया? आप ने निश्चित रूप से उस से संपर्क किया होगा। सुप्रीम कोर्ट के कहने के बाद जो कमेटी बनी है, उस से आप ने जरूर कोई न कोई बात की होगी। अगर, विदेशों में जमा काले धन को आप छोड़ भी दें तो मैं कहना चाहता हूं कि एफ.डी.आई. और निजी क्षेत्र के धन की कोई आवश्यकता नहीं होगी, इतना धन हमारे देश के अंदर है। हमें भरोसा है कि वित्त मंत्री जी अपने उत्तर में इसका जिक्र करेंगे कि कितना और कब तक काला धन अर्थव्यवस्था में शामिल होगा? आप एक काबिल व्यक्ति हैं। आप विद्वान और आप समझदार भी हैं।

क्या इस बजट से बेरोजगारी कम होगी? इसके बारे में बजट में कही जिक्र नहीं है। देश में सब से बड़ी समस्या बेरोजगारी है। मैं कहना चाहता हूं कि नौजवान बहुत दिनों तक इंतजार नहीं करेंगे। इसके खतरनाक संकेत हो सकते हैं। आपने नौजवानों को नौकरी नहीं दी है। आप ने उन्हें नौकरी देने का वायदा किया है। नौजवान हमेशा समाजवादी पार्टी के साथ रहते थे, सारे नौजवान आप के साथ चले गए। ...(व्यवधान) मैं सदन के सामने देश की सच्चाई रखना चाहता हूं। हम क्यों घुमा-फिरा कर बात करें। नौजवान नौकरी के लिए आप के साथ चले गए। आप ने कितने नौजवानों को रोजगार दिया है, नौकरी दी है और कितने नौजवानों को कब तक नौकरी-रोज़गार देंगे? बजट में इसका कहीं जिक्र नहीं है। मैं आपको साफ बताना चाहता हूं कि अगर नौजवानों का गुस्सा फूटा तो देश के सामने इसका परिणाम खतरनाक हो सकता है। इसलिए, मैं आपको सावधान करना चाहता हूं कि ऐसे बजट में आपने नौजवानों से जो वायदा किया था वह कहीं नहीं है। ...(व्यवधान)

इस बजट में छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देना पड़ेगा। हम लोगों की स्पष्ट नीति रही है। जब तक घर-घर में कुटीर उद्योग धंधे नहीं चलेंगे, आप बेरोजगारी खत्म नहीं कर सकते। हम मानते हैं कि सबको नौकरी नहीं दे पाएंगे, इतनी नौकरियां नहीं हैं, लेकिन फिर भी बहुत अवसर हैं। कुछ नौकरियां देनी शुरू कीजिए। हम आपके पक्ष में ही बोल रहे हैं। हम देश को बचाने के लिए बोल रहे हैं क्योंकि नौजवान सब सुन रहा है। वह ज्यादा दिनों तक इंतजार नहीं करेगा। अगर वह खड़ा हो गया तो देश के लिए खतरनाक संकेत होंगे। उसमें हमें नौजवानों का साथ देना पड़ेगा, आपको भी देना पड़ेगा। आपने रोजगार और नौकरी का वायदा किया है, वोट लिया है। सब नौजवानों ने आपको वोट दे दिया और आप बहुमत में आ गए। बहुमत में आ गए हैं तो कोई बहाना नहीं मिलेगा। अभी तक हमारी और इनकी मिली-जुली सरकार थी। हमें बहाना मिलता था कि हम क्या करें, हमारे अकेले दल की सरकार नहीं है। अब आपकी अकेले दल की सरकार है तो बहाना खत्म हो गया।

आप यहाँ कह रहे हैं, स्मार्ट शहर बनेंगे, बढ़िया हवाई अड्डे बनेंगे। आप यह भी बताइए कि उनमें कितने लोगों को रोजगार देंगे। क्या आपके पास इसके आंकड़े हैं? आपने प्रोजैक्ट बनाया होगा तो सब चीजें आपके सामने आई होंगी। इससे ही पता चल जाएगा कि आप कितने लोगों को नौकरी दे रहे हैं। आप शहर बनाएंगे लेकिन गांव क्यों नहीं बनाएंगे। मैं यह पूछना चाहता हूं।...(व्यवधान) हमारा हिन्दुस्तान गांवों में बसा हुआ है। जब तक गांव सम्पन्न नहीं होगा लोग खुशहाल नहीं होंगे, किसान सम्पन्न नहीं होंगे, तब तक हिन्दुस्तान कभी मजबूत नहीं हो सकता। यह कृषि प्रधान देश है। सबने स्वीकार किया है। आपने भी स्वीकार किया, इन्होंने किया और हमने भी किया। चौधरी चरण सिंह जी का जिंदगीभर यही भाषण रहा। वे किसान, गांव, गरीबी से अपनी बात शुरू करते थे और उसी से अंत करते थे। सारे किसानों ने उन्हें अपना नेता मान लिया और मानते रहेंगे। वे अभी तक निर्विवाद हैं। आपने क्या किया? आपने न किसान के लिए कुछ किया और न ही नौजवान के लिए कुछ किया है। रोजगार के लिए कोई समाधान नहीं निकाला कि कितने लोगों को रोजगार देंगे, कितने दिनों में देंगे।

मंत्री जी अपने जवाब में अस्थायी और स्थायी दोनों तरह की नौकरियों और उनकी संख्या के बारे में बताएं कि इतने लोगों को स्थायी नौकरी देंगे और इतने लोगों को अस्थायी नौकरी देंगे। मैंने पिछले भाषण में भी कहा था कि 6 करोड़ लोग हैं जिन्होंने रजिस्ट्रेशन करवाया है और 6 करोड़ से ज्यादा लोग रजिस्ट्रेशन करवाने वाले हैं। खेतीहर मजदूर और अन्य मजदूर जो असंगठित हैं, वे अलग हैं। हिन्दुस्तान में लगभग 18 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। इन 18 करोड़ लोगों को जिस दिन रोजगार मिल जाएगा उसी दिन हिन्दुस्तान मजबूत, सम्पन्न और खुशहाल हो जाएगा। आप इतना काम ही करके दिखा दीजिए। हम आपका साथ देंगे। आपके बजट में इस बारे में कुछ नहीं है कि कितने लोगों को रोजगार देंगे। क्या इस बजट से किसानों को कुछ लाभ है?

यहां माननीय हुक्म सिंह जी बैठे हैं। क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने साढ़े सोलह सौ करोड़ रुपये किसानों का कर्ज माफ नहीं किया? क्या सिंचाई मुफ्त नहीं की, क्या पढ़ाई मुफ्त नहीं की, क्या दवाई मुफ्त नहीं की? कैंसर, लिवर, किडनी, दिल आदि जितनी गंभीर बीमारियां हैं, हिन्दुस्तान में अगर उनका मुफ्त इलाज कहीं है तो वह उत्तर प्रदेश में है। अगर कहीं पढ़ाई मुफ्त है तो उत्तर प्रदेश में है। अगर कहीं दवाई मुफ्त है तो वह उत्तर प्रदेश में है। आप कोई काम तो करेंगे।...(व्यवधान) इसलिए आपको कहना चाहते हैं। ...(व्यवधान) क्या किसानों को नहीं कहा? ...(व्यवधान) क्या हम अपनी बात समाप्त कर दें? ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : हम बोल रहे हैं, आप इन्हें रोकिए। ...(व्यवधान) हम बहुत जल्दी अपनी बात समाप्त करने वाले हैं। हमें ज्यादा लंबा भाषण नहीं देना है। हमें सरकार से साफ-साफ बात करनी है कि वह क्या कर रही है, हम और देश की जनता सरकार के काम के बारे में जानना चाहती है, क्योंकि हमारे आरोप हैं। अभी आपको सरकार में आये हुए डेढ़-पौने दो महीने हो गये हैं, लेकिन आपने कुछ काम नहीं किया है। मैं मानता हूं कि आपने डेढ़-दो महीने कुछ नहीं किया। आपने कहा था कि हम महंगाई खत्म कर देंगे, लेकिन डेढ़ महीना हो गया है। ऐसा नहीं चलेगा। ...(व्यवधान) यह मैं आपको बता रहा हूं। इसलिए मैं आपको सावधान कर रहा हूं कि अब भी आपके पास काफी समय है। मंत्री जी जब आप जवाब दें, तो इन सब बातों का भी जवाब दीजिए। आप, कम से कम, लोगों को रोजगार दीजिए, महंगाई घटाइये। आपने बजट में भूमिहीन किसानों को कर्ज देने की बात कही और उसमें व्यवस्था भी 8 करोड़ रुपये की है। आप यह ध्यान रखिए कि जो भूमिहीन हैं, उन्हें यह सुविधा मिले, क्योंकि उन तक तो यह सुविधा पहुंच ही नहीं पाती। माननीय वित्त मंत्री जी आपने 8 करोड़ रुपया दिया है, तो जिनके लिए दिया है, उन्हीं के पास पहुंचे, वर्ना जिनके पास जमीन है, उनको भी पहुंच जायेगा। ऐसा होता रहा है। आप कम से कम गरीबों को जो रुपया दें, वह उन्हीं के पास पहुंचे। आपने कहा कि किसानों को स्किल सिखायेंगे, तो क्या आप हिन्दुस्तान को बर्बाद करना चाहते हैं? जब आप किसानों को स्किल सिखायेंगे, तो किसान खेती से हटेगा। इससे पैदावार घटेगी। जब पैदावार घटेगी, तो फिर कहां से खाने के लिए अनाज आयेगा? कम से कम किसान अपनी मेहनत से खाने लायक अनाज तो उत्पन्न कर लेता है। , हमारी सरकार ने कुछ सुविधाएं तो दी हैं। सिंचाई मुफ्त दी है आदि आदि। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुलायम सिंह जी, आपकी बात हो गयी। आप अपना मुद्दा पूरा कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : अभी हमने कुछ नहीं कहा। ...(व्यवधान) कानून व्यवस्था बिल्कुल गलत बात है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपस की बातचीत कार्यवाही में नहीं जायेंगी।

...(व्यवधान)*

श्री मुलायम सिंह यादव : सबसे ज्यादा कानून व्यवस्था मध्य प्रदेश में खराब है। ...(व्यवधान) सबसे ज्यादा रेप के केसेज मध्य प्रदेश में है। ...(व्यवधान) सबसे ज्यादा रेप के केसेज राजस्थान में हैं। ...(व्यवधान) क्या ये आंकड़े सही नहीं हैं? ...(व्यवधान) आप सब बैठ जाओ। ...(व्यवधान) यहां पर गृह मंत्री जी बैठे हुए हैं, वे बता दें। ...(व्यवधान) गृह मंत्री जी बता दें कि सबसे ज्यादा रेप के केसेज मध्यप्रदेश में हैं। सबसे ज्यादा रेप के केसेज राजस्थान में हैं। ...(व्यवधान) हिन्दुस्तान में सबसे कम रेप के केसेज हैं, तो वह उत्तर प्रदेश के हैं। वहां केवल 2 फीसदी ही रेप के केसेज हैं। ...(व्यवधान) मध्य प्रदेश में 10 फीसदी रेप के केसेज हैं। ...(व्यवधान) ये मेरे आंकड़े नहीं हैं, आपके गृह मंत्री जी के आंकड़े हैं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : राकेश सिंह जी, आपकी बात आ गयी है।

â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : आप पढ़कर देखिये। मैं आपके गृह मंत्री जी के आंकड़े दे रहा हूं, अपने नहीं दे रहा हूं। ये आंकड़े मेरे नहीं हैं। उत्तर प्रदेश में 2 फीसदी रेप के केसेज हैं, जबकि मध्य प्रदेश में 9.8 फीसदी रेप के केसेजे हैं। ...(व्यवधान) यही हाल राजस्थान की है। ...(व्यवधान) दिल्ली की हालत के बारे में आप पता लगा लीजिए। ...(व्यवधान) सबसे कम रेप के केसेज हिन्दुस्तान में कहीं हैं, तो वह उत्तर प्रदेश में है। उत्तर प्रदेश में 21 करोड़ की जनसंख्या है। जनसंख्या के आधार पर वहां रेप के केसेज बहुत कम हैं। ...(व्यवधान) इसलिए आप असत्य बोलकर जीत नहीं सकते। ...(व्यवधान) किसानों के लिए ऋण दिया जा रहा है। बड़ा हिस्सा खेती वालों के पास पहुंच जायेगा, इस बारे में मैंने आपको सावधान कर दिया है। ...(व्यवधान) आपने कृषि की बहुत उपेक्षा की है। ...(व्यवधान) क्या हम बोलना बंद कर दें? ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात पूरी हो गयी है।

â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : आप मुझे पांच मिनट और बोलने दीजिए। ...(व्यवधान) सबसे ज्यादा किसानों की उपेक्षा की गयी है। मुझे आश्चर्य है। यहां वित्त मंत्री जी बैठे हैं। वित्त मंत्री, क्या आप किसानों की उपेक्षा बर्दाश्त करेंगे? आप वहां के रहने वाले हैं जहां किसान सबसे ज्यादा जागरूक है और आज मेरा भाषण सुनकर और जागरूक हो जायेगा। इस बजट में किसानों की पूरी तरह से उपेक्षा की गयी है। किसानों को कुछ भी नहीं दिया गया है। ...(व्यवधान) अगर दिया गया है तो बता दें। ...(व्यवधान) हमने किसानों को बहुत साधन, सुविधा दिया है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुलायम सिंह जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि एफडीआई से सीमा को खतरा है। ...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि आज ही चीन ने हमारी सीमा में प्रवेश किया है। रोजाना चीन हमारी सीमा में प्रवेश कर रहा है। इससे ज्यादा और क्या हो सकता है? हमारी तीन सेनाएं हैं। तीनों सेनाओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देनी चाहिए, लेकिन मुझे जानकारी है कि तीनों सेनाओं को पूरी सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। वे देश की रक्षा कैसे कर सकेंगी? मेरा आरोप है। यहां पर जनरल साहब बैठे हैं। वे मिनिस्टर भी बन गये हैं। जनरल साहब ही खड़े होकर कह दें कि जब वे जनरल थे तब क्या उन्हें पूरी सुविधाएं प्राप्त थीं।

13.00 hrs.

सेना के तीनों अंग हैं, एयर फोर्स भी है, आर्मी भी है और नेवी भी है, तीनों सेनाओं में अभी कमियाँ हैं। जितनी सुविधाएं उनको होनी चाहिए, वह नहीं है। इससे ज्यादा खतरनाक और क्या हो सकता है। यह सरकार तो खतरे पैदा कर रही है। सीमा को खतरे में डाल रही है। गरीबी बढ़ रही है। इसलिए आपसे कहना चाहता हूं कि जहाँ सवाल यह है कि वित्त मंत्री जी ने नये करों का संकेत नहीं दिया। नहीं दिया, तो यह नई परंपरा है कि संसद को दरकिनार कर दीजिए और जब सदन बंद हो जाएगा, तब टैक्स बढ़ा दीजिए। और सदन न चले, तो टैक्स फिर बढ़ा दीजिए। यह तो बड़ी चालाकी हो रही है। देश के साथ चालाकी हो रही है। आप संसद की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगी। इन्होंने लगातार ऐसा ही किया। संसद चलने के पहले कर बढ़ा दिया और बाद में और बढ़ा देंगे और सदन की उपेक्षा करेंगे। सदन की उपेक्षा करके ये बाद में टैक्स बढ़ाते हैं। ये चालाकियां क्या हम नहीं जानते? जनता जानती है। इन चालाकियों से देश नहीं चलता है। हम मानते हैं, आपकी इच्छाशक्ति मैंने देखा, वह मजबूत लगी। आपने भाषण भी दिया और बजट में भी कुछ जिक्र किया है। इच्छाशक्ति तो मजबूत है, लेकिन आर्थिक विकास की गाड़ी को सभी राज्यों के दलों को और हम लोगों को बैठाकर, यदि यह काम करते, तो अच्छा हो सकता है। इतना तो हम सब लोग सहयोग दे सकते हैं। सभी दलों के लोगों को बुलाइए, देश की स्थिति गंभीर है, हम अपने देश को दुनिया के सामने कैसे आगे बढ़ाएं? तो इसमें हम सब लोग सहयोग करेंगे। आप सभी दलों के लोगों को बुलाइए। दूसरों से भी बात कीजिए, किसानों से भी बात कीजिए, अन्य संगठनों से भी बात कीजिए। आप गंगा की सफाई की जो बात करते हैं, अध्यक्ष महोदय, इस बात को जानना चाहिए, कुछ लोग जानते हैं, इन नदियों को साफ करने के लिए वर्ष 1957 में डॉ. राम मनोहर लोहिया ने एलान किया था कि नदियों को साफ करो। इसका आंदोलन चला था। हम छात्र थे, छोटे क्लास में थे, लेकिन हम नारा लगाते थे - रोटी कपड़ा सस्ती हो, दवा-पढ़ाई मुफ़्त हो। हमने ऐसा करके दिखा दिया।...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश में दवाई मुफ़्त है, पढ़ाई मुफ़्त है और किसानों के 1650 करोड़ रुपये माफ कर दिया है ...(व्यवधान) और सिंचाई मुफ़्त कर दिया है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब समाप्त कीजिए मुलायम सिंह जी।

श्री मुलायम सिंह यादव : यह एलान कर दिया है कि किसी भी किसान की जमीन नीलाम नहीं होगी। यह केवल उत्तर प्रदेश के अंदर है।

माननीय अध्यक्ष : अब समाप्त कीजिए मुलायम सिंह जी।

श्री मुलायम सिंह यादव : दो मिनट दीजिए, अध्यक्ष महोदया । मुझे तो ज्यादा समय देना चाहिए। तो मैं कहना चाहता हूं कि यह बात गलत है। स्मार्ट सिटी बनाने के लिए सात हजार करोड़ रु. से ज्यादा धन की व्यवस्था पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की है। ये जो आप कर रहे हैं, इसमें जो आप सात हजार करोड़ रु. खर्च कर रहे हैं, देश के पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। यह मेरा आरोप है। इस पर अलग से बहस करा दीजिए। बहस में हम साबित कर देंगे कि आप देश के बड़े उद्योगपतियों को, पूंजीपतियों को सात हजार करोड़ रु. दे रहे हैं। यह रुपया गरीबों के लिए नहीं जा रहा है। जहाँ तक नदियों के सफाई की बात है, तो वर्ष 1957 में सबसे पहले सोशलिस्ट पार्टी ने इसके लिए आंदोलन चलाया। लोहिया जी ने वर्ष 1957 में एलान किया, यह आप पढ़ लेना। उन्होंने कहा था, नदियाँ साफ करो। यदि नदियों को साफ करना है, तो गंगा के किनारे जितने भी शहर हैं, उन लोगों से बात कीजिए, स्थानीय निकायों से बात कीजिए, हम लोगों से बात कीजिए। सब लोग मिलकर इस काम को करेंगे, तब तो आप कामयाब हो सकते हैं। वरना कामयाब नहीं हो पाएंगे। जो नदियों के किनारे बसे शहरों में बसे हैं, आप उनसे बात कीजिए, स्थानीय निकायों से बात की जाए, वहाँ की नगर पालिकाओं के लोग हैं, महानगर के लोग हैं, इलेक्टेड लोग हैं, उनसे बात की जाए, यदि सब मिलकर नदियों की सफाई का काम करें तो यह काम तो अच्छा है। मैं यह कह सकता हूं कि आपने अच्छा एलान किया है। लेकिन कैसे करेंगे, इसका कहीं जिक्र नहीं है। आप केवल भाषण नहीं कर सकते हैं। आप हमारा,सबका सहयोग लीजिए। नदियां साफ करने के लिए सब लोग सहयोग करेंगे, पानी सबको पीना है, गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। लोक सभा चलने से पहले टैक्स बढ़ा दो, फिर खत्म हो जाए, तो फिर टैक्स बढ़ा दो। अगर आप संसद की ऐसी उपेक्षा करें, तो बहुत दिनों तक हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। जितनी हमारी पार्टी की शक्ति है, सड़कों पर कहेंगे कि यह क्या कर रहे हैं। मैं आपसे भी कहूंगा कि कम से कम अब आप लोग संघर्ष कीजिए। आपने बहुत लम्बे समय तक मौज ली है, अब थोड़ा समय मिला है।...(व्यवधान) आपकी लगातार सरकार रही है, लेकिन अब आपको सड़कों पर आना चाहिए, केवल भाषण से काम नहीं चलेगा।...(व्यवधान) हम लोग भाषण देने वाले नहीं है, हम सड़कों पर आने वाले लोग हैं। यह बजट अच्छे दिन लाने वाला नहीं है, यह बजट बुरे दिन लाने वाला है। मुझे काफी कुछ कहना है, लेकिन आप कह रही हैं, तो मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

***श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण(दिंडोरी):** मोदी सरकार के पहले आम बजट में देश की तस्वीर और तकदीर बदलने की पूरी तैयारी की है। देश की आर्थिक सूरत बेहतर बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बुनियादी क्षेत्र की नींव मजबूत करने की पूरी कोशिश की गयी है। साथ ही आम जनजीवन को बेहतर और आधुनिक सुख-सुविधाओं से पूरा करने का खाका पेश किया है। बजट में बुनियादी ढांचा

विनिर्माण से लेकर कृषि क्षेत्र तक विकास पर जोर दिया गया है। यह बजट "अच्छे दिन" लाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। आम बजट में शहीदों का सम्मान और पूर्व सैनिकों की चिंता, बाहरी और आतंरिक सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है।

आम बजट में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता मिलने से किसानों व ग्रामीण क्षेत्र का विकास होगा। बजट में इस बार कृषि अनुसंधान केंद्र व बागवानी यूनिवर्सिटी के लिए जो प्रावधान किया है वह कृषि क्षेत्र में परिवर्तन की दिशा में निर्णायक कदम होगा। मेरे क्षेत्र में भारत में सबसे ज्यादा अंगूर, अनार, प्याज और सब्जियों का उत्पादन होता है। इसलिए मेरे क्षेत्र दिंडोरी में कृषि अनुसंधान केंद्र और बागवानी यूनिवर्सिटी के अंतर्गत महाविद्यालय की जरूरत है। मेरा क्षेत्र दिंडोरी अंगूर, अनार, प्याज और सब्जी का भारत का सबसे बड़ा उत्पादक है। मेरे क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज और फूड प्रोसेसिंग के लिए इस बजट में प्रावधान किया जाए।

बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण योजनाओं के लिए 12 नए मेडिकल, कालेजों की स्थापना करने का एलान किया है। मेरा क्षेत्र दिंडोरी आदिवासी बहुल होने के कारण यहां पर आदिवासी मेडिकल कॉलेज की सख्त जरूरत है। उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए आदिवासी अभियांत्रिकी कालेज की जरूरत है। इन दोनों आदिवासी महाविद्यालयों के कारण महाराष्ट्र के आदिवासी विद्यार्थियों की प्रगति होगी।

शिक्षा की नयी दिशा में कदम उठाते हुए महाराष्ट्र में, मेरे क्षेत्र दिंडोरी में आईआइएम (इंडियन इस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट) की स्थापना हो और दिंडोरी आदिवासी क्षेत्र में नया इतिहास रचे। सुनिश्चित सिंचाई हेतु "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना " और नदी को जोड़ने की परियोजना के अंतर्गत मेरे क्षेत्र की पश्चिम वाहिनियां, आर-पार नदियों पर डैम बनाने से पूरे उत्तर महाराष्ट्र की सिंचाई और पीने के पानी की समस्या का हल होगा। इसलिए आर-पार योजना के लिए त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए।

मेरे जिले नासिक में आने वाले सिंहस्थ कुम्भ मेले में 3 लाख साधू और लगभग 1 करोड़ यात्री आने वाले हैं। इसके लिए 2378 करोड़ रूपयों की मांग OneTime Allocation of Central Assistance (OTACA) अंतर्गत की गयी है। इसलिए बजट में इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए और करोड़ों यात्री आने की वजह से गोदावरी नदी प्रदूषित होने की संभावना है। गंगा संरक्षण मिशन की तरह गोदावरी नदी की सफाई के लिए प्राधिकरण की स्थापना करने की जरूरत है।

संस्कृति और पर्यटन के लिए इस बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। मेरे नासिक जिले में नासिक की भूमि जो प्रभु रामचंद्र के चरणें से पावन हुई है और 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, त्र्यंबकेश्वर, एक ज्योतिर्लिंग है। वणी, तहसिल दिंडोरी में सप्तशृंगीदेवी का गढ़ है। इन सबको राष्ट्रीय तीर्थ यात्रा तथा आध्यात्मिक आवर्धन अभियान में जोड़ने की जरूरत है तथा पर्यटन सर्किट में भी समावेश करने की जरूरत है।

वाराणसी की तरह मेरे क्षेत्र दिंडोरी में येवला तहसील में पैठनी साड़ी का हथकरघा उत्पादन होता है। पैठनी साड़ी का उद्योग और उसके कारीगर आर्थिक समस्याओं से ग्रस्त हैं। उनके लिए केंद्र से बड़ी उम्मीद है। "सबका साथ, सबका विकास" की सोच पर चलने वाली हमारी सरकार, देश में बड़ा परिवर्तन लाएगी।

इसी के साथ मैं आम बजट का समर्थन करता हूं।

*__SHRI P. KUMAR (TIRUCHIRAPPALLI)__: The Union Budget 2014-15 reflects the seriousness with which the new Government of India has set about the task of addressing the challenge of revival of growth and improving the macro-economic situation of the country. It is a very responsible document which has placed fiscal prudence at the fore-front and at the same time addresses the heightened expectations from the new Government. It is a forward looking exercise in positivity. The Budget has commenced in right earnest the process of tackling the problems and issues head on. Many of the announcements made in the President's Address have also been given concrete shape in the Budget.

A clear fiscal road map to contain the fiscal deficit has been provided. The setting up of the Expenditure Management Commission is a welcome development and I do hope that the Commission will address the issue of expenditure management in the appropriate socio-economic context of the country and keeping the welfare objectives in view. I expect there will be opportunities to voice our concerns regarding ensuring the food and fuel security of the poor and weaker sections before the Commission. I welcome the assurance of the Finance Minister that he will be "more than fair" to the States in addressing their concerns regarding the implementation of GST, relating to both fiscal autonomy and compensation of revenue loss issues. An accommodative and constructive approach from the Central Government could pave the way for enacting the necessary legislation on GST.

The proposals relating to permitting FDI need to be approached with caution. In particular, the proposal to permit manufacturing entities set up with FDI to sell their products through retail, including e-commerce platforms, should not extend to permitting FDI in retail.

We welcome the programme to establish 100 Smart Cities. While thanking the Government of India for including the development of Ponneri as a Smart City, Tamil Nadu, with the highest urbanization rate amongst large States, should naturally be the location for a larger number of the planned Smart Cities. We look forward to the details of the programme and expect to avail our due share of the Rs. 7060 crores provision in the Budget for smart cities and the pooled funding provision of Rs. 50,000 crores for urban renewal.

The National Industrial Corridors mentioned in the Budget speech including the Chennai-Bengaluru Industrial Corridor and the Vizag-Chennai Industrial Corridor, while linking Chennai and thereby helping neighbouring States to take advantage of its natural strengths, do not benefit many backward regions and districts within Tamil Nadu. Hence, I request that the Government of India must consider the further extension of these corridors within Tamil Nadu as well. The Madurai-Thoothukudi Industrial Corridor proposed to be implemented by Tamil Nadu can be considered as part of the East Coast Corridor by extending the Vizag-Chennai corridor further south.

I welcome the enhancement of allocation for the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana. I hope eligibility norms will also be appropriately modified as I had already requested to ensure that a State like Tamil Nadu which has already invested in rural connectivity is not deprived of its allocations to improve rural infrastructure. Given the constraints, the Finance Minister has provided modest taxation relief on personal income tax by raising the exemption limit to Rs. 2,50,000 which will benefit the working class. The increase in Section 80 C limit to Rs. 1,50,000 is a welcome measure to enhance financial savings.

In view of urban population, Trichirapalli with the population of 8.69 lakhs and with floating population of 2 lakhs, comes in fourth big city in Tamil Nadu and 52nd largest urban augmentation in the country. Further in the year 2010-2011, next to Chennai from Trichy nearly 20 lakh people performed Air journey to Sri Lanka, 17 lakh people to Malaysia, 87322 people to Singapore, 17,948 people to UAE for various purposes. International passenger traffic of cities in the country, Trichy customs airport comes is in 11th position where as at all India level Coimbatore comes in 17th position.

Even though this city is developing at all level, still it is not included in Jawaharlal Nehru Urban Renewal Mission. Therefore I request the government to take necessary steps for making this city to bring under first category of JNNURM and announce infrastructural schemes for this city.

Since my constituency is having tropical climate and high temperature and the potential capacity of solar generative power is 5000 mega watt. So setting up of solar projects will earn effective results which in turn give a lead in solar power generation. It has vast area for setting up of solar panels and therefore, I urge the government to come forward to allocate adequate funds for solar power generation here.

Srirangam in Parliamentary constituency, Trichirapalli is one of the major pilgrim center. Pilgrims from all over the country are visiting the famous "Ranganathan Temple" all over the year. It is the Assembly constituency of our Hon'ble beloved Chief Minister of Tamil Nadu Dr. Puratchi Thalaivi. I request the Government to take steps for inclusion of the city under 100 smart cities scheme.

*__SHRI B. SENGUTTUVAN (VELLORE)__ : I lay this speech on the Table of this august House for paucity of Debate-Time. Lest we forget, ours is a sovereign socialist secular democratic republic promising to secure to all its citizens, justice-social, economic and political; liberty of thought, expression, belief, faith and worship; and equality of status and opportunity. We cannot afford to veer from this path.

Our Party Leader, Dr. Puratchi Thalaivi AMMA, a great thinker par excellence and a great administrator endowed in abundance with perspicuity and acumen, has already hailed this Budget as progressive; and that, in itself is a great compliment, to the Finance Minister. However, our Party Leader, has pointed out certain desiderata. I respectfully offer these suggestions for the consideration of the Finance Minister which may be treated as additional demands.

The Life Insurance Corporation of India is one of the fewest and greatest success stories of modern India. To allow FDI in Life Insurance sector would unnecessarily hamper its growth and take away the sheen from the glowing saga. On the other hand, FDI in the defence sector is a welcome step in the right direction. All our major defence procurements have so far been from foreign countries that have only left an aftertaste of bitter accusation of corruption. Hence, the FDI in setting up new ordinance factories cannot bring any harm to the country. It could, on the other hand, be even a foreign exchange saver, if not, an earner.

The fund allocation for moderniazation of police force is too little to be of any practical use. Time and time again the Supreme Court has urged [in the Prakash Singh case, etc.] that police have to conduct scientific investigation in crime detection for which purpose the criminal investigation department should be manned by specialists who need special training. Modernization of police force includes also humanization of the police.

The root cause of Naxalism is that the cry of want from the people went unheeded for long. Normal people have turned to the life of an outlaw because the state neglected to provide the basic necessaries to lead a decent life. Without addressing and fulfilling the basic wants of the people in these areas, sending Special Forces to fight Naxals would not serve the purpose. I suggest that in Tamil Nadu, the people living in Naxal-affected areas be provided with all essentials free of cost. The cost of the freebies would be much less than the cost of sending CRPF personnel. By providing the people with the basic necessaries, we make them realize that the arms are irrelevant. This would cure the States of Naxalism forever.

The expectations of the honest people of this Country that the Government would retrieve the black money hoarded in the Swiss Banks stand belied by the fact that the Government has come with empty hands. Sincere efforts in this direction are necessary.

The roads of Vellore City are choking with traffic. The rate of traffic accidents in these roads are very high. There is a dire need to speed up all pending infrastructural projects in Vellore.

There is a great scope for improving educational, spiritual and medical tourism in Vellore Constituency; and there is a need to invest in this sector.

Vellore is an educational hub. With a plentitude of higher educational institutions flourishing here, an IT Park with Central assistance or by FDI may be founded here.

The stretch of NH 46 running through Vallalar and Sathuvachari is most accident-prone. Hundreds of people lose their lives and sustain serious injuries year in and year out. This stretch should provide adequate underpasses, particularly at the Vallalar and Sathuvachari junctions. If not, the entire stretch may be converted into an elevated toll-way.

Gudiyattam Town is so particularly situated that it is off the National Highway 46 by atleast 10 kms. The roads are congested and there is a requirement for a by-pass road having connectivity with the Highways.

Gudiyattam Town is noted for Handloom Lungis and Handmade matches which are actually foreign-exchange earners. To encourage these occupations, there is a need to organize Export Exhibitions periodically inviting the foreign buyers from Sri Lanka, Malaysia and South East Asian Countries.

Ambur, Vaniyambadi and Pernambut towns have a large concentration of tanneries. These tanneries tan leather and make them into fine consumer products which earn for us the much needed foreign exchange. However, of late, the ecological and environmental issues raised on account of the polluting tannery units have vastly reduced productivity and labour employment. In this context, the Centre should provide the tanners with the innovative technical knowhow to eliminate environmental pollution. It is also considered necessary that a college of international standards

should be established to impart training in leather technology in one of these towns.

Under the Rural Drinking water Scheme, the villages worst affected by water pollution along the Palar Basin may by provided with drinking water facility.

Under the Central Scheme of Interlinking of Rivers, Palar-Pennai Rivers and Palar-Nethravathi river projects may be taken up so to rejuvenate Palar river.

I will be greatly obliged if the Union Finance Minister could fulfill these Demands in his Budget for the years 2014-15.

*__SHRI V. ELUMALAI (ARANI)__: I wholeheartedly thank the Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu and Leader of the AIADMK AMMA for the great privilege she has showered on me to put my views in the General Discussion on the first budget of the 16th Lok Sabha. I also thank the people of my Arani Constituency for the confidence they have reposed on the Party Leader and the Party through which I could stand and speak in this temple of democracy.

My great mentor and Leader AMMA has said that this Budget is a very responsible document with fiscal prudence at the heart of it and is 'forward-looking which will lead to economic revival.

Several proposals including the setting up of an Expenditure Management Commission, more importance to women and children have to be welcomed.

The proposal to permit manufacturing entities set up with FDI to sell their products through retail, including e-commerce platforms, should not extend to permitting FDI in retail.

My Leader Amma's suggestions for modifying the MGNREG Scheme to make works more productive by focusing on creation of assets and linking them to agricultural operations have been accepted and I thank the Hon'ble Finance Minister for the same.

The plan to set up a textile mega cluster in the State is a welcome measure. Along with that I request the Hon'ble Finance Minister to set up a Silk Park in the Arani town in my constituency which is long pending.

As Arani is popularly called as the city of silk sarees, next to Kanchipuram, it has more than 60,000 population, out of which 35,000 people are into the wearing profession.

The very first National Flag of our country hoisted in Red Fort on Independence Day was Silk Flag which was weaved in "ARANI". This historical contribution by my Arani Silk Weavers to our motherland needs the lime light on us. We are stepping into our 67th year of Independence. Hence, I request the Hon'ble Minister of State of Commerce and Industry to take up this on urgent basis.

Our Puratchi Thalailvi Amma has implemented lot of social welfare schemes to our Tamil Nadu i.e. free rice, and 4 gram gold to poor couples. Please allot the funds.

I also request that the budgetary plan for river links be expeditiously executed as it will resolve many of the inter-state water disputes. I am born to agricultural parents and I know the sufferings of the farmers. Our country is facing a peculiar situation. On the one hand lakhs of agriculturists suffer for want of water for their agricultural land due to drought and on the other hand, several lakhs of agriculturists suffer due to floods. Linking rivers expeditiously will definitely alter the situation and help all the agriculturists in the country to produce throughout the year.

Kerosene is a poor men's fuel for cooking. As stated by the Chief Minister, AMMA, on 11th July, in continuation to her last meeting with the Prime Minister the State has received an 'unfair and cruel reductions in allocation of kerosene. While Tamil Nadu's requirement as per entitlement of ration card holders in the state is 65,140 Kl the present monthly allocation of kerosene for the state stand at 29,056 Kl, which only covers 45 percent of its requirement. This unfair and cruel reductions to the extent of more than 55 per cent against the actual requirement is severely penalizing the poor and deprived people, particularly in rural areas. The 'Capricious cuts' imposed by the previous government and its continuance would also have an environmental impact since the poor have to rely on firewood. I also request the Prime Minister's urgent and decisive intervention to undo the injustice done to the State and to allot the State's due share of monthly requirement of over 65,000 Kl.

Last but not the least Gingee Town and the surrounding areas were ruled by one King from North-Desing Raja and built a Fort and palaces on the top of the mountain. He ruled the entire place for a certain period. This place is a symbol of secularism. This place now maintained by the Archeological Department is on the National Highway between Puducherry to Krishnagiri.

On the said National Highway, there are two mountains and on which two palaces have been built called-Rani palace and Raja Palace. He had one Lieutenant called Mohammed Khan. He had immense faith in him and the Mohammed Khan was his Commander. When the invasion of Arcot Nawab took place, Mohammed Khan gave his life for his friend Desing Raja in the battle. This place is a symbol for secularism where Hindus, Muslims, Jains and other communities are living peacefully.

To declare this place as a tourism center, a request has been made several times and if it is developed as a tourism center, it will be like another Mahabalipuram. Therefore, I request the Hon'ble Minister for Tourism, to visit the place and after the visit definitely Gingee Town will be declared as a tourist center which could attract more tourists.

With these few word, I conclude my speech.

*__श्रीमती रक्षाताई खाडसे(रावेर) :__ माननीय वित्त मंत्री को महिलाओं व अन्य समाज के घटकों को ध्यान में रखते हुए पेश गए हुए सर्व समावेशी बजट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय प्रधानमंत्री जी, श्री नरेन्द्रभाई मोदी और उनके जनादेश "सबका साथ सबका विकास" के नेतृत्व में सरकार के पहले बजट में घोषित उपाय आने वाले 3-4 वर्ष में 7.8 प्रतिशत स्थिर विकास दर को सामने रखते हुए और उन्हें हासिल तथा पाने के लिए कठोर प्रशासनिक उपाय किए जाने की जरूरत है। माननीय वित्त मंत्री ने सूचित किया है कि स्थिर और पुनर्निधारण कर व्यवस्था निवेशक अनुकूल और तीव्र विकासकारी हो।

इस देश की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे रह रही है। उनके पूर्ण संरक्षण के लिए सब्सिडी की व्यवस्था को ज्यादा लक्षित। युवाओं को रोजगार के माध्यम उपलब्ध कराने के कदम में रोजगार कार्यालयों को कैरियर केंद्रों के रूप में कार्यान्वित किया जाना। किसानों के लिए नई यूरिया की नीति को बढ़ावा देना। आयकर के संबंध में निपटान आयोग का विस्तारीकरण जिससे आयकर मामले को जल्दी निपटाने का प्रावधान को गति देना। बैंकों को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए बैंक पूंजीकरण में जनता की शेयरधारिता को बढ़ावा देना। 100 स्मार्ट शहरों के विकास की परियोजना। किसानों के लिए सिंचाई का सुनिश्चितकरण करने हेतु प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए भारी मात्रा में राशि का प्रावधान करना जैसे उपाय सराहनीय है।

ग्रामीण क्षेत्रों में शहरीकरण नगर विषयक अवसंरचना और संबद्ध सेवाएं मुहैया कराने हेतु श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूअर्बन मिशन का आयोजन करके ग्रामीण इलाकों के लिए आर्थिक गतिविधियों का विकास और कौशल विकास भी बजट में शामिल है।

ग्रामीण क्षेत्रों में उप संप्रेषण तथा वितरण प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के लिए शुरूआत की जाएगी जिससे 24x7 बाधारहित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु फीडर पृथक्करण के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के लिए बड़ी मात्रा में प्रयोजन बजट में शामिल है। 60 वर्षों और उसके ऊपर की आयु वाले नागरिकों के लिए एक साल के लिए वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव उत्साह बढ़ाने वाला है।

सरकारी ईपी स्कीम में सभी सदस्यों के लिए 1000 रू. प्रतिमाह की न्यूनतम पेंशन व यूनिफार्म अकाउन्ट नंबर जैसी सुविधा देना तथा महिला सुरक्षा के लिए सेफ्टी ऑफ वुमन ऑन पब्लिक रोड ट्रांसपोर्ट की प्रायोगिक परीक्षण योजना और महिला बाल विकास के लिए सभी जिलों के सरकारी और निजी अस्पतालों में क्राइसेस मैनेजमेंट सेन्टरों की स्थापना करना प्रस्तावित है। बालिका के प्रति उदासीनता से बाहर आने के लिए बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ योजना का प्रस्ताव और उसके लिए बड़ी मात्रा में राशि का प्रावधान करने की योजना सराहनीय है।

महिलाओं को मुख्य धारा में लाने हेतु भावनात्मक बनाने वाले अभियानों पर ध्यान केन्द्रित करना तथा विद्यालय पाठ्यक्रम में महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के लिए पृथक अध्याय का प्रावधान तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अच्छी मात्रा में एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत प्रावधान प्रस्तावित हैं।

सबके लिए स्वास्थ्य हेतु नःशुल्क औषधि तथा नःशुल्क निदान सेवा प्राथमिकता के आधार पर शुरू करना एवं टी.बी. मरीजों के इलाज तथा शिविर गुणवत्तापूर्ण निदान के लिए एम्स में दो केंद्रों को स्थापित करना। चार और राज्यों मे नए एम्स जैसी संस्था स्थापित करना और 12 सरकारी चिकित्सा कालेजों को बढ़ाना। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत बड़ी धनराशि का प्रावधान करके प्रथम चरण में बालिका विद्यालयों में शौचालय तथा पेयजल प्रदान करने का प्रयास, नए प्रशिक्षण संबंधी उपकरण प्रदान करने तथा अध्ययनों और अध्यापकों को अभिप्रेरित करने के लिए पं. मदन मोहन मालवीय नव अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करके प्रारंभिक राशि आवंटित करना। उच्च शिक्षा के लिए 5 नए आईआईटी और 5 नए आईआईएम स्थापित करना इत्यादि सराहनीय कदम हैं।

जमीन/मृदा स्वास्थ्य का बिगड़ना कृषि में चिन्ताजनक विषय है। सरकार ने प्रत्येक किसान का मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं 100 मोबाइल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय करके किसानों को भारी मात्रा में राहत प्रदान की हैं। जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन निधि के माध्यम से इस चुनौती का सामना करने को भी शामिल किया गया है।

भूमिहीन किसान गारंटी के रूप में भूस्वामित्व प्रदान करने में अक्षम है। इस चालू वित्त वर्ष में संयुक्त कृषि समूहों को भूमिहीन किसान योजना के तहत 5 लाख की राशि देने की योजना। किसानों की कृषि उपज के लिए मुख्यतः स्थिरीकरण हेतु निधि स्थापित करना। राज्य सरकार को शहरी क्षेत्रों में किसानों के लिए बाजार विकसित करने हेतु प्रोत्साहित करना तथा किसानों को अपनी उपज सीधे बेचने के लिए सक्षम बनाना इत्यादि को भी इस बजट में शामिल किया गया है।

ऐसे सभी क्षेत्रों में लाभकारी योजनाओं का प्रावधान करके माननीय वित्त मंत्री जी ने सभी वर्गों के लिए राहत योजना को इस बजट में प्रस्तुत किया हैं, मैं उन्हें उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं।

अंत में मैं निवेदन करना चाहती हूं कि मेरे रावेर संसदीय क्षेत्र में निम्नलिखित मांगों को जनहित में बजट में शामिल करने की कृपा करें : स्मार्ट सिटी के तहत भुसावल तथा मुक्ताईनगर मध्यम आकार के शहरों का समावेश किया जाए। वहनीय स्वास्थ्य संबंधी देखभाल सुधार में तथा स्वास्थ्य की देखभाल सुविधाओं के लिए मेरे संसदीय ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जाएं। पूरे देश में केला की आपूर्ति मेरे संसदीय क्षेत्र रावेर से बड़ी मात्रा में होता है। इसको और बढ़ावा देने के प्रयास में मोबाइल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का होना जरूरी है। इसलिए हमारे संसदीय क्षेत्र रावेर में मोबाइल मृदा प्रयोगशाला का प्रावधान किया जाए।

*__श्री ए. टी. नाना पाटील (जलगाँव) :__ हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय अरूण जेटली जी ने देश को दिशा दिखाने वाला बजट पेश किया है। हमारी सरकार ने केवल 50 दिन में इस तरह का बजट पेश करके भारत देश के आम आदमी को एक नई उम्मीद दी है। इस बजट में देश के और आम आदमी के उन सभी विषयों को ध्यान में रखा है जिससे आम आदमी का वास्ता पड़ता है। देश की दशा और दिशा के निर्धारण के संबंध में स्पष्ट नीतिगत संकेतकों को दर्शाने वाला बजट सरकार ने अपने पहले बजट में दिखाया है । माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और उनके जनदेश "सबका साथ सबका विकास" के नेतृत्व में सरकार की विकासपरक कार्यनीतियों द्वारा जनता को उसका लाभ मिलने वाला है। इस बजट से अगले 2-3 वर्षों में देश के विकास 7 से 8 प्रतिशत की दिशा मे ले जाने का शुरूआत है। हमारी सरकार कई महत्वपूर्ण नीतियों पर काम करेंगी जैसे की नई यूरिया नीति तैयार करने के बारे में हो या जीएसटी को लागू

यह ऑल इंडिया बजट है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को कितना इसमे से जाएगा, इसका उल्लेख नहीं है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के बाद बिहार में गया, वहां क्या जाएगा, बंगाल में गया है, वहां क्या जाएगा, बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटीज हैं क्योंकि प्राइम मिनिस्टर साहब को मुसलमानों की एजुकेशन से बहुत दिलचस्पी है और वे मुसलमानों को पढ़ा-लिखा देखना चाहते हैं। मैंने अपने आसाम के लिए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की ब्रांच की डिमांड की। मुझे उम्मीद है कि इस बारे में भी ख्याल रखा जाएगा और बजट में इसके लिए एलोकेशन रखा जाएगा। ब्रह्मपुत्र नदी को कंट्रोल करने के लिए फाइनेंस के अंदर इसका ख्याल रखा जाएगा।

15.00 hrs.

मैं वित्त मंत्री जी का ध्यान मदरसा एजुकेशन की तरफ दिलाना चाहता हूं। सरकार मदरसा एजुकेशन की तरफ ध्यान देना चाहती है, मॉडर्नाइज करना चाहती है लेकिन बजट 100 करोड़ रुपया रखा है। आज हिन्दुस्तान के मदरसों में इसे बांटा जाए तो मैं समझता हूं कि एक मदरसे को पांच लाख रुपया ही मिलेगा। कैसे मदरसों का मॉडर्नाइजेशन संभव होगा? मदरसा में तीन तरह की एजुकेशन है - गवर्नमेंट फंडिंग, नॉन फंडिंग और दरमियाना जो दोनों तरफ से लेते हैं। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के हिसाब से 96 प्रतिशत मुसलमान बच्चे स्कूलों में नहीं जा रहे हैं या ड्रापआउट हो रहे हैं। इस तरह से चार प्रतिशत मदरसों में जा रहे हैं। आपने मदरसों की फिक्र की मैं इसकी तारीफ करता हूं, वैलकम करता हूं लेकिन फिक्र करने की जरूरत उन 96 प्रतिशत बच्चों की जो स्कूलों में जा ही नहीं रहे हैं या जा रहे हैं तो मैट्रिक से आगे नहीं जा रहे हैं। तीन या चार परसेंट हायर एजुकेशन में जा रहे हैं। जब तक आप इतनी बड़ी कम्युनिटी को साथ लेकर नहीं चलेंगे तब तक मुल्क तरक्की नहीं कर सकता है। आप 96 प्रतिशत बच्चों की फिक्र जरूर करें।

महोदय, आपने स्मार्ट सिटीज की बात कही, आपको इस बात के लिए बहुत मुबारकबाद। स्मार्ट सिटीज होनी चाहिए और देश की तरक्की इसी से होगी। मैं गोहाटी के लिए डिमांड करूंगा कि इसे स्मार्ट सिटीज में शामिल किया जाए। मेरा क्षेत्र धुबरी, गोरपेटा, करीमगंज है। यहां एमपी साहिबान बैठे हैं अगर मैं इनके बारे में नहीं बोलूंगा तो अच्छा नहीं लगेगा।

महोदय, मेरी डिमांड है कि फ्लड एंड इरोज़न को नैशनल कैलेमिटी डिक्लेयर किया जाए और असम की तबाही से पूरे असम क्षेत्र को बचाया जाए। जैसा आपने गंगा नदी के लिए किया है, ब्रह्मपुत्र नदी के कंट्रोल के लिए ऐसे ही खयाल रखिए। आप तो मुम्बई के हैं, आपकी फैमिली को मैं जानता हूं, आपकी फैमिली बहुत दिलवाली है।

महोदय, एमाउंट टू स्टार्ट कंस्ट्रक्शन आफ धुबरी फुलबाड़ी ब्रिज, मेरे इलाके में सबसे बड़ा ब्रिज का काम है। मैं पांच साल से इसके लिए कह रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि फाइनेंस में कुछ तो ऐसा करेंगे कि वहां पत्थर लग जाए, लोगों को उम्मीद हो जाए। सीलिंग आफ बार्डर, हमारे यहां सबसे बड़ा मसला बांग्लादेशियों का है। मैं मुसलमान होकर कहना चाहता हूं, हम इस भारत के नागरिक हैं लेकिन हमारे माथे पर कलंक लगा हुआ है कि ये सब बांग्लादेशी हैं। मैं कल होम मिनिस्टर साहब से मिला और बहुत तफसील से मिला, वे बहुत संतुष्ट हुए। हमारी पार्टी चाहती है कि फैंसिंग का ढोंग बंद किया जाए, 60-65 साल से नाटक चल रहा है, लूटमार हो रही है। इसे सील किया जाए।

महोदय, आईआईएम और आईआईटी के एस्टाबलिशमेंट की बात नार्थ ईस्ट खास तौर से लोअर असम के लिए कही गई। मैं जोरदार डिमांड करता हूं क्योंकि माइनोरिटी के बच्चे पढ़ने में बहुत पिछड़ रहे हैं। अगर आप इसे करेंगे तो उनको आगे बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी। इसी तरह मैंने स्पेशल कैम्पस आफ अलीगढ़ के लिए डिमांड दी है।

हमारे इलाके की तरक्की के लिए रूपसी एयरपोर्ट बहुत जरूरी है। इसे मिनिस्ट्री क्लियर कर चुकी है सिर्फ फंड एलॉट करना है और काम शुरु हो जाएगा। अब मैं रिओपनिंग आफ एयरपोर्ट और सी-पोर्ट के बारे में कहना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि आप इसके लिए थोड़ा फंड एलॉट करेंगे। एस्टाबलिशमेंट आफ मेडिकल कॉलेज, मैंने धुबरी में मेडिकल कॉलेज का काम करा लिया है। आपके यहां से थोड़ा फंड जाएगा तो यह शुरु हो जाएगा। आपको दुआएं मिलेंगी, गरीबों का भला हो जाएगा।

अंत में मैं इस बजट की भरपूर तारीफ करता हूं।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी) : सभापति महोदय, मैं बिहार के मधुबनी संसदीय क्षेत्र से आता हूं, जो नदियों के जाल से घिरा हुआ क्षेत्र है, बाढ़ से हर साल परेशान होने वाला क्षेत्र है। हमारे वहां की भाषा मैथिली है। मैं श्रीमान अटल बिहार वाजपेयी जी को आज इस सदन में खड़ा होकर मिथिलांचल के करोड़ों लोगों की तरफ से हृदय से आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने मैथिली भाषा को अष्टम सूची में स्थान देकर हमारा सम्मान किया था। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय में मिथिलांचल में फोर लेन की सड़कें बनी थी, द्वारिका से लेकर कोहिमा तक एक्सप्रैस हाईवे का निर्माण किया गया था, कोसी में पुल बना था। सभी छोटी रेल लाइन को उन्होंने बड़ी रेल लाइन में कन्वर्ट किया था, कुल 1100 किलोमीटर सड़कें एन.एच. की स्वीकृत हुई थी, उसमें से सात सौ किलोमीटर उन्होंने केवल मिथिलांचल के लिए दिया था, इसके लिए भी मैं उनके प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूं, हृदय से अभिनंदन करता हूं।

महोदय, आजादी के इतने दिनों के बाद भी मिथिलांचल पिछड़ा रहा, मैं उस समय संघ का स्वयं सेवक होने के साथ-साथ समाजवादी आंदोलन में डा. लोहिया और कर्पूरी ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस के खिलाफ संघर्ष करता रहा। 1960 में ग्राम पंचायत का प्रधान बना, 1967 में जब विधायक बना, तब से 1977 में लोक सभा में आने तक 17 वर्षों में से पांच वर्ष मुझे कांग्रेसी राज की जेल में सड़ाया गया। वह दिन भी याद है जब सात फीट चौड़ी और 11 फीट लम्बी कोठरी में हम लोगों को बंद करके खतरनाक बंदी की हैसियत से रखा जाता था। एक घड़ा पानी और एक गमला दिया जाता था। क्या अपराध था, यही कि हम गांव की बात करते थे, किसान की बात करते थे, गरीब की बात करते थे, पिछड़ों की बात करते थे, निर्धन, निर्मल, उपेक्षित, पीड़ित, प्रताड़ित, वंचित लोगों को अधिकार दिलाने की बात करते थे। जिसके कारण कांग्रेस के राज में हम लोगों को जेल में बंद किया जाता था। रोम-रोम से आज भी वह ज्वाला भड़कती है। अभी कुछ नहीं हुआ है, हमारे गुरू डा.लोहिया ने 1967 में नारा दिया था, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ मिलकर गैर कांग्रेसवाद की एक योजना बनी थी। तब उन्होंने नारा दिया था- कांग्रेस हटाओ, देश बचाओ। वह सपना अधूरा था। परंतु जब नरेन्द्र मोदी जी बोल रहे थे तो उन्होंने गांधी, लोहिया और दीनदयाल का नाम लिया था। मैं लोहियावादियों की तरफ से तथा देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों, पीड़ितों की तरफ से उनका अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने गांधी, लोहिया, दीनदयाल तीन महान राजनीतिक गुरुओं का नाम लिया था, उनके आदर्शों पर भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

सभापति जी, मैं आपसे फिर निवेदन करना चाहूंगा, आज प्रधान मंत्री जी विदेश में हैं, वह ब्राजील में ब्रिक्स की मीटिंग में गए हैं, उन्होंने नये भारत का जो सपना देखा था, मैं इस संसद से खड़ा होकर विदेश में बैठे प्रधान मंत्री जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने ब्रिक्स के सम्मेलन में भारत के यश की विजय पताका दुनिया में फहराने का काम किया है। इससे विश्वास होता है कि नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व की एक महान शक्ति के रूप में खड़ा होने वाला है। बैंक शंघाई में बनेगा, लेकिन उसका प्रथम सीईओ भारतीय बनेगा, यह सम्मान भारतीयों को मिला है और इस सम्मान के लिए हर भारतीय की छाती गर्व से फूल जानी चाहिए। मैं आपसे प्रार्थना करना चाहूंगा और इन कांग्रेस के लोगों को सुनाना चाहूंगा कि माननीय

ज्योतिरादित्य जी कांग्रेस के नये उदीयमान नेता हैं। उनके पिता जी भी मेरे साथ सदस्य थे। तब भी वह मेरी बात को सुनते थे। उस दिन वह कांग्रेस की तरफ से बहस का प्रारम्भ करके आंकड़े दे रहे थे। सभापति जी आंकड़े सुनते-सुनते मेरे 74 वर्ष गुजर गये,उससे देश के लिए क्या निकला - 3 में 13 डालो, 13 में 15 डालो, 15 में 18 डालो, 18 से 27 निकालो, 27 में 22 डालो, यह हिसाब सुनते-सुनते इस देश के पिछड़े, निर्बल किसानों और मजदूरों को क्या मिला है। हम अपनी जवानी के दिनों में जेल में बंद होकर गाते थे। आज भी वही गीत हम गाते है और आज भी खेत में किसान, मजदूर, पिछड़े और दलित जब काम करते हैं तो वे राष्ट्र के निर्माण के लिए काम करते हैं। तब भी हम कहते थे - धूप-ताप में मेहनत करते, बच्चे तड़प-तड़प कर मरते, फिर भी पेट नहीं है भरता, जीवन कटता रो-रो कर, हम चलो बसाएं नया नगर। हम तो नया नगर बनाने वाले गरीब, निर्धन, निर्बल हैं, नया हिंदुस्तान को बनाने का सपना देखा था। कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का सपना देखा था। मैं हिंदुस्तान के किसानों, मज़दूरों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों, निर्धनों, निर्बलों, उपहासित और उपेक्षित लोगों का हृदय से आभार प्रकट करना चाहता हूँ जिन्होंने इस बार उस सपने को पूरा किया है और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, वह संकल्प आगे बढ़ेगा और पूरा होगा। हम भी पांच वर्ष उस तरफ बैठे थे। यहां से वे बोल रहे हैं इससे पहले पांच वर्ष हम वहीं बैठे थे, दूसरे बेंच पर, मेरा डिविजन नंबर 462 था। उस समय हमारे दल से पूर्तिपक्ष की नेता सुषमा स्वाज थीं। उनके सफल नेतृत्व में हम विरोधी दल के आचरण का निर्वाह कर रहे थे। इस संसद में विरोधी दल ने एक नए इतिहास का निर्माण किया था। आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सत्ता पक्ष में हैं। इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि तब भी कांग्रेस वालों को सुनाया करता था। ये समाजवाद की बात करते हैं। ये समता की बात करेंगे। ये क्या-क्या बात करेंगे।

"उहरहि अंत न होई निबाहु,

कामनेमि जिवि रावण राहू "

रावण ने भी तपस्वी बन कर सीता माता का हरण किया था। कालनेमि भी साधु बन कर हनुमान के मार्ग को रोकने गया था। लेकिन वह पकड़ में आ गया। उनके पर्दे उठ गए। आपके पर्दे भी उठ चुके हैं। अब थोड़ा बाकी है। जब वह पूरा उठेगा, तो आप कहां रहोगे, वह भगवान जाने, वह ईश्वर को पता होगा, मुझे तो पता नहीं है। लेकिन मैं जानता हूँ कि जिसके लिए मैं इतने दिनों तक लड़ा हूँ, मैं उस दिन को देखना चाहता हूँ कि सदन में कांग्रेस नाम की कोई चीज़ न रहे, कोई पार्टी न बैठे और उनकी तरफ से कोई सदस्य न रहे। ऐसे भारत का हम सपना देखते हैं। उस संकल्प को हम पूरा करना चाहते हैं। वह दिन आने वाला है। वह इस देश की जनता करेगी। नौजवान करेंगे। जब हम आपके खिलाफ लड़ते थे तो उनका आह्वान करते थे -

"आओ श्रमिक, कृषक मज़दूरों,
इंकलाब का नारा दो।
शिक्षक, गुरूजन, बुद्धिजीवियों,
अनुभव भरा सहारा दो।
तब देखें कांग्रेसी सत्ता,
कितनी बर्बर और बौराई है।
तिलक लगाने तुम्हें जवानों,
क्रांति द्वार पर आई है। "

हम तो वह जमाना पार कर के आए हैं। इसी सदन में डॉ. लोहिया ने 16 मार्च, 1965 को कहा था, मैंने वहां से भी सुनाया था। आप जिस समय सत्ता में थे, उस समय डॉ. लोहिया ने आपको सुनाया था। लेकिन क्या आपने उस बात को ध्यान दिया था। हमारे बहुत साथी समाजवाद की बात करते हैं। लोहिया की बात करते हैं, उनके गीत गाते हैं। लेकिन उनके दर्शन को समझ नहीं पाए हो? इस सदन में उन्होंने कहा था कि भारत की दृष्टि क्या हो, दिशा क्या हो, संकल्प क्या हो, राह क्या हो? उन्होंने एक मार्गदर्शक का काम किया था, जिसको मैं आज पढ़ कर अपने सदस्यों को थोड़ा सुनाना चाहता हूँ, जो उनको समझ लें। समाजवाद हर किसी अन्य सिद्धांत की तरह, एक होता है थोक, एक होता है फुटकर। एक होता है सगुण, एक होता है निर्गुण। एक होता है सिद्धांत, एक होता है कार्यक्रम। समाजवाद से कोई एक सीढ़ी नीचे उतरो, उस सीढ़ी का नाम है बराबरी। उस बराबरी से एक सीढ़ी और नीचे उतरो आर्थिक बराबरी, सामाजिक बराबरी, राजकीय बराबरी, धार्मिक बराबरी। उससे एक सीढ़ी नीचे उतरो, तब उसके बाद आएगी समता, संपूर्ण समता, संभव समता। एक सीढ़ी नीचे उतरो, तब होगी अधिकतम और न्यूनतम की सीमा लगाव। यह है भारत का दर्शन। अगर इसके आधार पर भारत का निर्माण हुआ होता तो आज भारत में गरीबी नहीं रहती, निर्धनता नहीं रहती, अशिक्षा नहीं रहती। गांव नर्क नहीं रहता। हरियाणा और पंजाब जैसे आस-पास के कुछ राज्य हैं, वहां के गांवों से हमारे गांवों की तुलना मत करो।

सभापति महोदय, कभी किसी को अगर मेरे गांव में रहना पड़ा होगा, तो उस दर्द को जानता होगा, जब तीन महीने पानी में खड़े रहते हैं। हमारे घर के मर्द क्या औरतें भी घुटने भर पानी में शौच को जाती हैं। उस हिंदुस्तान को हमने देखा है। उस नर्क की जिंदगी को हमने जिया है। नर्क की जिंदगी जिलाने वाले कौन हैं। आप हैं। आपने भारत के गांव के किसान को, मज़दूर को नर्क की जिंदगी में बंद रखा। कीड़े-मकौड़े के जैसे रखा। आपने उनको जानवर से भी बदतर बना कर रखा।

आज उसके जीवन में एक नये संकल्प, एक नये दिन की संभावना है, उसके मन में एक आशा जगी है। नरेन्द्र मोदी ने उनको एक संभावना दिखायी है कि आओ मेरे साथ, तुम्हें एक नया देश बनाकर देंगे, एक नया संकल्प बनायेंगे, एक नये देश में तुम्हें खुशहाली देंगे, रोटी-कपड़ा और मकान देंगे, इज्जत देंगे, वह सब इस बजट में है। इस बजट में क्या नहीं हैं? मैं हिन्दुस्तान के गरीब, किसान के नाते इस बजट का समर्थन करता हूं। मैं इसका समर्थन इस नाते नहीं करता हूं कि मैं सत्ताधारी पार्टी का सदस्य हूं। मैं इसका इसलिए समर्थन करता हूं कि मैं अपने जीवन में जिसके लिए लड़ता आया, उसकी रोशनी इस बजट में दिखाई पड़ रही है और एक नयी किरण दिखायी पड़ी है कि नये भारत का निर्माण होने वाला है। इस बजट में क्या नहीं है? आदरणीय जेटली जी आ गये हैं, मैं इनकी योग्यता, विद्वता, प्रतिभा क्षमता को नमस्कार करता हूं। लेकिन मैं इनसे प्रार्थना करूंगा, पहले आया था कि एक रूपये में 33 पैसे कम, पिछली बार आया 27 पैसे कम, इस बार आया है 24 पैसा कम, मैं कहता हूं कि इस कमी से भारत को कभी मुक्ति मिलेगी या नहीं। इससे मुक्ति मिलेगी, अगर भारत संकल्प करे तब मुक्ति मिलेगी।

किसान विकास पत्र है। किसान विकास पत्र के लिए एक नियम बना दिया जाये। मैं उसमें अपने को भी ऑफर करता हूं कि इस देश का हर आदमी, जो सरकारी खजाने से वेतन, भत्ता उठाता है, वह अपने वेतन, भत्ते का एक चौथाई किसान विकास पत्र में लगायेगा और 20 वर्ष तक उसके पैसे उसमें लगे रहेंगे। 20 वर्ष के बाद वह पैसा वापस होगा। ऐसा करने से इतना धन आयेगा कि हिन्दुस्तान का गांव स्वर्ग बन जायेगा। हम ऐसा कर सकते हैं।

महोदय, मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि मैं एक बात और सुनाकर दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। हमारे बहुत साथी इसमें आते हैं, वे बड़ी-बड़ी बातें सुनाते हैं, लेकिन भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पूरबर हिन्दुत्व की बात आती है तो उनको बड़ी पीड़ा होती है। ये संघ के दर्शन नहीं हैं, ये किसी भाजपा के नेता के नहीं हैं। इसी संसद में डॉ0 लोहिया ने भारत के इतिहास की आलोचना करते हुए कहा था- "समन्वय दो तरह का होता है, एक दास भाव का समन्वय, एक स्वामी भाव का समन्वय। पिछले हजार बरस के इतिहास से हिन्दुस्तान ने स्वामी भाव का समन्वय नहीं सीखा है। यह एक दास भाव का समन्वय रहा है। इस सम्बन्ध में मैं खाली परदेशियों को ही दोष नहीं देता, उनके सबब से जितने भी इतिहासकार हैं, वे सभी जहर से बिल्कुल खुल जाते हैं। आज भारत में दो इतिहास के स्कूल हैं। एक डॉक्टर ताराचन्द और एक डॉ0 मजूमदार, ये दोनों इसी समन्वय धारा के हैं, विशेषता के धारा के हैं। भारत क्या है, इसको भूलकर भारत के जो विभिन्न अंग हैं, उनकी तरफ निगाह चली जाती है।" दास भाव का समन्वय। हम उठते हैं और कहते हैं कि हमने सांस्कृतिक समन्वय किया है। हमने सभी धर्मों के साथ समन्वय किया है। डॉ0 लोहिया ने कहा कि भारत में अगर हमने दूसरे धर्मों के साथ सांस्कृतिक समन्वय किया है तो दास बनकर समन्वय किया है, हमने स्वामी बनकर समन्वय नहीं किया है। भारत में स्वामी भाव से समन्वय की धारा चलनी चाहिए तब कहीं जाकर भारत का स्वाभिमान जगेगा, भारत की आशापूर्ति होगी। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि इस पर भी ध्यान देना चाहिए।

अंतः में मैं वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि मैं पिछड़ा हूं, पिछड़ों के लिए अगर न मांगूं तो मेरे लिए मांगेगा कौन? अपने लिए मैं न मांगूं, दूसरा कोई मांगे नहीं, अपने लिए मांगने में संकोच कर जाऊं तो फिर पाऊंगा नहीं। इसलिए मैं कहता हूं कि भारत के केन्द्रीय सचिवालय में एक भी पिछड़ी जाति और दलित जाति का सचिव नहीं है। ऐसा क्यों है, क्यों नहीं है इतने दिन में? ये बड़ी डींग मारते हैं कि इन्होंने बहुत दिया। आज भारत सरकार के केन्द्रीय सचिवालय में पिछड़ी और दलित जाति का एक भी सचिव नहीं है। आज भी बैंक के डायरेक्टर बनते हैं, उस बैंक के डायरेक्टर में 14-15 डायरेक्टर होते हैं, उसमें एक भी पिछड़ा और दलित नहीं होता है। जितने अधिवक्ता बनाये जाते हैं, उनमें पिछड़ों और दलित को स्थान नहीं दिया जाता। मैं अपनी बात को समाप्त करते हुए प्रार्थना करूंगा कि हिन्दुस्तान के उन करोड़ों, दलितों, पिछड़ों की तरफ से मैं वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि नरेन्द्र मोदी आये हैं, नया भारत बनायेंगे, इनके आने से देश भर के पिछड़ों में एक आशा

जगी कि हिन्दुस्तान में पहला निर्धन, निर्बल, अति पिछड़ा का बेटा भारत का प्रधानमंत्री बनेगा, वह गद्दी पर आयेगा और मेरे लिए कुछ करके जायेगा।

आपसे मेरी विनम्र प्रार्थना है कि भारत की नौकरियों में, भारत के विश्वविद्यालयों में, भारत के सचिवालयों में, भारत के आयोगों में, भारत के हर बोर्ड में, भारत के हर अंडरटेकिंग्ज़ में पिछड़े और दलित समाज का प्रतिनिधि होना चाहिए - डायरैक्टर होना चाहिए, चेयरमैन होना चाहिए जिससे उनको सम्मान मिले। आशा है कि इन सबकी पूर्ति होगी।

*__SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR)__: I am thankful to you for giving me an opportunity for putting my views on the proposals of budget 2014 presented by Hon'ble Finance Minister Shri Arun Jaitleyji. The Budget reflected in full measure that NDA Government led by Shri Narendra Modiji was able to come to the grips on the myriad of the issues confronting the economy within six weeks of assuming the power. Inflation, low economic growth and Current Account/Fiscal Deficit are the three main issues to be tackled immediately by the new Government to revive the economy to its full potential. In this context, I congratulate Shri Arun Jaitleyji for focusing on these issues in his Budget. This budget can be briefly summed up as an agenda of '100 small steps' instead of few big bang measures. Most notably, I welcome the following announcements in budget with my comments thereon. Enhancing Road infrastructure through allocation of Rs. 37860 crores for NHAI and State Roads by building 8500 kms of roads. Allocation of Rs. 7080 crores for 100 small cities. Five towns with a population of around 5 lakhs in Telangana State may please be covered under this initiative. Allocation of Rs. 50,548 crores under the SC Plan and Rs. 32,387 crores under Tribal Sub Plan. This reflected that NDA cares about marginalized population of the country contrary to the popular perception. Allocation of Rs. 14,389 crores provided for Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY). Linking wage employment MGNREGA through works that are more productive, asset creating and substantially linked to agriculture and allied activities. This revamping of MGNREGA is most important to agrarian state like Telengana where we are proposing to bring 1 lakh acres under irrigation in each Assembly Constituency. The allocations for the year 2014-15 to 8000 crores for National Housing Bank (NHB) with a view to expand and continue to support rural Housing in the country. This would be beneficial to our Telangana State where our Party promised to provide Rs. 3 lakh house with single bedroom, kitchen and a hall to the people below poverty line.

Income Tax relief to salaried class and senior citizens to the extent of Rs. 1,00,000. However, we wish that Government should have kept its promise of giving income tax relief up to Rs. 5 lakh income as promised in their manifesto. Lots of stimulus and innovative treatment was given to Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) Sector with creation of Rs. 10,000 crores. I agree with the view in Budget Speech that most of the MSMEs were owned and run by SCs, STs and OBCs. I also appreciate the constitution of a Committee of Finance Ministry, SMSE Ministry and RBI for giving concrete suggestions to finance this critical sector as it benefits weaker sections of population. I request the Finance Minister to ensure that Committee completes its work within the specific timeframe.

The proposals to take up Ultra Mega Solar Power Projects in Rajasthan, Gujarat, Tamil Nadu and Laddakh in J&K with allocation of Rs. 500 crores are also to be appreciated. In this context, I would like to submit to Hon'ble Finance Minister that Mahabubnagar District has already been identified as a special zone for solar power but the District, being most backward district in Telangana, may also be considered for this Ultra Mega Solar Power Project. I also welcome the opening of more IITs, IIMs, AIIMS and more Medical Colleges in some states to boost the higher education. I request the Finance Minister to sanction one IIM, one Medical College and AIIMS to Telangana state as the higher education has been neglected in Telangana State during the combined Andhra Pradesh State.

Last, but not the least, I appreciate the many initiatives announced in the Budget speech with regard to Agriculture Sector. As this sector is critical to 60% of population living in rural areas.

Many initiatives like 100 mobile soil testing labs, Kisan TV, setting up of National Market through reforming APMC Acts also need to be welcomed for strengthening of Agriculture Sector. I would humbly request Hon'ble Finance Minister to submit a quarterly Progress Report to Parliament on all these important initiatives in Agriculture Sector in the Budget. Only effective follow up action and constant review of these initiatives would only ensure strengthening of Agriculture Sector so that a sustaining growth of 4% can be achieved.

As I said earlier that this Budget is about 100 small steps instead of few big bang announcements. I, on behalf of my TRS Party, congratulate Hon'ble Finance Minister for this achievement and I also urge upon to review the progress achieved on all the initiatives incorporated in Budget and also apprise the Parliament of the progress at quarterly intervals.

*__ADV. JOICE GEORGE (IDUKKI):__ I represent Idukki Parliamentary constituency in Kerala, which is an undeveloped and neglected area dominated by agrarian population including Tribes, scheduled caste and other backward classes. On going through the budget proposals, at the first instance, I would say, as far as we are concerned, the perception, approach and the attitude of the budget is totally disappointing.

The farming communities in Idukki district have been facing survival issue due to the agrarian issues arising out of low productivity, high production cost, sharp decrease in the price of agricultural produces like rubber, cardamom, pepper, coco etc. The policies of the central govt., which have been following as part of globalization and economic liberalization had contributed much to the agonies of the people. The Idukki Parliamentary constituency is not an exception but a cross section of the poor agrarians in the Country, who have been suffering a lot and struggling hard to survive. In this ruthless era of globalization and economic liberalization, it is convenient for a government which is concentrating and advocating the growth on the basis of industrial development and GDP rates to avoid rather ignore the interest of the marginalized and poor agrarian community.

In the context of infrastructural development, undeveloped villages and rural areas are being ignored inspite of the implementation of Schemes like PMGSY etc. The guidelines and criteria for implementing the centralized schemes like PMGSY for developing infrastructure like road connectivity are not at all suitable for including projects in the hill tracks and remote areas like my constituency. Due to the lack of feasibility on the basis of existing criteria, the benefits of the developmental schemes meant for the undeveloped rural areas are not being reached to the deserving. This may add to

fuel to the feelings of the remote agrarian community that they are being discriminated and neglected by the government. This feeling of discrimination may lead to social discontent, which in turn resulted in anarchy. Therefore, it is the time to rework the criteria and guidelines of the centrally sponsored schemes making the same suitable for the remote hilly areas too. Due to the high rates of suicide of farmers arising out of agrarian distress in Idukki district, the Govt. of India has announced a special package to Idukki to mitigating the said distress in Idukki. But unfortunately, due to the apathy on the part of Govt. organs, the project has not been implemented in full. Less than 20% of the total funds provided under the said scheme has been utilized. But the time of the package has been expired in December last year. It is understood that Govt. has not extended the time limit for the said package. I request the Govt. to extend the period of the Idukki package for a further period of 5 years in view of the fact that the prevailing situation of the agrarian community is much worse than the situation at the time when the said package was announced in the year 2009.

Yet another issue is the environmental conservation initiatives of the govt. without the involvement and participation of the people living in Western Ghats detrimental to their livelihood options. The govt. has started its initiatives to inscript 39 sites in the Western Ghats on the list of World Heritage Natural sites of UNISCO by submitting an application to the World Heritage Committee during 2009. It is understood that the initiatives were originally made at the instance of some non-governmental organization campaigning and lobbying for the purpose with the support of foreign funding agencies. The world heritage committee has postponed the consideration of the proposal many times pointing out the in-advocacy of a regulatory regime in the Western Ghats on the basis of scientifically gathered data. The proposal was finally postponed as a last chance on June 29th of 2009. Thereafter the WGEEP has been announced by the Ministry of Environment and Forests, the then in-charge in a conclave of NGO's lobbying for the purpose on 4th March 2010. The Minister who announced the formation of WGEEP has close association with one of the NGO's who received fund from foreign funding agencies for conserving Western Ghats, as its advisory board member. The mandate of WGEEP was to conduct a detailed study and submit a report of the ecologically sensitive area through a comprehensive consultation process involving the people living in the area, local self govt. institutions and all stake holders, but unfortunately the panel didn't venture for the same.

Most interestingly, IUCN, an International Agency acting as a mediator between the world heritage committee and the govt. had issued a letter later on 06.01.2013 with specific mentions regarding the status of the existing Dams, plantations and pesticide use therein, how to ensure the contiguity of the proposed 39 sites in the Western Ghats. Thereafter the WGEEP had submitted its report on 31.08.2013 addressing all the concerns raised by the IUCN and world Heritage Committee. Therefore, I would say that the WGEEP report popularly known as Madhav Gadgil report is a tutered/tailor made one for the purpose of satisfying the WHC for getting the 39 sites inscripted on the World Heritage Natural sites.

Most of the recommendations of the WGEEP are detrimental to the interest of the people living in the Western Ghats. On the basis of wide spread agitations, the govt. appointed High Level Working Group (HLWG) headed by Dr. K. Kasturirangan for conducting further study and make feasible recommendations. But unfortunately, while disagreeing with the findings of the WGEEP, HLWG, classified 4156 villages as ecological sensitive area, among which 123 villages in Kerala, out of which 48 are in my constituency. This classification is against the criteria adopted by HLWG at least in the case of 123 villages in Kerala. Our 48 villages are thickly populated area and some of them are Urban areas. As a matter of fact we are ever willing to co-operate with the govt. in their endeavour to conserve Western Ghats provided, we should be taken in confidence and initiative should be with the involvement participation and informed concern of the people without affecting our livelihood options.

Hence, I request the government that there should be a fresh initiative to conserve the Western Ghats with the involvement and participation of the people by taking them in confidence without affecting our livelihood options.

SHRI H.D. DEVEGOWDA (HASSAN): Mr. Chairman Sir, I would like to express my sincere thanks to allow me to participate in the discussion on the General Budget proposals for 2014-15.

Sir, I only will try to draw the attention of the respected President of India who has addressed the Joint Session of Parliament. He says:

> "My Government is dedicated to poor; poverty has no religion, hunger has no creed and despair has no geography. The greatest challenge before us is to end the curse of poverty."

15.22 hrs (Shri Hukmdeo Narayan Yadav *in the Chair*)

Sir, I do not want to elaborate on the President's Address. He has raised many issues like the Public Distribution System. The major issues which he has mentioned are inflation, unemployment, jobs for the youth, poverty and other things. At the same time, he has also said that the Government is committed for the Land Use policy which will facilitate scientific identification of non-cultivable land and its strategic development.

Sir, the hon. Finance Minister, while presenting his Budget, - with my little experience, I have tried to understand it - has tried to give a message through the taxation structure that this is the first Budget of the NDA Government. It shows their magnanimity to call it as an NDA Government when the BJP itself has got a clear mandate with 280 seats for the first time since the BJP was formed after the split of Janata Party.

I do not want to elaborate much on the political atmosphere which is prevailing in the country.

For the first time, the people have given their mandate for a stable Government under the leadership of the present Prime Minister and we should accept it. Coalition Governments are not going to deliver the expected results. With this background, the stable Government, under the leadership of the present Prime Minister for whom the mandate has been given by the people of the country, should be accepted.

As it stands today, all political parties have a number of issues to raise but the point is, I can understand that the time to speak is going to be allotted on the basis of the numerical strength of each political party. This House has to discuss so many important matters. So, I may humbly

request that the Business Advisory Committee, while allotting time for important discussions like discussion on General Budget, should not just go by the numerical strength, particularly when there are parties with just one Member or two Members or three Members or four Members. Even the Congress, which is a national party, which has ruled this country for more than sixty years, may not have the numbers required for recognition as a party. But that is not the issue. Numerical strength is not the issue. The issue is the contribution that they have made while they were in Office. That applies for the NDA also. The kind of contribution that the NDA Government under the leadership of Shri Atal Bihari Vajpayee has made towards building the economy of this country should count.

When the Prime Minister replied to the Motion of Thanks on the President's Address, he specifically mentioned that he will not be vindictive. It shows his magnanimity. I was closely watching his speech that he delivered while replying to the Motion of Thanks on the President's Address.

We all represent the interests of farmers. I am not going to jump and say that I only represent farming community in this House. Of course, the farming community is an important one. One of the major problems that you want to solve is unemployment. The workforce in the agricultural sector has now come down to 58 per cent. Earlier, it was nearly 70 per cent. How do we generate more employment and solve the employment problem in the present atmosphere? In my humble view, the employment situation in IT sector has come to a saturation point. Once we tried to develop IT as one of the major thrust areas in order to create jobs. I may just go back to 1991 when the country was facing a major economic crisis. The economic situation was very bad. At that time Shri Atal Bihari Vajpayee, the senior most leader, was sitting in the Opposition. There was only one Member in this House from the Samajwadi Party.

I would like to make myself clear. I am not going to make any exaggeration. The economic situation was so bad that the previous Prime Minister, who was one of the pioneers of economic reforms, to prevent this country from falling into the debt trap, was forced to pledge 150 tonnes of gold. Ultimately, he brought economic reforms allowing Foreign Direct Investment for the first time in this country. Again, we are now inviting the Foreign Direct Investment. I can understand the Government's compulsions. That is why while I was speaking on the Railway Budget, I welcomed it. But care must be taken while allowing the Foreign Direct Investment. In several areas, country's security is very much involved.

I am not going to cross the time limit. I will respect the ringing of the bell by the hon. Chairman. I never disrespect the Chair. But please permit me to express my ideas. Even coalition Governments can also provide good governance. Has not Shri Vajpayee, in those six years, made any achievement? Has not the Congress made any achievement? Has not Shri Narasimha Rao, who was responsible to bail out this country from the economic crisis, from the debt trap during that period, made any achievement? So, we cannot forget all these things.

At that time, when the debate was going on in this House, in respect of each and every thing, Shri Morarji Desai was blamed; Shri V.P. Singh was blamed and, for a short duration, Shri Chandra Shekhar was there and he was also blamed. I am still remembering that. He was totally blamed as the one who was responsible to bring this country to the debt trap, to pledge 150 tonnes of gold. There were so many issues which had brought the economic situation to that condition. During that period, India was forced to accept the conditionalities of the IMF and the World Bank. The very same House debated that the Budget was prepared only by the direction of the World Bank and the IMF. This was the charge made by the Opposition during that period. I was closely watching the proceedings. I am sorry for that.

In 1991, the first phase of the economic reforms were brought forward. It is over now. We are going back to the second phase allowing FDI in so many areas. How is the agricultural sector suffering today? Are we able to overcome the problems prevailing in this country after implementing the economic reforms? Was it possible for either the Congress-led Government or the BJP-led coalition Government? Let us honestly introspect ourselves all these things. It is not a question of criticising somebody. We can criticise anybody but there must be some restraint in criticising each other. That is what the hon. Prime Minister maintained while replying to the Motion of Thanks on the President's Address. He has shown such a magnanimity that impressed us. I was closely watching him. Today, it is a changed political atmosphere.

Sir, poverty is not related to any particular community or caste or creed. Poverty is so rampant across the board. The Food Security Bill was piloted by the Congress-led coalition Government which was one of the major steps taken by the then Prime Minister. So also, the Land Acquisition Bill was brought forward. After hundreds of years of suffering by the farmers, the Land Acquisition Act was amended. Like that, I can give so many instances by which we have made achievements. Today, it is a good beginning.

In this connection, I would like to express my sincere thanks to the hon. Finance Minister. After the new Government has been formed, everybody is expecting that this Government may take the advice of the corporate houses; this Budget may not help the poor or the working class people. These were some of the issues raised by the electronic media, print media or by some of the economists who are expressing their views. They are very much keen on watching how the first Budget by the present Finance Minister is going to unfold. I am happy to say that it is not a pro-corporate Budget. I must accept this with all sincerity. I am not an economist. Let me honestly speak as an ordinary farmer. It is not a pro-rich Budget. So, I can go on quoting several instances.

The time at my disposal is at the mercy of the House. The United Front Government headed by me was hardly there for ten and a half months. The hon. Finance Minister could see as to how we had taken several decisions. In regard to all the North Eastern States, who was responsible to initiate the package of Rs.6,100 crore? I had visited all the seven sister States for seven days continuously. I have announced Rs.6,100 crore not merely for the sake of announcement. We have brought it in our Supplementary Demands in September, 1996. After demitting office, Shri I.K. Gujral went to the North Eastern States. He had made further improvement. Then, Vajpayee *ji* went there, who had not only continued all our programmes but also increased the allocation to over Rs.10,000 crore. Are we not responsible to solve the Ganga water dispute?

Today, let my friends not mistake me. Drinking water is one of the major problems in Karnataka. I don't want to disobey the Chair. Please permit me to at least touch some of the points.

We have many inter-State rivers. The Irrigation Commission had given a Report. Nearly 28 taluks face drought always. Even if a borewell is installed with 1,500 meters depth, we cannot get water. I don't know how we are going to solve the problem. I am not going to refer to the dispute or the Tribunal. Kolar, Chikkaballapur, Tumkur, Hassan, Mandya, Mysore, Bangalore City, Chikmangalur, Coorg are suffering due to shortage of drinking water. The Government can send any team to find out the status of drinking water in these areas. I am not going to worry about it.

I know in 1986-87, Madam Gandhi evolved a policy of drinking water and declared it as the first priority. That was formulated by the late Indira Gandhi as Prime Minister. Today, if you think drinking water as the most essential issue, then, whether you draw water from any reservoir or not, there must be a permanent source of drinking water in all these areas. Otherwise, two crore population is going to suffer. That is why, there is a need for allotment of more time – maybe, one week more. We have raised this issue many times. We cannot blame only the ruling party. We know how the Opposition behaved in the last five years. I am a witness to it. I have never spoken. We have wasted so much time. We have passed 17 Bills, without discussion, in 18 minutes. This is not the way to function. I am humbly requesting the Leader of the House and the leader of the Congress Party - whether he is recognised as LoP or not - when they are sitting in the Business Advisory Committee, to apply their mind. We have come here not merely to receive Rs.2,000 per day as TA/DA but we have come here to discuss important issues pertaining to various problems that are being faced in States. Each State has its own problems. Have we not taken the decision on Metro, which has been pending for the last 12 years? Shri Sahib Singh Verma was the BJP Chief Minister here. We had not taken any decision on political considerations.

Sir, while implementing the Narmada Project, they had BJP Governments in Maharashtra, Gujarat and Rajasthan and only in Madhya Pradesh there was a Government headed by the Congress Party and they opposed it. But they took the decision without any political consideration. These are very complicated issues where each State Government has got their own problems and the people of this country have given them the mandate to highlight some of these problems.

I humbly request the Leader of the House and all the political parties in the Opposition side to allocate time for some fruitful discussion on some of these issues. Otherwise, the Ruling Party has got 330 Members on their side including their alliance partners. The Government has initiated several important measures for the manufacturing sector, for the services sector etc. I could speak on how employment is going to be generated with these measures, but there is no time. If you permit me on some other occasion, I would try to highlight some of these points.

I would like to sincerely thank all the hon. Members who are concerned about rural development and the development of agriculture in the country. We all come from rural areas. It is not the concern of me alone, but it is the concern of all of us sitting here in this august House. The hon. Finance Minister has placed his Budget within 45 days of this Government coming to power. He will have to make up his mind while coming out with further allocation to various sectors through Supplementary Demands. So, let us not unnecessarily harp on these issues. I do agree that he requires some time to implement all his ideas.

HON. CHAIRPERSON : The hon. Member's time is up.

SHRI H.D. DEVEGOWDA : Sir, I do not want to disobey the Chair when the bell is being rung. Whenever I get an opportunity to speak on the Demands for Grants of different Ministries, I would speak in detail on some of these points. If time is given to me, I would speak at that time because I am not a member of the Business Advisory Committee. So, I do not want to waste even a minute unnecessarily. I am sitting here and watching the proceedings of the House because the General Discussion on the Budget is a very important discussion. I am keenly listening to the criticisms made by Members from each side of the House. I would like to say that it is not a healthy discussion. With folded hands I would like to request all the hon. Members of this House to maintain a high standard of debate here. Let us have a new beginning, a new era. It is a stable Government. The Ruling Party can run the Government without being at anybody's mercy for five years. They may run the Government, but they should allow even a lone Member to, at least, express his views on various issues.

Sir, in this country, every State has got its own problems. Recently the hon. Prime Minister inaugurated a new railway line. It was declared as a national project during our Government's tenure. The Uri Hydel Power Project is a very important project. I can go on with all the details as to what we have done in a short period of 10 months. Everyday I used to work for 16 to 18 hours. I can compare the present Budget with the Budgets presented by Mr. Chidambaram during UPA I and UPA II and also I can compare with the Budget presented by Mr. Chidambaram under the Coalition Government and what were the areas to which we have accorded top priority.

There is a common minimum programme. I have no time at my disposal. The House may allow some time to discuss this on any occasion. You go through Chidambaram's first Budget in 1996-97. Just glance it. ...(*Interruptions*)

I would request the hon. Finance Minister who is noting down....(*Interruptions*) The Lohiaites have gone but Narendra Modi *sahib* has remembered Lohiaites. Many socialists have all merged. Do not discuss about all these things.

My friend Rajesh Ranjan was discussing about secularism. Where does he stand? He has gone. That is why, the new Prime Minister has said, poverty is not limited to one religion. That is what the Prime Minister has said. Do not unnecessarily again drag me to further discussion. I will just conclude, Sir. Take a magnanimous view about the achievement in the past and move further. We will extend our full cooperation. There is no need for further discussion.

*__SHRI V. PANNEERSELVAM (SALEM):__ I would like to express my sincere thanks to gratitude our Tamil Nadu permanent Chief Minister, Revolutionary leader Puratchi Thalaivi Amma and my constituency people for electing me as a member of Parliament from Salem.

Hon'ble Finance Minister presented his maiden General Budget on 10th July, 2014 for the year 2014-15. In this budget, the Finance Minister has announced various new schemes for all over India.

One of the sectors where Finance Minister has been forward looking and has reflected the govt.'s priorities is in his budgeted expenditure on infrastructure. The allocation for highways has been gone off by over 50% to Rs.37800 crore, while a Rs.11635 crore will be given for an outer harbor at Tuticorin Port. In addition to Rs.80000 crore by way of private investment in 16 ports Rs.5000 crore are for managing municipal debt for infrastructural needs.

In budget, govt.'s priority is to provide infrastructure. The budget wish list is for more and better roads, and uninterrupted power, broadband lines to every village, industrial corridors, ports, new and better cities and a lot else.

It's not just the expense on various projects. The projects are implemented that will be crucial. However, as the Finance Minister has noted in his budget speech, "India has emerged as the largest PPP market in the world with over 900projects in various stages of development."

Rs.7000 crore allotted to create 100 new "Smart Cities". Our Honourable Chief Minister also welcomes this project. The amount set aside for the under new smart cities is clearly inadequate. Instead of such "green field" cities where the required investment is much higher, the money would be better spent on "Green House" projects of already emerging in Tamil Nadu, introduced by our Chief Minister, which is so helpful for the poor and the downtrodden people of our country. Also it will create lot of small budgetary houses to the needy people of our country in the name of "Green House" within the allotted amount to "Smart Cities" called "Green Field". Hence, I request the Hon'ble Finance Minister to consider implementing projects and introducing some more Finance budget this year in our Tamil Nadu State it will be more helpful for people in Tamil Nadu. Why don't we considerate?

*__श्री पी.पी. चौधरी (पाली)__ः यह बजट वर्तमान को ही नहीं बल्कि भविष्य को भी ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। यू.पी.ए. के जो बजट बनाए थे को वर्तमान को ही ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए थे । इसी कारण से जो जी.डी.पी. के ग्रोथ के लिए एन.डी.ए. सरकार ने रोड मैप तैयार किया था उसे इन दस वर्षों में हानि पहुंची है । 1998 से 2004 के एन.डी.ए. के कार्यकाल में जीडीपी ग्रोथ रेट 9.4 प्रतिशत थी, जो यूपीए-2 के समय 5 प्रतिशत तक घटकर वर्ष 2013 तक 4.5 प्रतिशत ही रह गई ।

हमारे द्वारा इस बजट में जीडीपी ग्रोथ रेट 7 से 8 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है । हमें हमारे चाईना जैसे पड़ोसी देशों से सबक लेना चाहिए, जिनका ग्रोथ रेट 9 से 10 प्रतिशत तक स्थिर बना रहता है । जहाँ तक महंगाई की बात है, एनडीए सरकार के समय महंगाई दर 5 प्रतिशत थी, जो यूपीए शासन के 10 सालों में एवरेज 9 प्रतिशत तक पहुंच गई और नवम्बर-दिसम्बर 2013-2014 में यह दर 20 प्रतिशत तक पहुंच गई थी । यह एक बहुत बड़ी चुनौती भी है और इस चुनौती को हम मिल कर दूर करेंगे ।

जहाँ तक करंट आकउण्ट डेफिसिट का सवाल है मैं बताना चाहूंगा कि पिछली एनडीए सरकार के समय 1.5 प्रतिशत सरपल्स जो यूपीए सरकार के समय-3.07 प्रतिशत हो गया। अगर निर्यात की बात करें तो मैं बताना चाहूंगा कि एनडीए सरकार के समय निर्यात बढ़ा था, लेकिन यूपीए के समय आयात बढ़ने की वजह से स्थिति खराब रही। जहाँ तक बैलेंस ऑफ ट्रेड का सवाल है, एनडीए के समय ट्रेड डेफिसिट 2 बिलियन था, जबकि यूपीए के समय यह 20 बिलियन डॉलर तक बढ़ गया । यूपीए के राज में अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाला इंडस्ट्रीयल सेक्टर विकट स्थिति से गुजर रहा है, जहाँ दुनिया में मंदी का दौर है और भारत कठिनाईयों के बावजूद विकास के रास्ते पर दृढ़ता से चल रहा है । बजट पढ़ने के बाद स्पष्ट धारणा बनेगी कि यह एक और विकास परक और निरन्तरता का बजट है ।

शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, दलित उत्थान, अल्पसंख्यक कल्याण की मदों में ऐतिहासिक वृद्धि कर सरकार ने अपने दृष्टिकोण को अत्यन्त स्पष्ट कर दिया है कि उपेक्षित वर्ग को हर प्रकार से समान अवसर उपलब्ध करवाते हुए देश के विकास में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी । मैं इस शानदार बजट पूस्तुत करने के लिए माननीय वित मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ ।वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए बचत पर कर छूट की सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपए कर दी गई है । आय पर कर छूट सीमा 2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख कर दी गई और वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह सीमा 3 लाख है । पीपीएफ में भी बचत की सीमा 1.5 लाख कर दी गई है ।

शिक्षा सरकार की उच्च प्राथमिकता है । बालिकाओं के लिए स्कूलों में शौचालय तथा पेयजल की सुविधा सुनिश्चित किए जाने का प्रावधान किया गया है । शिक्षकों को प्रशिक्षण, वर्चुअल कक्षाएं प्रारंभ करने के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए 5 नए आईआईटी व 5 आईआईएम स्थापित करने की घोषणा की गई है । शिक्षा हेतु ऋण को भी आसान बनाने का निर्णय लिया गया है । पिछले वर्ष की अपेक्षा शिक्षा बजट में 12.3 प्रतिशत की बढोत्तरी की गई है। स्वास्थ्य बजट में 5.1 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है । "सबके लिए स्वास्थ्य" लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुफत दवा एवं उपचार को प्राथमिकता दी गई है । देश भर में चार नए एम्स, दन्त चिकित्सा युक्त 12 नए मेडिकल कॉलेज, राज्य स्तर पर दवा परिक्षण केन्द्रों को और सक्षम बनाया जाएगा। प्रोडेक्शन तथा एग्रीकल्चर ग्रोथ को भी अनदेखा किया गया, जबकि एनडीए के समय इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । पिछले एनडीए के कार्यकाल के प्रारंभ में कांग्रेस सरकार 4 प्रतिशत ग्रोथ रेट छोड़ गई थी जो एनडीए के समय की नीतियों के कारण वर्ष 2006 तक 20 प्रतिशत तक बढ़ गई थी। यह एक विरासत के रूप में यूपीए सरकार को दी गई थी, लेकिन यूपीए की गलत औद्योगिक नीति होने की वजह से 2004 से लगातार गिरते हुए फरवरी, 2009 में 7.20 हो गई और 2013 तक -0.6 रही ।

कृषि पर देश की जनसंख्या के 70 प्रतिशत लोग निर्भर रहते हैं और यूपीए सरकार द्वारा इन 70 प्रतिशत लोगों को इग्नोर किया गया, जिसके कारण कृषि का जीडीपी में योगदान 60 प्रतिशत से घटाकर 13 प्रतिशत रह गया । 1998-2000 तक एनडीए के शासन काल में यह हिस्सा 26 प्रतिशत था जो घटकर वर्ष 2012-13 में 13 प्रतिशत ही रह गया । इससे साफ जाहिर होता है कि यीपीए सरकार द्वारा कृषि को नजरअंदाज किया जा रहा था । लेकिन एनडीए ने पुनः कृषि को बहुत अधिक महत्व देते हुए बजट पेश किया है । हमारी सरकार को जानकारी है कि बजट वर्तमान की बजाय भविष्य का होना चाहिए और इन्डस्ट्रीयल व एग्रीकल्चर प्रोडेक्शन ग्रोथ के माध्यम से आज के इस वातावरण में 7 से 8 प्रतिशत तक जीडीपी की ग्रोथ रेट प्राप्त की जा सकती है ।

किसानों को लेकर हमारे वित मंत्री जी का एक बहुत बड़ा विजन है । किसानों को विकास पत्र जारी करने उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने का निर्णय भी इस बजट में लिया गया है । शत-प्रतिशत एफडीआई के माध्यम से डिफेन्स उपकरणों को बाहर से खरीदा जाता था, जिसके कारण कई सेक्टरों व देश की आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ता था । सरकार द्वारा डिफेन्स उपकरणों को खरीदने के लिए बाहर से पैसा नहीं लेना पड़ेगा तथा ऐसे इक्युपमेंटों को देश में बनाने में भी मदद मिलेगी। इसके साथ-साथ इससे संबंधित निर्णयों में भी हमारा कंट्रोल होगा ।

जीसीटी को लेकर भी माननीय वित मंत्री जी का अपना एक अनपैरेलल विजन है। इसकी वजह से टैक्स ईवेजन, हरासमेंट तो कम होगा, साथ-साथ जीडीपी में भी बढ़ोत्तरी होगी। मैं बजट में दिए गए आंकड़ों की और बौछार नहीं करना चाहता, मेरे योग्य साथी बड़े विस्तार से उसमें चर्चा कर चुके हैं । देश में एक ऐसी सेवाओं के शोध के लिए आदर्श ग्रामीण स्वास्थ्य शोध केन्द्र खोलने का भी प्रस्ताव है। पूर्ण स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सभी घरों को अगले पांच वर्षों में स्वच्छता के दायरे में लाने की योजना बनाई गई है । इस बजट में विकलांग लोगों का जीवन आसान बनाने तथा विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए सम्बन्धित उपकरणों की खरीद को आसान बनाया गया है। इसके अतिरिक्त 15 नई ब्रेल प्रेस तथा ब्रेल लिपि वाली नोटों की छपाई करने का भी निर्णय लिया गया है।

इस बजट में महिलाओं के कल्याण के लिए " बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं " योजना की घोषणा की गई है । इसके तहत महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जागरूकता और प्रभावशीलता बढ़ाई जाएगी । सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा पर भी बल दिया गया है । दिल्ली के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों में विशेष आपदा प्रबंधन केन्द्र की स्थापना का भी निर्णय लिया गया है ।

बजट में आवास ऋण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं । निम्न आय वर्ग के लोगों को सस्ते ऋण के माध्यम से कम लागत की आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा विशेष मिशन की शुरुआत की गई है । कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से मलिन बस्तियों के विकास को अनिवार्य बनाया जाएगा, ताकि इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। डिजीटल इंडिया कार्यक्रम की घोषणा की गई। इसके अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिक आधारित सरकारी सेवाएं, हार्डवेयर तथा सोफ्टवेयर का देश में निर्माण, ग्रामीण स्तर तक ब्रॉडबैंड की व्यवस्था तथा राष्ट्रीय ग्रामीण इंटरनेट टेक्नोलोजी मिशन और ई-क्रान्ति के तहत सभी सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाई जाएगी। स्मार्ट शहर योजना के अंतर्गत 100 नए स्मार्ट शहरों को निर्माण किए जाने की योजना है, जो शहरों की तरफ आती आबादी को समायोजित करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे । इसके साथ-साथ देश के औद्योगिक गलियारों को और विकसित किया जाएगा। भारत में निवेश को आकर्षित करने के लिए इस बजट में कई योजनाएं लाई गई हैं । रक्षा तथा बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर दी गई है । सस्ते आवास की योजनाओं में सीधे विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की गई है । एक ही काउण्टर पर कार्य निपटाने के लिए 24 घण्टे का ई-बिज पोर्टल स्थापित किया गया है ।

देश में सम्पर्क व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जहाजरानी, हवाई अड्डों, नौवहन तथा सड़क निर्माण के क्षेत्र में निवेश की घोषणा की गई है । हवाई यात्रा के इच्छुक लोगों का सपना पूरा करने के लिए टियर 1 तथा टियर 2 शहरों में नए हवाई अड्डों की योजना बनाई जा रही है। अर्थव्यवस्था को उर्जावान बनाने के लिए बजट में उर्जा के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है । स्वच्छ तथा अधिक

सक्षम ताप विद्युत को प्रोत्साहन दिए जाने, गैस पाईप लाईन को मजबूत बनाने के साथ-साथ पुरानी व बन्द पड़ी कोयले की खानों को पुनः चालू किए जाने की घोषणा की गई है । ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बढ़ाने के लिए ग्राम ज्योति योजना प्रारंभ की गई है । नवीन और नवकरणीय ऊर्जा और हरित ऊर्जा गलियारे से संबंधित क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का प्रावधान करने पर जोर दिया गया है । भारत युवाओं का देश है और प्रत्येक युवा भारतीय को लाभप्रद रोजगार की जरूरत है । बजट में राष्ट्रीय बहु-कौशल विकास कार्यक्रम के तहत उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखा गया है । अप्रेंटिसशिप अधिनियम में भी आवश्यक संशोधन किए जाने की योजना तैयार की जा रही है । लघु एवं मंझोले उद्यमों में निजी निवेश के लिए 10000 करोड़ का विशेष कोष बनाने की भी घोषणा इस बजट में की गई है ।

यह बजट खिलाड़ियों के लिए भी नई सुविधाएं लेकर आया है । बजट में विश्वस्तर की खेल अकादमियों के निर्माण के साथ-साथ जम्मू एवं कश्मीर में इनडोर तथा आउटडोर स्टेडियम व मणिपुर में खेल विश्वविद्यालय खोले जाने की घोषणा की गई है । आगामी एशियाई तथा राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की भी घोषणा बजट के माध्यम से की गई है ।उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विकास हेतु आवश्यक कदम उठाए गए हैं, जिसमें प्रमुखतः वाणिज्यिक एवं जैविक खेती का विकास, बेहतर रेल सम्पर्क तथा अरूण-प्रभा नाम से टीवी चैनल आरम्भ करने की योजना है।

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) : सभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे इस लोक सभा में पहली बार बोलने का अवसर दिया है। मैं अपनी पार्टी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि पार्टी ने मुझे यह अवसर दिया है।

मित्रो, जब हम लोग लोक सभा का चुनाव लड़ रहे थे तो हम लोग गांव में जा कर नारा देते थे कि हम लोग अच्छे दिन लाने वाले हैं। हम लोगों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा दिया था। हम लोगों ने 'सबका साथ सबका विकास' करने का नारा दिया था। इस नारे पर विश्वास कर के देश की जनता ने, खास कर नौजवानों, महिलाओं, गरीबों, किसानों ने, सबने भारतीय जनता पार्टी का साथ दिया। पूर्ण बहुमत की सरकार भारतीय जनता पार्टी की बनी। हम लोग बजट आने से पहले अपने क्षेत्र में गए। गांव के नौजवान, छात्र और किसान, हम से कहते थे कि आप वित्त मंत्री जी से बात करिए, माननीय प्रधान मंत्री जी से बात करिए कि आप लोगों ने नारा दिया था कि अच्छे दिन लाने वाले हैं। हम लोग अच्छे दिन का एहसास करना शुरू कर दिए हैं। सरकार के शपथ ग्रहण के पहले ही, जिस प्रकार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान से मछुआरे छोड़े गए, तमाम देशों ने हिन्दुस्तान का जिस प्रकार से स्वागत किया, उससे आम जनता को अच्छे दिन का एहसाह हो रहा था, लेकिन बजट को ले कर लोगों में संशय था कि कहीं बजट से महंगाई न आ जाए, विभिन्न वस्तुओं के दाम न बढ़ जाएं। हम जब गांव में जाते थे तो लोग इन सभी मुद्दों पर सुझाव देने के लिए कहते थे। माननीय वित्त मंत्री जी का आशीर्वाद, खास कर नौजवानों को, व्यक्तिगत रूप से मुझे बराबर मिलता रहता है, मैंने भी सोचा कि इस संबंध में सुझाव दूं, लेकिन जिस प्रकार हम लोग चुनाव लड़े थे। चुनाव में माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, माननीय जेटली जी और सभी वरिष्ठ नेताओं ने जिस प्रकार की रणनीति बनाई थी, सब को यह ध्यान में था कि पिछले दस वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने जिस प्रकार महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी बढ़ाई है, उससे त्रस्त हो कर, देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी का साथ दिया है। इस नाते मुझे पूरा विश्वास था कि जब जेटली जी बजट लाएंगे तो निश्चित रूप से, जो हम लोगों ने नारा दिया था, 'सबका साथ सबका विकास', 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', और 'अच्छे दिन आने वाले हैं', इन नारों पर ध्यान देते हुए यह बजट आएगा। निश्चित रूप से माननीय जेटली जी और माननीय प्रधान मंत्री जी को मैं इस बात के लिए बधाई देता हूं। *वक्त सिंधिया जी, अपने भाषण में कह रहे थे, और भाषण देने के बाद, जब वह बाहर लोगों से मिले तो उन्होंने कहा कि जेटली जी ऐसा बजट लाए हैं, भाजपा ऐसा बजट लाई है कि इस पर हम लोग मंच से तो आलोचना करते हैं, लेकिन इसमें आलोचना करने के लिए कुछ नहीं है।* ...(व्यवधान) इसके लिए मैं जेटली जी को और माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं।...(व्यवधान)

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना) : सभापति महोदय, मेरा नाम लिया गया है। मैं माननीय सदस्य से पूछना चाहता हूं कि मैंने यह वक्तव्य कब दिया है, जरा वह बात आप सभा पटल पर रखिए।...(व्यवधान)

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) : मैं वक्तव्य की बात नहीं कह रहा हूं। ...(व्यवधान)

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया : सभापति महोदय, मैं आपको संबोधित कर रहा हूं कि इन्होंने जो कहा है, उसके बारे में यह सदन को बताएं कि मैंने यह कब कहा? ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : इन्हें बोलने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी : जब आप माननीय वित्त मंत्री जी और कुछ सांसदों से मिल रहे थे तो जिस प्रकार की प्रसन्नता थी, मुझे ऐसा एहसास हुआ।...(व्यवधान) मुझे विश्वास था कि जब बजट आएगा तो चाहे किसानों का मामला हो, नौजवानों का मामला हो, छात्रों का मामला हो, महिलाओं का मामला हो, माननीय वित्त मंत्री जी निश्चित रूप से सब पर ध्यान देंगे। उन्होंने सब पर ध्यान दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में बस्ती पड़ता है। मैं वहां से चुनकर आया हूं। जब मैं वहां गया तो किसी भी राजनीतिक दल ने कोई आलोचना नहीं की। किसी भी श्रमिक संगठन, छात्रों के संगठन, मजदूरों, कर्मचारियों के संगठन द्वारा कोई आलोचना नहीं हुई। मैं कह सकता हूं कि हमने जिस प्रकार सपना देखा था, मोदी जी ने नारा दिया था कि कांग्रेस मुक्त भारत बनाना है। कांग्रेस मुक्त भारत मतलब भ्रष्टाचार मुक्त, नौजवानों को रोजगार देने वाला, किसानों की समस्याओं का समाधान करने वाला, महिलाओं की सुरक्षा करने वाला भारत बनाना है। ऐसा बजट आदरणीय वित्त मंत्री जी ने दिया है। प्रधान मंत्री जी ने जो वादा किया था, जो सपना देखा था, निश्चित रूप से उसे पूरा करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। हमारे मन में भी संशय था कि बजट आता है तो कहीं न कहीं देखा जाता है कि हमारी पार्टी कहां-कहां जीती है, समाज के किन लोगों का वोट पाकर जीती है। मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने पूरे देश पर ध्यान

दिया है। हमने यह नहीं देखा कि यहां हारे हैं यहां जीते हैं, यह नहीं देखा कि किस जाति का वोट पाया है किस जाति का वोट नहीं पाया है, किस धर्म का वोट पाया है किस धर्म का वोट नहीं पाया है। हमने सबके विकास की चिन्ता की है, सभी क्षेत्रों की चिन्ता की है।

मैं कल अपने क्षेत्र के एक मरीज को दिखाने एम्स गया था। वहां मुझे पता लगा कि उसे दो साल बाद की डेट मिली है। माननीय वित्त मंत्री जी ने एम्स की घोषणा की है। उन्होंने पूर्वांचल के लिए भी किया है। हमारे वहां से लोग यहां आते हैं,...(व्यवधान) महीने, दो महीने रहते हैं, पैसा ज्यादा खर्च होता है, परेशान होते हैं। गोरखपुर में हर साल महामारी आती है, तमाम बच्चे मारे जाते हैं। गोरखपुर में एम्स की स्थापना की जाए। साथ ही आईआईएम की घोषणा की गई है। नौजवानों को रोजगार देने की दृष्टि से काम किया गया है। सौ स्मार्ट सिटी बनाने की बात की गई है।

मेरा वित्त मंत्री जी को एक सुझाव है।...(व्यवधान) जब हम घोषणा करते हैं, जहां सुविधाएं होती हैं, खासकर अधिकारियों का ध्यान उधर ही जाता है। बड़े-बड़े शहरों में उद्योग धंधे बनाए जाते हैं,बड़े-बड़े संस्थान बनाए जाते हैं, उसी तरफ ध्यान जाता है। सौ स्मार्ट सिटी की घोषणा की गई है। मुझे लगता है कि अगर उसमें छोटे शहरों को लिया जाएगा, खासकर जिस जिले से मैं आता हूं वह कमिश्नरी केन्द्र है, वहां अगल-बगल दो-तीन जिले बहुत पिछड़े हैं, हाईवे पर है, रेलवे स्टेशन से जुड़ा हुआ है। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि अगर बस्ती को स्मार्ट सिटी में लिया जाएगा तो उस क्षेत्र का पिछड़ापन दूर होगा। छोटे जिलों से दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, कोलकाता आदि तमाम बड़े शहरों में पलायन हो रहा है। लोग नौकरी खोजने के लिए जाते हैं। अगर छोटे जिले डैवलप किए जाएंगे तो उन्हें वहीं रोजगार मिलेगा।

हमारे जिले में बहुत बड़ी समस्या है। गोंडा, श्रावस्ती, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, संत कबीर नगर सारे जिलों में हर साल बहुत भयंकर बाढ़ आती है। स्थायी रूप से उसकी चिन्ता उत्तर प्रदेश सरकार नहीं कर पा रही है और केन्द्र में भी तमाम प्रोजैक्ट गए हैं। बाढ़ की चिन्ता की दृष्टि से स्थायी बांध बनाया जाए, ऐसी मांग मैं वित्त मंत्री जी से करता हूं।

हमारे जिले में मखौड़ा धाम है। भगवान राम के जन्म के लिए राजा दशरथ ने जो पुत्रेष्ठ यज्ञ किया था, वह स्थान मखौड़ा है। पर्यटन की दृष्टि से वह बहुत महत्वपूर्ण है। स्वामी नारायण छपिया, स्वामी नारायण सप्रदाय के लोग पूरी दुनिया में हैं और सब लोग वहां जाते हैं। स्वामी नारायण छतिया हमारे जिले से सटा हुआ है। वह रास्ता भी जिले से होकर जाता है। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी : मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। पर्यटन की दÂिट से अगर वहां डेवलप किया जाये, तो स्वामी नारायण छपिया भी वहीं है, मखौड़ा धाम भी वहीं पर है। हमारे यहां शहीद स्थल है। स्वतंत्रता संग्राम के समय में छावनी एक ऐसा स्थान है जहां पर लगभग डेढ़ सौ लोगों को फांसी पर लटका दिया गया था। अगर वहां डेवलप किया जायेगा, तो निश्चित रूप से रोजगार मिलेगा और साथ ही साथ पूरे पूर्वांचल का विकास होगा। जब पूर्वांचल का विकास होगा, तो निश्चित रूप से बड़े-बड़े शहरों में लोग जो रोजगार खोजने आते हैं, उस समस्या का भी समाधान होगा।

इन्हीं बातों के साथ पुनः एक बार मैं माननीय वित्त मंत्री जी, माननीय प्रधान मंत्री जी को इतना शानदार, इतना ऐतिहासिक बजट पेश करने के लिए बधाई देता हूं।

***SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE):** I place on record my sincerest thanks to Hon'ble Finance Minister for presenting a forward looking Budget within given constraints the country is facing currently.

Let me clarify that I will not just criticize the Budget just because I am not from treasury benches.

The budget has addressed a gamut of issues, which possibly no other Budget has taken care in the recent memory. Of course, the Budget has not been able to address the wish list of many of us, which is understandable for any prudent individual.

The worst part in the Budget is enormous amount of regional imbalance. Whether it is for political consideration or otherwise, it can be well understood when the Budget proposal is introspected. Having said so, let me place before the House the decision to address "retrospective tax issue" is one of the most significant proposal, which will not only arrest the plight of capital from our country but also significantly improve the investment climate in our country, thereby having a multiplier effect on the economy to positively contribute to GDP, generating employment, boosting tax revenue, etc.

Provision of Rupees 10000 crores as a start-up capital is not only a significant step to promote entrepreneurship among our youth, but also drastically reduce brain drain from our country.

Thrust on manufacturing, redefining MSME etc. are other important steps in this direction.

Coming to Agriculture, the decision to irrigate most part of land of the country could be a very revolutionary step as it will have very good effect on the fortune of our farmers by having the opportunity to produce three crops in a year. It can be said here with definite confidence that 'no country in the world has prospered' with continued food inflation, how can India achieve this with food inflation of 8 to 10% for about last ten years.

While it is a fact that the wish list of many of us have not been fulfilled, but there is hardly any debate on how to increase the revenue to the country's exchequer.

I am putting forth a few of that which if Hon'ble Finance Minister consider fit, may kindly implement, which will not only address the issue of resource constraint in our country but also will come in handy to fulfill many of aspirational statements, including equating East with Western part of India of Hon'ble Prime Minister.

The per capital income of Odisha is about Rs.25000 pa. If you look at the earning of 70 private entities/individuals owning Mining Leases and introspect their B/L & Income in Odisha, the average earning of per such entity is about Rs.300 crore and rest of the population are below Rs.25000. This is just because of the fact that our predecessors have formulated some policy at some point of time and a chosen few are benefitting immensely at the cost of Nation as a whole. Hence, this gives rise to following issues. Should we not relook at the Mineral Resources Allocation Policies of Govt. of India and take a decision keeping Country's interest in mind. Should we not look at reviewing the existing Mining Leases which has been granted by previous governments?

This action alone will bring in several lakh of crores to the kitty of Government of India per annum year after year. If anybody does not agree with the above, I am ready to debate on this issue and convince all concerned. The question is whether the Government is willing to undertake this exercise or succumb to pressure of certain vested interest as it has happened all these years.

Today several thousands of crores are being spent in transporting food grains from farmers/mandis to Godowns like FCI, transporting back the food grains on many occasions to the same set of farmers. This constitutes an enormous amount of transport cost which could be avoidable on many occasions. Hence can the Government consider opening a localized storage house and ensure local distribution and in the process save several thousands of crores.

Before I conclude, I have a small submission for my constituency, Balasore which is one of the most literate districts in the country but having a very low level of per capita income due to non-availability of employment opportunity. I submit that Balasore and Mayurbhanj districts be declared as no industry district in Odisha and certain incentives like capital investment subsidy, tax holiday for 10 years, etc. be declared which will go a long way for economic upliftments of the people of Northern Odisha including tribals etc. who are currently suffering silently. I thank Hon'ble Finance Minister for the Budget 2014-15 and look forward to much better treatment for Odisha in the next Budget 2015-16.

SHRI TARIQ HAMEED KARRA (SRINAGAR): Hon. Chairman, Sir, this is my maiden speech in this august House, and I am privileged that I have been allowed to speak in the discussion on the General Budget today.

Mr. Chairman, Sir, everybody in this House knows fully that the people of Jammu and Kashmir, irrespective of their age, gender, status or the political affiliation, have been suffering the disastrous consequences of the turmoil over the last more than two days.

Sir, time has come for the leadership of the country and the State to fully retrieve the people of the State, with honour and dignity intact, from the political uncertainties they are engulfed in for the past six decades.

Today, the people of the State have developed stakes in peace and they now want to reap the fruits of globalization and economic liberalization. People in all the regions of the State must get equal share and opportunity to carry forward their economic development by taking advantage of the region's natural resources and geographical location.

Sir, explicit and imaginative policies should be directed to enable the State's youth to become a productive, self-confident and committed force for its development. Not only the Government but the whole nation including individuals, institutions and organizations have to be brought together in a spirit of creative enterprise to widen the economic and employment space for the State's youth.

Sir, unfortunately, most of the initiatives on Kashmir were never taken to the logical conclusion. Be it the Prime Minister's Working Groups on Kashmir, Prime Minister's Special Task Force on Kashmir, Interlocutors Report, all these initiatives, latest initiatives to talk of a few, were never followed up with tangible action on ground.

The dilly-dallying approach only brews serious doubts in the political and public domain over the veracity of these exercises.

There is a compelling need to make the process of political reconciliation and economic empowerment in J&K more comprehensive and meaningful and not making it just a symbolic exercise.

Sir, we understand the challenges faced by the hon. Finance Minister to overcome multifarious and multi-dimensional problems to be dealt by him. We also realize that every new Government in power always inherits a mix of good and not so good legacy of the outgoing Government.

Having said so, we, as a State, have also a bag of certain good initiatives taken by both the successive NDA and UPA Governments.

Sir, if NDA was gracious enough in sanctioning us the Prime Minister's Reconstruction Plan and North South Corridor, UPA was equally gracious to grant us a package for Restoration of Historic Dal Lake besides liberal funding in MGNREGA, NURM and NRHM.

16.00 hrs.

But, Sir, this time, in our State especially, there is a governance deficit, due to which these welfare schemes do not reach the people at the grass-root level. So, I would like to lay more stress on implementation and accountability.

Sir, though the Budget Speech in this House is full of hopes for the entire country yet the State of Jammu and Kashmir does not tend to get much inspired by it. So, in order to fill that gap, I have certain demands or requests for the hon. Finance Minster's favourable consideration.

Sir, while dealing with Jammu and Kashmir, everybody has to recognise the fact that Jammu and Kashmir has a distinction of having two Capital Cities. So, accordingly, this thing should be kept in mind in regard to whatever has to be given to the State.

Sir, the Budget promises to revive Special Economic Zones. We would request for having one in Kashmir Division. Similarly, IIT for Jammu is a welcome step. But we would request the hon. Finance Minister to give one for Kashmir Division as well.

We would also request for a Textile Park in Jammu and Kashmir. Keeping that we have enough of looms into account, which manufacture our shawls there, a Textile Park in Jammu and Kashmir would be a welcome step. Apart from this, the hon. Finance had announced 100 Smart Cities in different States. We would request him to consider Jammu and Kashmir for the Smart Cities as well.

Besides that one IIM was given by the previous Government. But somehow it was upgraded to a Central University. So, we lack that IIM for which I have made a fervent request.

Sir, the hon. Finance Minister has announced about setting up of All India Institutes of Medical Sciences. We would request him that both Jammu as well as Kashmir cities should be given All India Institutes of Medical Sciences as well.

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया : सभापति महोदय, जिनका मेडन स्पीच हो, उनको टाइम लिमिट नहीं दिया जाता है। उन्हें ज्यादा समय दिया जाए। He is from Jammu and Kashmir.उनको बोलने का मौका दिया जाए।

माननीय सभापति : हर पार्टी का जितना समय है, उससे ज्यादा इनको दिया गया है।

SHRI TARIQ HAMEED KARRA : Sir, as you all know, Jammu and Kashmir is a tourism State. Our entire economy is based on tourism. The hon. Minister has announced for Tourism Circuits in different States of the country. So, I would request him that Jammu and Kashmir should also be included in that Tourism Circuit.

We have seen a lot of funding to North-Eastern States. I understand that North-Eastern States have different situations and they are disturbed areas. But as far as Jammu and Kashmir is concerned, it is no less disturbed. So, I would request that the funding in Jammu and Kashmir may be done on the pattern of funding to North-Eastern States.

Sir, as far as Rs. 50 crore of Pashmina Development is concerned, it is a welcome step. But I would request the hon. Minister that it may be increased.

Similarly, the hon. Finance Minister has announced Rs. 990 crore for Border Village Development Area. As you all know that the entire Jammu and Kashmir is a border State. So, villages of Jammu and Kashmir State should also be included in the Border Area Development Fund.

As far as airports are concerned...(*Interruptions*)

माननीय सभापति : अब कृपया समाप्त कीजिए।

श्री तारिक हमीद कर्रा : महोदय, हमारी प्राब्लम्स इतनी हैं कि अगर हम आधा घण्टा भी बोलें, वह भी कम है। हम अपने राज्य की प्राब्लम्स को यहां फाइनेंस मिनिस्टर साहब की नॉलेज में लाने के लिए खड़े हुए हैं, अगर उस पर भी आप सीमा लगा देंगे, तो कैसे हमारी स्टेट आगे बढ़ेगी।

माननीय सभापति : हमारे सामने समय की सीमा है और जितना समय आपकी पार्टी के लिए था, उससे पांच मिनट ज्यादा समय आपको दे दिया है। अब आप समाप्त कीजिए, मैं दूसरे सदस्य का नाम बुला रहा हूं।

SHRI TARIQ HAMEED KARRA : Sir, as far as our State is concerned, again I would say that the economy is driven by tourism and so the two airports need upgradation. As far as Jammu is concerned, it needs upgradation, and as far as Srinagar Airport is concerned, it needs further expansion. So, that should also be taken into consideration.

Sir, at the end I would like to bring to your knowledge certain important points related to fiscal management. The most important feature of this Budget is its underlying public expenditure policy. This Budget has moved from a distribution-driven public expenditure policy to an allocative-based public expenditure policy.

As such economic growth will not come through an increase in demand emanating from an improvement in the income distribution. Instead, it will come through improvements in allocative efficiency.

This also marks a decisive end to the public investment led growth model. It is now going to be driven by public expenditure which facilitates private investment.

माननीय सभापति : अब आप समाप्त कीजिए, मैं दूसरे सदस्य को बोलने के लिए बुला रहा हूं।

श्री तारिक हमीद कर्रा : महोदय, यह बहुत इम्पोर्टेंट फिस्कल मैटर है।...(व्यवधान) Please give me two minutes.

माननीय सभापति : आप पत्र लिखकर वित्त मंत्री जी को दे दीजिए। अब समय नहीं है।

श्री प्रहलाद सिंह पटेल ।

SHRI TARIQ HAMEED KARRA : I would like to bring them to the knowledge of the Finance Minister. Please give me two minutes.

This means the Budget is oriented towards creation of productive assets rather than entitlement based fiscal transfers.

While for the country, this is a good move, it may not be so in the case of J&K which has been made to rely more on fiscal transfers rather than public investment. Our share of overall public investment has never exceeded one per cent.

Sir, at the end I would like to say that first, from the "Fund of Funds" corpus of Rs.10,000 crore, I would request you to make available to J&K Rs.1000 crore...(*Interruptions*) so that it takes care of our economy also.

*** श्री राम टहल चौधरी (राँची)**ः**आदरणीय** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच को साकार करने की दिशा में अरूण जेटली ने रेल बजट के रूप में जो कदम उठाए हैं उससे देश की बिगड़ती हालत को सुधार करने का मौका मिलेगा । यह बजट दीर्घकालिक विकास का संकेत दे रहा है । एक तरफ इस बजट में उद्योगों के लिए राहत है तो दूसरी तरफ आम आदमी को करों में रियायत भी है । आर्थिक सुधार के साथ-साथ बुनियादी ढांचा खास तौर से बिजली, पानी और सड़क के साथ कृषि पर ज्यादा जोर है । शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ महिलाओं की सुरक्षा और उनका विकास भी आने वाले सालों में प्राथमिकता के रूप में होगा ।

बड़े शहरों का बोझ कम करने के लिए मंझले शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के प्रधानमंत्री के सपने को जमीन पर उतारने के लिए जेटली जी ने इसी बजट से शुरूआत की है । इस

बजट में अरबन मायने वाले गांवों में शहरों जैसी सुविधा फार्मूले पर सरकार आगे बढ़ी है।

कृषि क्षेत्र के लिए एक लाख और ऊर्जा पंप सेट लगाने की योजना भी लांच करने का ऐलान किया है। इसके लिए वित्त मंत्री जी ने 400करोड़ रूपए का बजट रखा है। नहरों के तट पर एक मेगावाट के सोलर पार्क के विकास के लिए 100 करोड़ रूपए अलग से आवंटित किए जा रहे हैं। वित्त मंत्री जी ने ग्रीन एनर्जी कारीडार परियोजना को इस वित्तीय वर्ष में और गति देने का भी ऐलान किया है।

देश में करोड़ों ऐसे लोग हैं जिनके पास बच्चों के साथ जीने के लिए समुचित आवास नहीं है। इस सरकार ने सभी लोगों को 2022 तक आवास देने का वायदा किया है। इसके लिए स्मार्ट सिटी योजना और होम लोन के ऋणों में रियायत देने की बात कही है। इस सरकार का यह पहला जनरल बजट एक तरह से विकासोन्मुखी है जो देश के औद्योगिक, व्यापारिक, बिजली, पानी जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार करने का काम करने वाला है। मात्र 50 दिन से भी कम समय में नई सरकार की ओर से पेश यह बजट विकास के रास्ते खोलेगा। इसमें युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के प्रावधान किए गए हैं। अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाले मैन्यूफैक्चरिंग व इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को बढ़ावा देने के अलावा यह बजट वित्तीय बाजार को मजबूती प्रदान करेगा। मोदी सरकार के बजट से बचत प्रोत्साहनों को बढ़ावा मिलने के साथ ही वित्तीय बाजार में निवेश में आ रही कई दिक्कतें भी दूर होगी।

बजट की मुख्य घोषणाओं पर गौर करें तो वस्तु एवं सेवा कर और डायरेक्ट टैक्स कोड, व्यय आयोग के साथ बैंकों की मूलभूत जरूरतों के लिए धन जुटाने की अनुमति देना आदि सहूलियतें दी गई हैं। कुल मिलाकर बजट में यह संकेत देने का प्रयास किया है कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती ही मिलेगी, विकास दर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने वाला। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के विकास पर खास ध्यान दिया गया है, सड़क, पोर्ट, एयरपोर्ट, ऊर्जा, स्मार्ट सिटी विकसित करने, ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने, आवासीय और सामाजिक क्षेत्र के विकास तथा वित्तीय क्षेत्र में बचत के प्रोत्साहन आदि प्रावधान किए गए हैं। रीयल इंवेस्टमेंट ट्रस्ट और इंफ्रास्टकचर इनवेस्टमेंट ट्रस्ट की अनुमति देना मोदी सरकार की व्यापक सोच का परिचायक है।

बजट में आयकर की धारा 80 सीसी के तहत आय सीमा बढ़ाने, निजी भविष्य निधि में योगदान सीमा वृद्धि और गृह ऋण लेने पर दिए जाने वाले ब्याज पर मिलने वाली आयकर राहत की सीमाओं को बढ़ाने जैसे प्रस्ताव आम लोगों में निवेश और बचत की प्रति रुचि पैदा करेंगे। पिछले कुछ सालों में वित्तीय बाजार में निवेश की बजाय लोगों के सोना खरीदने के प्रति रुझान से देश की आर्थिक रफ्तार घटी है। नई सरकार के बजट प्रोत्साहन से इसे रोकने का काम किया जाएगा। माननीय वित्त मंत्री अरूण जेटली ने बजट में वित्तीय क्षेत्र में सुधार के लिए जो प्रावधान किए हैं उससे देश के वित्तीय बाजार में निवेश के प्रति लोग आकर्षित होंगे, इससे उत्पादन और व्यापार को विस्तार करने में मदद मिलेगी।

पिछले चार सालों के दौरान जीडीपी की तुलना में वित्तीय बाजार में हुए निवेश पर गौर करें तो इससे 12 फीसदी तक गिरावट आई है। ऐसे में बजट प्रावधान से वित्तीय बचतों में वृद्धि से जीडीपी का बढ़ना स्वाभाविक है। बजट में मैन्यूफैक्चरिंग और पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन से रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे देश में बढ़ती बेरोजगारी को रोका जा सकेगा। लंबे समय से बीमा और रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश सीमा बढ़ाए जाने की मांग मानकर आज की परिस्थितियों में एक सही निर्णय लिया गया है। आयकर छूट सीमा बढ़ाने, बुजुर्गों को और रियायतें दिए जाने से राजकोषीय घाटा के बढ़ने जैसी आशंका नहीं। सीमा और उत्पादन शुल्क घटाने से घरेलू उद्योगों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा कर निर्धारण संबंधी विवादों के समाधान के लिए व्यापक प्रयास संबंधी प्रस्तावों से, सालों से चल रहे वित्तीय मुकदमों को निपटाने में मदद मिलेगी। बजट में मोदी सरकार स्थायी कर प्रणाली, मैक्रो इकोनोमिक्स स्थायित्व, राजकोषीय समेकन, व्यापार के लिए लाइसेंस आदि आवेदन को हफ्ते भर में निपटाना, चौबीस घंटे ई-फाईलिंग की सुविधा तथा शूम और कृषि उत्पादों के विपणन में सुधार का बीड़ा उठाया जाना देश को विकास के रास्ते पर ले जाने में मदद करेगा।

खेलों के प्रति भी वित्त मंत्री जी ने अपनी इच्छा व्यक्त की है। खेलों के विकास के लिए देश के दो सीमावर्ती राज्यों में 300 करोड़ रुपए की योजनाओं का ऐलान किया है। इसमें जम्मू-कश्मीर में खेल स्टेडियमों का विकास तथा मणिपुर में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना जैसी योजनाएं शामिल है।

देश में बुनियादी सेवा, बिजली आज लोगों की एक आवश्यकता बन चुकी है। घरों से लेकर उद्योगों तक इसकी मांग बढ़ रही है और आज भी देश के कई हिस्सों में एवं गांवों में बिजली नहीं पहुंची है। इस सरकार ने हर घर तक बिजली पहुंचाने का संदेश दिया है और बिजली वितरण क्षेत्र में गांवों को बिजली वितरण के लिए अलग से लाइन दिए जाने का प्रावधान किया जाएगा। इससे शहरों और गांवों में बिजली उपलब्ध कराने में जो भेदभाव किया जाता है उसको दूर किया जा सकेगा। बिजली कंपनियों को बिजली पैदा करने और उसके वितरण क्षेत्र में मजबूती लाने के लिए बिजली कंपनियों को दस वर्ष तक टैक्स में छूट दिए जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही साथ, एक वार अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने का ऐलान किया है। साथ ही सौर ऊर्जा का उपयोग किए जाने के कई प्रावधान किए हैं जो बिजली की कमी को दूर करने में सहयोग देंगे।

अंत में, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र रांची झारखंड की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। झारखंड एक पिछड़ा राज्य है जो पहाड़ों एवं जंगलों से घिरा हुआ है। हर क्षेत्र में विकास दर बहुत नीची है। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि शहर हो या गांव, सड़कों का निर्माण कराया जाए। हर गांव में बिजली की व्यवस्था की जाए। बिजली का उत्पादन बढ़ाया जाए। सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए सोलर पंप की अधिक व्यवस्था की जाए। प्रधानमंत्री सड़क योजना द्वारा सड़कों का निर्माण कराया जाए। स्वास्थ सुरक्षा योजना में जो कमी की गई है उसे पहले की तरह बत्तीस किलो दी जाए। रोजगार देकर भारी मात्रा में हो रहे पलायन को रोका जाए। एचईसी के सेवा निवृत कर्मचारियों का बकाया ग्रेच्यूटी एवं पेंशन का शीघ्र भुगतान कराया जाए। स्वर्ण रेखा परियोजना, चांडील के विस्थापितों की बकाया राशि का भुगतान शीघ्र कराया जाए। एचईसी घूर्वा रांची के विस्थापित परिवारों को खाली जमीन वापस कराई जाए। चूंकि किसानों ने कारखाने के लिए जमीन दी थी ताकि लोगों को रोजगार मिल सके परंतु ऐसा नहीं हुआ। हमारे यहां झारखंड में अनेक जलप्रपात हैं जिसका विकास कर सुन्दरीकरण किया जा सकता है। ये हैं हुडरुफौल गोतमधारा, हिरणी फौल आदि। हमारे यहां ऐतिहासिक मंदिर हैं जिनका विकास कर सुन्दरीकरण किया जा सकता है जैसे रजरप्पा मंदिर, जगन्नाथपुरी मंदिर, जोन्हर फौल आदि इससे काफी टूरिस्ट आयेंगे, जिससे ये अच्छे पर्यटक स्थल बन सकते हैं एवं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे एवं सरकार को आमदनी भी होगी। हमारे यहां छोटी-छोटी एवं बड़ी नदियां हैं उसे जोड़कर सिंचाई सुविधा बढ़ाई जा सकती है। हमारे यहां बहुत सी माइन्स हैं, जैसे सीसीएल, बीसीएल, आईसीएल, आदि अनेक प्रकार के खदान हैं परंतु वहां के लोग बेरोजगार हैं। शिक्षा में बहुत बड़ा गिरावट है। स्कूलों में शिक्षक की कमी है। हर स्कूल में चाहे प्राइमरी स्कूल हो या हाई स्कूल हो, एक दो ही शिक्षक हैं जिससे गांव के गरीब बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। शिक्षकों की कमी की भरपाई की जाए। इन सभी समस्याओं का समाधान करने हेतु झारखंड को अतिरिक्त धन देने का बजट में प्रावधान किया जाए। ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत डाकघर के कर्मचारी दैनिक मजदूर के समान हैं। कर्मचारियों को मजदूरों से भी कम वेतन मिलता है। न इनका पीएफ कटता है न ही अन्य सरकारी सुविधा केन्द्रीय कर्मचारियों की तरह इनको मिलती है। इनको किसी प्रकार की कोई सरकारी सुविधा नहीं मिलती है। अतः केन्द्रीय कर्मचारियों की तरह वेतन एवं हर सुविधा देने की मांग करता हूं।

अतः मैं वित्त मंत्री द्वारा जो जनरल बजट प्रस्तुत किया गया है, उसका मैं समर्थन करते हुए एवं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

***श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी द्वारा प्रस्तुत यह बजट देश की दशा एवं दिशा के निर्धारण के संबंध में स्पष्ट नीतिगत संकेतों को दर्शाने वाला एनडीए सरकार का पहला बजट है। वर्तमान बजट की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। यह एक बहुत ही संतुलित बजट है जो जन-कल्याणकारी एवं देश हित में है। बिहार का मेगा कलस्टर, आईआईएम एवं अन्य लाभकारी प्रोजेक्ट मिल रहे हैं। मैं उसका स्वागत करती हूँ।

अच्छे दिन आयेंगे इस पर अभी तक किसी को विश्वास नहीं हो रहा है, क्योंकि अभी तक जो भी कांग्रेस की सरकार आई वह अच्छे दिन नहीं ला पाई है। आज़ादी के बाद अच्छे दिन की जो तैयारी हुई है उसके परिणाम जरूर अच्छे होंगे। 60 वर्षों तक राज करने वाले को धैर्य रखना चाहिए। सभी योजनाएँ सच में पूरी होने वाली है।

इस बजट में सभी के लिए कुछ न कुछ है। आम बजट में महिलाओं और बच्चों को सुविधाएं देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिला एवं बाल विकास कोष पर बल दिया जा रहा है। विश्व स्तर के शहरों का निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण और गंगा को अविरल बनाने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। आवास ऋण पर ब्याज में कटौती की सीमा को डेढ़ लाख से बढ़ाकर दो लाख किया गया है। छोटे उद्यमी को प्रोत्साहन के लिए वर्ष में 25 करोड़ से अधिक के निवेश पर 15 प्रतिशत निवेश भत्ते का प्रस्ताव है। देश में घटती हुई घरेलू उत्पादन दर चिन्ता का विषय है। दुःख की बात यह है कि पिछले 10 वर्षों में घरेलू उत्पादन की दर घटती जा रही है। यू.पी.ए. सरकार की आर्थिक नीतियों की विफलता के कारण हमारी सरकार के लिए चुनौतियां काफी बड़ी हैं। हमारी सरकार से अपेक्षा है कि वह देश में विकास दर 10 प्रतिशत से अधिक एवं महंगाई दर 5 प्रतिशत से कम सुनिश्चित करने की दिशा में समुचित कार्रवाई करेगी। किसानों की अनाज रखने की व्यवस्था पहले से ही नहीं रहने के कारण अनाज बाहर रहने से सड़ जाता है और बरसात में बर्बाद हो जाता है। अतः इस बात की आवश्यकता है कि अनाजों के समुचित भंडारण हेतु सुविधा मिले। महंगाई पर लगाम लगाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। गरीबों को जो दिक्कते हैं उसे युद्धस्तर पर दूर करने की जरूरत है।

किसानों के लिए एक हजार करोड़ रूपए का प्रावधान तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का प्रावधान किसानों की बेहतरी के लिए काफी उपयुक्त होगा। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना को भी किसानों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचाने की आवश्यकता है।

बिहार में बिजली की मांग 3000 मेगावाट के करीब है। इसे पूरा करने के लिए 400 मेगावाट का प्लांट मुजफ्फरपुर और 700 मेगावाट बाढ़ में लगाए जाने की योजना कोल लिंकेज के कारण ठंडे बस्तों में पड़ी हुई हैं। बिहार में बिजली की जरूरत पूरा करने के लिए अरूणाचल प्रदेश से जो एमओयू तैयार किया गया था, उसका भी कोई लाभ बिहार को नहीं पहुँच सका। इसी प्रकार राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना का भी विशेष लाभ बिहार को नहीं मिला है।

विश्व भर में युवाओं और खेलों के प्रोत्साहन के लिए कार्य हो रहे हैं। ऐसे में देश का युवा चाहता है कि उसकी सरकार भी इस दिशा में ठोस पहले करे। ऐसे परिपेक्ष्य में इस वर्ष के खेल मंत्रालय के बजट में बढ़ोतरी स्वागतयोग्य कदम है। इस बजट में युवाओं पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोलने का प्रस्ताव खेलकूद को मुख्य धारा में लाने की दिशा में सही पहल है। देश के नौज़वानों विशेषकर खिलाड़ियों को पूरा प्रोत्साहन मिलना चाहिए ताकि वे देश में ही नहीं ओलम्पिक में भी अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

माननीय उमा भारती जी को गंगा के कायाकल्प की जिम्मेदारी दी गई है। गंगा नदी में डॉल्फिन की घटती हुई संख्या चिन्ता का विषय है। इसे राष्ट्रीय जल पशु घोषित किया गया तो उम्मीद की गई थी कि इनका संरक्षण तथा संवर्धन होगा। बिहार के सुल्तानगंज से कहलगांव तक गंगा नदी का 50 कि.मी. जल क्षेत्र डॉल्फिन सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह देश का इकलौता डॉल्फिन सुरक्षित क्षेत्र है और बिहार की एक जन प्रतिनिधि होने के नाते इस जल क्षेत्र के विकास की चिंता मुझे सदा रहती है। मेरी मांग है कि केन्द्र सरकार डॉल्फिन के संरक्षण तथा संवर्धन पर और अधिक ध्यान दे।

अब मैं आपका ध्यान अपने शिवहर क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं की ओर दिलाना चाहती हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व का मधुबनी कला केन्द्र अब देख-रेख और वित्तीय मदद के अभाव में धीरे-धीरे खत्म होने के कगार पर आ रहा है। वर्षों से वहां कोई महत्वपूर्ण विकास कार्य नहीं हुआ है और यह केन्द्र आज भी उपेक्षित है। हमारी मांग है कि आप भारतीय इतिहास के इस गौरवशाली अतीत को संरक्षित करने एवं विकास के लिए तत्काल उचित निर्देश देने की कृपा करें।

चकिया बनझुला से शिवहर सड़क की अवस्था काफ़ी जर्जर हो गई है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को काफ़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अब यह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 104 घोषित हो चुका है। चकिया बनझुला-शिवहर तक की सड़क को जल्द से जल्द निर्मित करने की आवश्यकता है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके।

वित्तमंत्री अरूण जेटली ने जो आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया और बाद में जो बजट पेश किया उनमें तालमेल है। जीडीपी दर 5.5 प्रतिशत की दर से बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। राजकोषीय घाटे को सही स्तर पर लाने के लिए हर संभव कोशिश होगी। यह बजट विकास के रास्ते खोलेगा। इसमें युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के प्रावधान किये गये हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि सरकार देश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार को रोकेगी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। केन्द्र सरकार के प्रयासों से नागरिकों और महिलाओं को अधिक सुरक्षा प्रदान की जायेगी। नक्सलवाद एवं आतंकवाद से निपटने के लिए पर्याप्त कदम उठाये जायेंगे। आदरणीय मोदी जी की अगुआई में हमारा देश विकास एवं समृद्धि की नई ऊँचाईयों को छुएगा।

माननीय सभापति : श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी, आप बोलिए। अब उनकी बात प्रोसीडिंग में नहीं जा रही है।

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल (दमोह) : सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं यहां पर आदरणीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। मैं अपनी बात सिर्फ असंगठित क्षेत्र के मजदूरों और किसानों, सिर्फ इन दो पर ही केन्द्रित करूंगा। आपने इस परम्परा को इस सदन में बहुत जिम्मेदारी के साथ रखा है। मैं पिछले चार वर्षों से देश के असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के बीच काम कर रहा हूं। मैं अटल जी की सरकार के समय इस सदन का सदस्य था। मुझे उस समय सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी का पहली बार एहसास हुआ जब अटल जी की सरकार ने इस देश के 44 करोड़ असंगठित मजदूरों के बारे में एक कानून बनाया। जो भवन बनाने वाले मजदूर थे, अटल जी का अपना तरीका था कहने का कि भवन बनेंगे, अट्टालिकाएं बनेंगी, सड़कें बनेंगी, लेकिन उस गरीब का क्या होगा। तब से सेस कटना शुरू हुआ। मैं कांग्रेस के मित्रों के भी भाषण सुन रहा था, इस बजट को भी मैं देख रहा था। बजट में आदरणीय जेटली जी ने ईपीएम स्कीम के तहत 1000 रुपये प्रति महीने पेंशन की घोषणा की। मैं आश्चर्यचकित था कि सदन का एक भी सदस्य तालियां नहीं बजा रहा है। यह सदन की स्थिति है। हम पर आरोप लगते हैं, यहां पर बहुत लोग मजदूरों की बात करते हैं, ट्रेड यूनियन्स की बात करते हैं, हम पर आरोप भी लगाते हैं, लेकिन मैं आश्चर्यचकित था कि मजदूरों के बारे में इतना बड़ा फैसला होने के बाद भी सदन ने उसको सराहा नहीं। मैं कांग्रेस के लोगों से कहता हूं कि आप 1000 रुपये महीने पेंशन की बात सिर्फ पैसे तराजू पर तौलते हैं, लेकिन क्या आप कभी सोचते हैं कि किसी संगठित क्षेत्र के किसी संस्थान में काम करने वाला, ठेके का मजदूर जिसका पीएफ नम्बर बड़ी मुश्किल से बनता है, अगर उसकी सामाजिक सुरक्षा की कोई गारन्टी नहीं लेगा, तो इस देश का क्या होगा। अभी बाकी काम बचा हुआ है। मैं कांग्रेस के मित्रों से कहूंगा कि मैं पिछले सदन में नहीं था, लेकिन मैंने बजट को पढ़ा है, मैं ढूंढ रहा था कि क्या उसमें कहीं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का नामोनिशान है। हम कल्पनाएं करते रह गए, लेकिन आपने फैसला नहीं किया। यह मेरा आप पर आरोप है। जहां तक सवाल असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का है, अभी सूची तय नहीं हुई है, पहले 37 नाम थे, अभी 62 नाम हुए हैं, लेकिन अभी उनको चिन्हित नहीं किया गया है। पंजीयन का काम श्रम मंत्रालय का एडमिनिस्ट्रेटव वर्क है। लेकिन आपने क्या किया, आप कहते हैं कि यह यूपीए का बजट है, हम बताना चाहेंगे कि यह यूपीए का नहीं, बल्कि हमारी सरकार का बजट है। मैं उन बातों को उद्धृत करूंगा जो इस बजट में हैं, लेकिन यूपीए सरकार के बजट में नहीं थीं। मैं पहले प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का नाम लूंगा। आपको मैं इस बात के लिए धन्यवाद दूंगा कि आपने इस योजना को जारी रखा। लेकिन सिंधिया जी से बड़ी विनम्रता से कहूंगा कि वह योजना जो 2007 और 2008 में 500 की आबादी वाले गांवों को जोड़ने वाली थी, वे गांव 2014 तक क्यों नहीं जुड़ सके, क्या इसकी जिम्मेदारी आप नहीं लेंगे।

मैं अब स्वर्णिम चतुर्भुज योजना की बात करता हूं, जो उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम को जोड़ने वाली थी। खंडूरी जी के समय में वह योजना नौ महीने आगे चल रही थी। आज वह 2014 तक पूरी नहीं हो सकी, जिसे 2008 में पूरा होना था। मुझे लगता है कि हमें इन विषयों पर सदन में ईमानदारी से बहस करनी चाहिए। मैं सही आंकलन कर रहा हूँ, मेरी पार्टी कर रही है इसलिए मैं सिर्फ पार्टी के लिए कहूंगा, मुझे लगता है कि यह ईमानदारी नहीं होगी और इस देश के साथ न्याय नहीं होगा।

कृषि से जुड़े हुए जितने भी मामले हैं, मैंने पिछले बजट में देखा है, जो 93 पाइंट में था। उस समय मैं सदन में नहीं था। उसमें युवाओं को सिर्फ ट्रेनिंग देने की बात ही कही गई थी। लेकिन जेटली जी के बजट में जब यह कॉलम आता है तो उसमें बताया जाता है कि प्लाईगर, बढ़ई, मोची, राज-मिस्त्री, बुनकर आदि को भी प्रशिक्षण मिलना चाहिए। जब तक आप किसी तरह से भी रोजगार करने वाले को तकनीक का सहारा नहीं देंगे, उसका अपग्रेडेशन नहीं करेंगे, मुझे नहीं लगता कि आने वाली पीढ़ी कभी आगे बढ़ सकती है।

मैं मध्य वर्गीय किसान का बेटा हूं, मेरे घर में एक पाई भी बाहर से नहीं आती है, अगर खेती घाटे का सौदा है तो मेरा बेटा खेती की तरफ नहीं जाएगा। वह दफ्तर में जमीन बेचकर चपरासी बनने को तैयार है, क्योंकि उसे गारंटी मिलती है कि उसे हर माह की पहली तारीख को वेतन मिलेगा। इससे उसका परिवार चलेगा और वह खेती की तरफ नहीं जाएगा। इस सच्चाई से देश को परिचित कराना पड़ेगा। सदन को इस बात पर चिंता करनी होगी। मुझे लगता है कि कृषि फायदे का धंधा कब बनेगी, कैसे बनेगी, तो मैं इसमें तीन-चार बातें देखता हूं।

इस मुद्दे पर सदन में बहस नहीं होती है। जब कभी इस बारे में कोई कानून आता है तो कितनी जल्दबाजी में वह पास होता है, वह सदन में हम सबने देखा है। अगर हमारे वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में कृषि चैनल की घोषणा की है, तो इसकी तारीफ होनी चाहिए कि देर-सबेर ही सही, 60 साल के बाद भी, कम से कम जो हमारे सभापति जी जैसे लोग हैं, उस चैनल पर आएंगे तो आने वाली हमारी पीढ़ी कृषि के महत्व को समझेगी। कृषि आज देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र है।

जहां तक बुनकरों का सवाल है, उनकी भी समस्याओं के बारे में हमें सोचना होगा। आज दुनिया चाहती है कि हाथ का बना हुआ कपड़ा पहने। भले ही उसकी कितनी भी कीमत क्यों न हो। लेकिन उसकी ब्रांडिंग नहीं है। उसका रास्ता कहीं नहीं है। इसलिए हमें कम से कम उन बातों पर ध्यान देना चाहिए, जिस आधार पर ये बातें आगे चल पाएं। मैं कहना चाहता हूं कि हम जैसे लोग तो रेडियो की बात करते थे। मैंने इसी सदन में भाषण दिया था कि कृषि चैनल की जगह रेडियो ही हो जाए तो बहुत बड़ी बात होगी। लेकिन इस बजट में कृषि चैनल की घोषणा हुई है तो मैं सरकार को इसके लिए बधाई देना चाहता हूं।

मौसम बदल रहा है, सब जानते हैं, लेकिन उसके बाद भी इस बारे में कोई प्रबंध नहीं किया गया। मौसम को हम नहीं बदल सकते, लेकिन कोई विकल्प दे सकते हैं। राष्ट्रीय अनुकूलन निधि का प्रावधान इस बजट में करके सरकार ने बेहतरीन काम किया है, इसकी सराहना होनी चाहिए, जो आप नहीं कर सके।

इस बजट में प्रधान मंत्री ग्राम योजना की बात कही गई है। मैं इतना मानता हूं कि अटल जी ने यह योजना लागू करके सिर्फ छोटा-मोटा काम नहीं किया, बल्कि क्रांति की है। यह देश में हरित क्रांति के बाद दूसरी क्रांति होगी। आप हरित क्रांति की बात करते हैं, लेकिन उसने देश को कुछ दुष्परिणाम भी दिए हैं, इस बात को भी समझना चाहिए। इस विषय पर भी चर्चा होनी चाहिए। आज समय नहीं है, लेकिन जब कभी कृषि पर बोलने का मौका आएगा तो मैं अपनी बात कहूंगा। इस बजट में प्रोटीन क्रांति की भी बात है. हमें खाने के लिए देना होगा। हरित क्रांति ने देश को कितना नुकसान पहुंचाया है, इसकी वास्तव में सामयिक चर्चा होनी चाहिए। जब समय आएगा तो इस पर बात होगी।

भूमिहीन किसान, जिसके पास जमीन नहीं है, हम उसे जमीन देने की बात करते हैं। उसे नाबार्ड से लोन मिलने का प्रावधान किया गया है, क्या आपने पहले ऐसा प्रावधान किया था। इन बातों के जवाब आपको भी खोजने होंगे। जहां तक खेती के स्वास्थ्य बिगड़ने का सवाल है, यह सबको पता है। आपके भी कई वक्ताओं ने इसे बताया है कि कौन सी खाद डलनी चाहिए, कौन सा पेस्टिसाइड डालना चाहिए, किस चीज से जमीन की बर्बादी होगी, कहां पर सीपेज है, जिस कारण जमीन बंजर हो रही है। मैं इससे सम्बन्धित समिति का सदस्य रहा हूं, उस पूरी वेस्टलैंड का उपयोग कैसे हो सकता है, इस पर ध्यान देना चाहिए। आज सौर ऊर्जा आदि तमाम तरीकों को अपनाने पर, लेकिन यह करने की नीयत होनी चाहिए। हमारा दृष्टिकोण होना चाहिए कि वास्तव में मेरी जमीन का स्वास्थ्य मुझे नहीं पता, किसान को वाकई में नहीं पता, लेकिन अगर ऐसा प्रावधान हो जाएगा तो मैं समझता हूं कि किसान की खेती लाभ के सौदे की तरफ एक कदम आगे बढ़ेगी। मेरा ऐसा मानना है।

इस बजट में नीरांचल की बात कही गई है। किसान विकास पत्र की बात कही गई है। सब लोग बैंकिंग की बात करते हैं। मैं जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं तमाम स्कीम्स आती हैं, पढ़े-लिखे लोग, व्यापारी अपना धन उनमें निवेश करते हैं। इस बजट में जो गैर बैंकिंग व्यवस्था का उल्लेख किया गया है, यह महत्वपूर्ण है। आज किसान के पास पैसा है, सोना है लेकिन उसे निवेश करने का तरीका नहीं आता है। यह सच्चाई आपको स्वीकार करनी पड़ेगी। मैं किसान का बेटा हूं, हमारे पास पैसा है, सोना है लेकिन निवेश का तरीका नहीं था, माननीय वित्त मंत्री जी ने वह रास्ता खोला, मैं आपको उसके लिए हृदय से बधाई देता हूं। आपको तय करना पड़ेगा कि वास्तव में आप करना क्या चाहते हैं? गांव की समस्या क्या है? गांव की समस्या गंदगी है और उस गंदगी को दूर करने के लिए हमने कोई मिशन नहीं चलाया, हम नेताओं की तरह कहें कि साहब सब कुछ सरकार कर देगी तो माफ करना देश में सारा काम सरकार नहीं कर सकती है। जो समाज को करना है उसके लिए समाज को प्रेरित करना पड़ेगा और यह कहने का नैतिक साहस आपमें तब आयेगा जब वास्तव में आप अपनी जगह पर ठीक होंगे।

मैं आग्रह करता हूं कि बुजुर्गों की सार्वजनिक भविष्य निधि का जो मामला है, जो दावा-रहित राशि पड़ी रहती है, आपने दावा-रहित राशि जो बुजुर्गों की थी उन्हीं बुजुर्गों के कल्याण की बात करके कि पैसा उन्हीं पर खर्च होगा, मैं मंत्री जी आपको धन्यवाद देता हूं।

मैं बुंदेलखंड का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। मैं पहली बार वहां से चुना गया हूं। चंदेल एवं परमार कालीन व्यवस्था वहां पर जल की थीं। बुंदेलखंड में शताब्दियों से कम वर्षा होती है लेकिन उन्होंने पानी का प्रबंध किया। बीच में सामंतशाही के विवादों के कारण उनके स्रोत रोके गये और आज वहां अकाल है, गरीबी है। लेकिन मेरे क्षेत्र में भीमकुंड जगह है जहां पर डिस्कवरी चैनल के लोग गये। वहां 300 मीटर पर जल-स्रोत है लेकिन आदमी प्यासे बैठे हुए हैं। हमें इस बात को स्वीकार करना पड़ेगा कि हमने वहां नियोजन नहीं किया। कल माननीय सिंधिया जी भाषण कर रहे थे, मैं बहुत आलोचना नहीं कर रहा हूं लेकिन उन्हें इतना ही कहूंगा कि आप के जो नेता हैं वे फिजिक्स के उस प्रोफेसर की तरह हैं जो एक बार अपने बच्चों को लेकर टूर पर जा रहा था। नदी में पानी आ गया तो उसने नापा कि कितना पानी है, उसने तीन जगह जाकर नापा और औसत हाईट निकाली, बच्चे को नापा, सब औसत हाईट से ऊपर थे, बच्चों को पानी में उतार दिया, पता चला कि बच्चे सारे के

सारे डूब गये। बाद में माथा पीटकर कह रहा है कि "हिसाब-किताब ज्यों का त्यों फिर भी कुनबा डूबा क्यों।" कागजी बातों से काम नहीं चलता है, जर्मीन पर जाकर हमें चिंता करनी पड़ेगी।

सभापति जी, कल मैंने इसी सदन में जम्मू-कश्मीर का मामला उठाया था। हमारे मित्र कह रहे थे कि इस पर भी चिंता करनी चाहिए, क्योंक धन तो हम देते हैं। जो केन्द्रीय सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हुए कानून हैं उनकी जम्मू-कश्मीर में दुर्दशा है। जब तक उनकी समीक्षा का रास्ता नहीं निकलेगा, वो अपनी सम्पति को बचाने के लिए धारा 370 का दुरुपयोग करें, लेकिन मजदूरों के लिए फांसी का फंदा न बनाएं तो ज्यादा बेहतर होगा।

कल मैंने कहा था कि 30000 हजार रुपया एक साल में खच्चर पर टैक्स है, किसी भी राज्य में मोटर-व्हीकल एक्ट के तहत कार पर इतना टैक्स नहीं है जितना वहां खच्चर पर है। ऐसा मजाक लोगों के साथ न किया जाए।

अंत में मैं इस बजट का समर्थन करते हुए जोकि गरीब, किसान और गांव के हित में है माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं।

***श्री जुगल किशोर (जम्मू)**ः केन्द्रीय बजट जो हमारे वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी ने पेश किया, बहुत अच्छ बजट है। कई सालों के बाद ऐसा बजट पेश हुआ है जिसमें हर क्षेत्र एवं हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

यही एक ऐसा बजट है जिसमें किसी भी क्षेत्र की अनदेखी नहीं की गई। वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में गांवों और गरीब लोगों को ध्यान में रखा है और किसानों को भी राहत दी है जिसमें कई ऐसी योजनाएं हैं जैसे-बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नदियों को जोड़ना, शिक्षा क्षेत्र में आई.आई.टी. एवं आई.आई.एम. कालेजों की स्थापना करना इत्यादि।

वित्त मंत्री ने पहली बार इतना महत्व जम्मू कश्मीर को दिया है। मैं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने जम्मू के विद्यार्थियों के लिए आई.आई.टी. कॉलेज एवं जम्मू के लोगों के लिए खेल एवं स्टेडियम के लिए 200 करोड़ रूपये, पश्मीना क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 50 करोड़ रूपए, कश्मीरी पंडितों के पुर्नवासन के लिए 500 करोड़ रूपये का योगदान दिया है।

मैं वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि उन लोगों के लिए भी जरूर कुछ करें जो अपने अधिकारों की लड़ाई 67 सालों से लड़ रहे हैं। मैं पश्चिमी पाकिस्तानी रिफ्यूजियों की बात कर रहा हूं जिन्हें आज भी स्थाई नागरिकता प्रदान नहीं की गई है और विधान सभा एवं पंचायती चुनाव में भी उन्हें मतदान का अधिकार नहीं है। उनके बच्चे को चौथी श्रेणी में भी नौकरी नहीं मिल सकती। इसके साथ ही पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर के 12 लाख के करीब रिफ्यूजी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पाक अधिकृत कश्मीर में अपने घर, जमीन, जायदाद छोड़कर उनको आना पड़ा था। जम्मू कश्मीर की सरकार ने उनको यह विश्वास दिलाया था कि आप लोगों का पुनर्वास जल्द किया जाएगा परन्तु आज तक भी उनको वायदे के अनुसार जमीन और बाकी अधिकार नहीं दिये गये। आज भी उनको जमीन का मालिकाना हक नहीं है।

मेरी आपसे प्रार्थना है कि उनके लिए एक रिफ्यूजी डवलेपमेंट बोर्ड का गठन किया जाए और वनटाइम सेटलमेंट के तहत उन्हें राहत दी जाए। इसके साथ ही बार्डर एरिया के साथ लगी कांटेदार तार के उस पार कई लोगों के घर भी है, जमीन भी है, लेकिन 10 सालों से न उनको जमीन का मुआवजा दिया गया, न उनको घर जाने दिया गया और न ही वे वहां पर खेती कर सकते हैं। प्रार्थना है कि उनके लिए कोई पैकेज की घोषणा की जाए। जम्मू के टूरिज्म को बढ़ाने के लिए जरूरी कदम उठाये जायें और इसके साथ-साथ ही जम्मू कश्मीर लघु उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पैकेज की घोषणा की जाए। जम्मू और कश्मीर में सड़कों की हालत भी अच्छी नहीं है इसके लिए धन उपलब्ध कराया जाए।

अंत में मैं माननीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए सामान्य बजट का समर्थन करता हूं।

*__SHRI C.R. CHAUDHARY (NAGAUR) :__ I would like to greet, congratulate and thanks our Hon'ble Prime Minister and Hon'ble Finance Minister for giving the populous, public welfare oriented, developing & visionary Budget to the Nation. Whatever our Hon'ble Prime Minister promised to the people having reflected in this budget. All sects of the people and from children to senior citizens have been benefited by this budget. Due attention and importance was given to National Security. A policy of one rank one pension has been adopted by the Government to address the pension.

As we all know more than 70% population of this country is engaged directly and indirectly in Agriculture. Our Finance Minister has been very liberal while allotting the funds for the benefit of farmers and agriculturists. The farmers will get soil health card in a mission mode. Government has made the provision of opening the Agricultural Research Institution of excellence two Central Agriculture Universities and two central Vetenary Universities will help in the research sector and give more input in agriculture sector. The enough provision has been made for Agriculture credit.

Even after 67 years of Independence, we could not bring more than 50% of the total agricultural land under irrigation. Our Government is more worried about Rs.1000 crore provided for "Pradhan Mantri Krishi Sinchayea Yojna" for assured irrigation.

Our Govt. is more concerned about the Rural Development. Shyama Prashad Mukerji Urban Mission for integrated project is based infrastructure in the rural areas.

Rs.500 crore are provided for "Deen Dayal Gram Jyoti Yojna" for feeder separation to augment power supply to the rural areas. For strengthening PMGSY, the Finance Minister has made the provision of Rs.14389 crore.

Allocation for National Housing Bank has been increased to Rs.8000 crore to support Rural Housing. New programme 'Neeranchal' will give impetus to watershed development in the country with an initial outlay of Rs.2142 crores.

Hon'ble Finance Miniser has taken proper care of the schemes which are forS.C. & S.T. population. For the welfare of the tribals, "Van Bandhu Kalyan Yojna" has been launched with the initial allocation of Rs.100 crore.

Lot of new provisions are made for drinking water and sanitation, women and child development programmes.

Personal Income Tax exemption limit has been raised by Rs.50,000 that is from Rs.2 lakh to Rs.2.5 lakh in the case of individual taxpayers, below the age of 60 years. Exemption limit has been raised from Rs.2.5 lakh to Rs.3 lakh in the case of senior citizens. Investment limit under section 80G of the Income Tax Act has been raised from Rs.1 lakh to 1.5 lakh. Finance Minister has given a great relief to the crores of the people of the Nation. Hon'ble Finance Minister has pronounced a lot of good schemes for development for business and trade.

Hon'ble Finance Minister has made good provision for the rehabilitations of Kashmiri migrants and for sport and youth affairs.

Beti Bachao and Beti Padhao will prove great help for the overall development of the girls. Hon'ble Finance Minister has given due consideration to the programmes related to child and women development and also health sector. Similarly, power, energy and renewable energy were also given due importance.

This budget of 2014-15 will very well look after the interest of tourists, North-East States, Telangana & Andhra Pradesh, Science & Technology, education & Higher education.

We are thankful to the Finance Minister for giving such a public welfare oriented and populous budget which will take care of everyone in the Nation. I welcome the budget.

श्री राम कुमार शर्मा (सीतामढ़ी) : सभापति जी, मैं आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे सामान्य बजट 2014-15 पर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया है। मैं अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी की ओर से सामान्य बजट पर बोल रहा हूं।

माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण की पूथम पंक्ति में ही उल्लेख किया है कि भारत के लोगों ने परिवर्तन के लिए वोट दिया है। उसी को ध्यान में रखकर माननीय वित्त मंत्री जी ने इस बजट को तैयार किया है। इसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी की सराहना करता हूं।

बजट सामान्यतः आय-व्यय का लेखा जोखा माना जाता है। परन्तु मेरे विचार में बजट आज को संभालता है और भविष्य को संवारता है। वर्तमान की समस्याओं का समाधान है तो भविष्य के सपनों को साकार करता है। यही बजट की कसौटी है। बजटीय घाटा आज देश की अर्थव्यवस्था का संकट बना है। पिछली सरकार भी इस समस्या से चिंतित थी और वर्तमान सरकार भी इस समस्या को सबसे बड़ी चुनौती मानकर चल ही है। पिछली सरकार के वित्त मंत्री ने इस वित्तीय घाटा को कम करने के लिए सरकारी खर्च में कटौती का रास्ता अपनाया था। वर्ष 2011-12 में जीडीपी का 5.7 प्रतिशत वित्तीय घाटा था जो वर्ष 2012-13 में 4.8 प्रतिशत हुआ और 2013-14 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो गया। वर्तमान वर्ष में इसे घटाने का लक्ष्य 4.1 प्रतिशत है। मैं नहीं समझता हूं कि वर्तमान वर्ष में यह वित्तीय घाटा कम करना बड़ी चुनौती है। पिछले वित्त मंत्री जी ने इस घाटे को कम करने के लिए जो व्ययों में कटौती के रास्ते को अपनाया उसे वर्तमान वित्त मंत्री जी ने भी स्वीकार किया है। परन्तु पिछले वित्त मंत्री जी ने जो व्यय घटाए हैं वो न्यायोचित नहीं कहे जा सकते। आवश्यकता तो यह थी कि गैर योजना व्यय घटाए जाते हैं पर उन्होंने तो योजना व्यय घटाकर वित्तीय घाटा को कम करने की कोशिश की थी।

वर्ष 2013-14 के बजट में योजना व्यय 5 लाख 55 हजार 322 करोड़ का तय किया गया था किन्तु इस व्यय को 4 लाख 75 हजार 532 करोड़ रुपये कर दिया गया था जो दुर्भाग्यपूर्ण कदम था। मुझे प्रसन्नता है कि इस राशि को पुनः माननीय वित्त मंत्री जी ने 5 लाख 55 हजार करोड़ रुपये 2014-15 के बजट में रखा गया है। मेरा सुझाव है कि सरकार गैर विकासीय व्यय जिसमें सबसे बड़ी राशि ब्याज भुगतान की है, उसमें कटौती लाये और इसके लिए देश पर बढ़ते हुए कर्ज के बोझ को कम करना होगा। 2012-13 में ब्याज पर दी जाने वाली राशि 3 लाख 13 हजार 170 करोड़ रुपये थी जो 2013-14 में 3 लाख 80 हजार 66 करोड़ रुपये रह गई और वर्तमान 2014-15 में 4 लाख 27 हजार 11 करोड़ रुपये होगी। अन्न उत्पादक व्ययों को कम करके ही हम देश के विकास को

गति दे सकते हैं। आज इस बदलते हुए माहौल में सरकार को प्राथमिकताओं के आधार पर आय को व्ययों में विभाजित करना होगा। जैसा मैंने पहले कहा हमारे व्यय इस प्रकार होने चाहिए कि वे वर्तमान में समस्याओं का समाधान करें और भविष्य के स्वर्णिम सपनों को साकार करें। देश में खेती की उन्नति ही सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य है। दुर्भाग्य है कि खेती की आज तक अनदेखी की गयी ।...(व्यवधान) महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं। महोदय, अगर आपसे समय नहीं मांगेंगे तो किससे मांगेंगे। अगर आप मुझे समय नहीं देंगे, तो मुझे कौन समय देगा। उसका परिणाम है कि खेती का भागीदारी देश के सकल घरेलू उत्पाद में मात्र 12 प्रतिशत रह गयी है खेती आज एक अलाभकारी काम बनकर रह गया है। हजारों की तादाद में किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हैं। देश में 80 प्रतिशत लघु और सीमान्त किसान हैं जो मात्र वर्ष भर के उपयोग के लिए ही अन्न का उत्पादन कर रहे हैं। उसे समर्थन मूल्य बढ़ाने की नीति लाभान्वित नहीं रही है। इसलिए जरूरी है कि इस दिशा में नीति बदले। समर्थन मूल्य बढ़ाने के साथ उत्पादन लागत में कमी करने के ठोस कदम उठाये तभी देश के किसान वर्ग की खेती लाभान्वित होगी और किसान खुशहाल एवं देश सम्पन्न होगा। आठवीं पंचवर्षीय योजना के बाद देश में आर्थिक उदारीकरण की नीति अपनाने के अन्तर्गत बाजारीकरण को प्रोत्साहन मिला और देश में देखा गया कि वे क्षेत्र जो विशुद्ध सामाजिक हैं सेवा के क्षेत्र हैं वे लाभ कमाने वाले उद्योग बन गए हैं।

मेरा इशारा चिकित्सा और शिक्षा की ओर है। ये दोनों क्षेत्र उद्योग के रूप में पनप गए हैं और आज इतने महंगे हो गए हैं कि देश का निर्धन वर्ग क्या मध्यम वर्ग भी इनकी पहुंच से बाहर हो गया है।

चिकित्सा व्यवस्था के महंगा होने के कारण देश में प्रतिवर्ष लगभग चार करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। हमारा वित्त मंत्री जी से आग्रह है इसमें सुधार कीजिए और शिक्षा तथा स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए मेरा सुझाव है कि स्वास्थ्य को ठीक रखना आज की आवश्यकता है तो स्कूल में बच्चे को भेजना भविष्य की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्तर पर ग्रामीण अंचलों के परिवारों को अपने आय का 7 प्रतिशत इसी चिकित्सा पर व्यय करना पड़ रहा है। 2000 से 2012 तक के दौरान चिकित्सा व्ययों में 205 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में भी यह वृद्धि 390 प्रतिशत के करीब है। मेरा सुझाव है कि स्वास्थ्य को ठीक रखना आज की आवश्यकता है तो स्कूल में बच्चों को भेजना भविष्य की आवश्यकता है।

मेरा अनुरोध है कि सरकार इन क्षेत्रों में इस औद्योगिकरण की प्रवृत्ति पर अविलम्ब अंकुश लगाए और इसके लिए इन दोनों क्षेत्रों में सरकारी व्ययों की राशि में वृद्धि करे ताकि देश में आम आदमी को निजी क्षेत्र के अस्पतालों की और स्कूल कालेजों की महंगाई से राहत मिले और उनको भी विकास का समान अवसर उपलब्ध हो। इस बजट में बुनियादी सुविधा सड़क, आवास, शौचालय, बिजली पर काफी जोर दिया गया है। इसलिए मैं माननीय नरेन्द्र मोदी और माननीय वित्त मंत्री जी के प्रयास की सराहना करता हूं। मैं अपनी ओर से और अपनी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी की ओर से इस बजट का समर्थन करता हूं।

श्री बृजभूषण शरण सिंह (कैसरगंज) : सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने बजट पर मुझे बोलने का मौका दिया है। सदन में मुझे पांचवां बजट सुनने का अवसर मिला है। मैं किसी की प्रशंसा में नहीं कह रहा हूं लेकिन झोपड़ी से लेकर महल तक और गांव से ले कर शहर तक अगर सबसे कम आलोचना मेरे बीस-पच्चीस साल के राजनीतिक जीवन में किसी बजट की हुई है तो यह बजट मैं देख रहा हूं। लेकिन हमारे जो विपक्ष के मित्र हैं, उनको विश्वास नहीं हो रहा है कि बजट मे जो वादा किया गया है, इस वादे को यह सरकार कैसे पूरा करेगी या क्षेत्र में घोषणापत्र के माध्यम से जो वादा देश की जनता के सामने किया गया, उस वादे को यह सरकार कैसे पूरा करेगी? मैं विपक्ष को यह बताना चाहता हूं कि दिनकर जी ने एक कविता लिखी थी:

" है कौन काम ऐसा जग में, टिक सके आदमी के मग में,

"ठम ठोक ठेलता है जब नर पर्वत के जाते पांव उखड़

और मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है। "

दुनिया के अंदर कुछ भी असंभव नहीं है। आपकी तो शंका व्यक्त करने की आदत पड़ गई है। आपको विश्वास करना चाहिए। क्या आपको विश्वास था कि आप जाने वाले हैं? ...(व्यवधान)

हमारे देश में जब राजनीति की चर्चा होती थी और जो राजनीति के भविष्यवक्ता हैं, वे लोग कहते थे कि हिन्दुस्तान की राजनीति में अब किसी एक पार्टी के आने की संभावना बहुत दूर दूर तक नहीं दिखाई पड़ती है लेकिन इस देश की जनता ने, इस देश के गरीब ने, मैंने कहा कि झोंपड़ी से लेकर महल तक, हमारे भारत के प्रधान मंत्री और भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास करके आपको वहां भेजने का और भाजपा को इधर भेजने का काम किया। इसलिए आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। हमारे देश में पैसे की कमी नहीं है। कमी प्रबंधन में है। मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। अभी हमारे मित्रों ने कहा था कि हमने विरासत में आपको बहुत कुछ दिया है और उसी का आंकड़ा आप पेश कर रहे हैं। मैं मानता हूं कि आपने कुछ अच्छा भी विरासत में दिया है और कुछ खराब भी दिया है। हमारे जनपद के अंदर एक कवि पवार साहब होते थे। उन्होंने 20-25 वर्ष पहले एक कविता लिखी थी:

"धरा बेच देंगे, गगन बेच देंगे, कली बेच देंगे, सुमन बेच देंगे

और कलम के पुजारी अगर सो गये तो वतन के पुजारी वतन बेच देंगे।"

आपने क्या नहीं बेचा? आपने विरासत में हमें बहुत कुछ दिया। इतने घोटाले आपने किये कि आपको भी याद नहीं है, हमें भी याद नहीं है और देश की जनता को भी याद नहीं है। लेकिन मैं आपसे कहना चाहता हूं कि पैसे की कमी नहीं है बल्कि प्रबंधन की कमी है। हमारे वित्त मंत्री जी खेल से जुड़े हैं। कॉमन वैल्थ की मैं चर्चा करना चाहता हूं। जिस समय 2003 में आईओ ने बोली लगाई थी, उस समय हमारा 1200 करोड़ रुपये का बजट था। लेकिन आपने समय पर काम नही किया। आपने ध्यान नहीं दिया और 1200 की जगह पर 70000 पर भी जाकर यह कॉमन वैल्थ का गेम नहीं रुका। अगर इसको जोड़ा जाए तो 1 लाख से भी ऊपर जाएगा। हमारे जनपद में एक छोटा सा उदाहरण मैं देना चाहता हूं। हमारे जनपद में एक सरयू नहर सिंचाई परियोजना है। यह 1974 में शुरु हुई थी। यह 299 करोड़ की योजना थी। इसको अब तक पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन 12000 करोड़ रुपया खर्च करने के बाद भी यह योजना आज 40 प्रतिशत तक पहुंची है। इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है कि कौन सी ऐसी योजनाएं हैं जिन पर भारत सरकार का पैसा खर्च हो चुका है और अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। रेल मंत्री जी ने संकेत दिया है और आपने भी संकेत दिया है कि पुरानी योजनाओं को पूरा करेंगे। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि पुरानी योजनाओं की समीक्षा करने की जरूरत है कि वह किस स्थिति में हैं और उन्हें कैसे पूरा किया जाए। जिस उद्देश्य से उन योजनाओं को बनाया गया था उसकी पूर्ति होनी चाहिए।

महोदय, इस सरकार को दो महीने भी पूरे नहीं हुए हैं और आप हिसाब-किताब मांगने लगे। मैं हमेशा देखता हूं कि महंगाई पर चर्चा होती है, आलू, प्याज, तिलहन, दलहन पर चर्चा होती है। किसान जो वस्तुएं पैदा करता है केवल उन चीजों की महंगाई पर चर्चा होती है। कारखानों में पैदा होने वाली चीजों की चर्चा आज तक मैंने अपने कानों से नहीं सुनी है। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि बजट के बाद एक बार इन पर चर्चा होनी चाहिए। फीस, किताब, दवाई के बारे में चर्चा क्यों नहीं होती, स्वाद की चर्चा क्यों नहीं होती? मैं अपने क्षेत्र में गया था तो एक बच्चा गाना गा रहा था -

का हमरा दिनवा बहुरी है कि नांही,

का हमरा दिनवा बहुरी है कि नांही,

बांस की झोंपड़िया महलिया से पूछे

कि का हमरा दिनवा बहुरी है कि नांही,

दिन भर खेतवा में हलवा चलावें

शाम को पेट भर रोटियां न पावें

दहियां की पीड़ा धननवा से पूछे

पेटवा की भूख महजनवा से पूछे

तोहरी तिजोरी कबो भरी है कि नांही

तोहरी तिजोरी कबो भरी है कि नांही

आज समीक्षा करने की जरूरत है। आज जिस तरह से गांव में लोग रह रहे हैं, आपने इसकी चिंता अपने भाषण में की है, श्री प्रह्लाद पटेल जी ने अपने भाषण में की है। लोग कहते थे कि किसी भी पार्टी की सरकार अकेले नहीं आने वाली है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार तो जीवन में कभी भी अकेले नहीं आने वाली है। इन झोंपड़ी वालों ने, इन्हीं गांव वालों ने, गरीबों ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास किया है जिस कारण आज पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। असंभव संभव हुआ है।

महोदय, कांग्रेस के मित्र मनरेगा की बात पर बड़े फूले घूमते हैं। मैं मानता हूं आपकी नीयत ठीक थी। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मनरेगा ही नहीं जितनी भी केंद्र पोषित योजनाएं राज्यों को दी जा रही हैं, अगर उनकी मानिटरिंग की अच्छी व्यवस्था नहीं हुई तो सारी योजनाएं धरी की धरी रह जाएंगी। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि निगरानी समिति या कोई भी तंत्र डेवलप करें। जब तक केंद्र पोषित योजनाओं पर विशेष ध्यान नही दिया जाएगा, तंत्र को ठीक नहीं किया जाएगा तब तक कोई योजना सफल नहीं हो पाएगी।

महोदय, अब मैं प्रधानमंत्री ग्रामीण विद्युत योजना की बात कहना चाहता हूं। बड़ी कंपनियों को ठेके दिए गए। मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं। मैंने इस सरकार में अपने दो-चार जिले के खराब काम के बारे में कम्पलेंट की। मैं कम्पलेंट के जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ क्योंकि यह डिमांड के विपरीत आया। जहां इतना खराब काम हुआ था, बीपीएल को कनैक्शन देना था लेकिन काम नहीं हुआ और जब मैंने कम्पलेंट की तो लिखकर आ गया कि माननीय सांसद कम्पलेंट करने के आदी हैं। मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि जो काम हुए हैं कि वे इतने खराब हुए हैं, यह सदन सहमत होगा कि प्रधान मंत्री विद्युत योजना के जो काम हुए हैं, वे केवल कागजों में हुए हैं। वहां खराब खम्बे लगाये गये हैं, टूटे हुए खम्बे लगाये गये हैं, वे केवल शोपीस बनकर रह गये हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आपके प्रति किसी को संदेह नहीं है, संदेह इनको हो सकता है, लेकिन इस देश की जनता को संदेह नहीं है। देश की जनता यह जानती है कि मोदी जी के हाथ में कोई जादू की छड़ी नहीं है। लेकिन उन्हें यह विश्वास है और वह उसी विश्वास के साथ काम करेंगे। यदि आप हमसे दो महीने का हिसाब लेना चाहते हैं तो 47 साल का हिसाब हम भी आपसे लेना चाहते हैं।

सभापति महोदय, मैं अंत में कहना चाहता हूं कि आज यह देश जहां पहुंचा है, किसी ने कहा है कि जिस स्थिति में यह देश पहुंचा है, किसी ने कहा है - "दर्द कौन लेगा यह बताया जाए, लोग सब चले गये बाजार उठाया जाए, अकेले गुनाह मेरा नहीं है साहब, अदालत में रोशनी को भी बुलाया जाए।" यह अंधेरा बोला। आपने पचास सालों तक राज किया है। इसलिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि देश की जनता आपके साथ मजबूती के साथ खड़ी है और आपकी जो भी योजनाएं हैं, आप उन्हें लागू कीजिए, बस निगरानी तंत्र मजबूत कीजिए, वरना जैसे इनकी योजनाएं धरी की धरी रह गई, वैसा कहीं हमारे साथ न हो।

*__ADV. NARENDRA KESHAV SAWAIKAR (SOUTH GOA):__ I support the General Budget -2014 presented by the Finance Minister Shri Arun Jaitley Ji. The budget was presented with hardly 45 days in the office and is a landmark, growth oriented budget with focus on the fiscal consolidation with the aim to put economy back on track. The budget has prepared a road map for the economic growth by addressing the concerns of all the sections of society.

The Finance Minister needs accolades for considering the development of all the sectors viz. Youth, Women, Poor, Middle Class, Agriculturist, Manufacturers, Investors, Banking, Infrastructure, Education and Job Creation. In true sense, the budget is a step towards fulfilling the expectations of the people that they have from the present government under the leadership of Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi ji.

Farming is a measure activity and measure portion of the population is dependent on agriculture for their livelihood. I congratulate the Finance Minister for his proposal to set up an 'Agri-tech Infrastructure Fund' for development of technology and modernization of agriculture. The soil health card to every farmer would go a long way in supporting the farmer in taking up the agricultural activity in a more professional way by balancing the use of fertilizers and the productivity from the soil.

In this year, we are witness to the shortage of rainfall. The climatic changes are bound to happen but the same has its toll on the agricultural activity. Keeping this in mind, the proposal to establish National Adaptation Fund for climate change is appreciated. I would also thank the finance Minister for linking MGNREGA to agriculture and allied activities. The initiation of the scheme such as 'Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana' and 'Kissan Vikas Patra' will help the farming community of assured irrigation and savings.

Present day world is knowledge based and information sharing. In order to make agriculturist more informative about the new farming techniques, agri-business, farming methods etc. the proposal to launch Kissan TV is appreciable and require a special mention.

'Nari Samman' is inherent in Indian culture. Some recent incidents have put us in shame when we hear about the atrocities on women and/or apathy towards the girl child. In the background of this, the proposal to launch 'Beti Bachao, Beti Padhao Yojana' is a appreciable welfare measure meant for women.

The Hon'ble Finance Minister through the budget has shown the commitment of the Government for the welfare of Scheduled Caste and Schedule Tribes. In congratulate the Finance Minister for allocating Rs.100 crore for launching 'Van Bandhu Kalyan Yojana' for the welfare of Schedule Tribes.

I also thank the Finance Minister for the proposal to set up IIT and also a proposal to develop a world class convention centre in Goa.

In the football, the Goa has produced the players of International repute. The State Government has established Goa Football Development Council. I would request the Finance Minister to support the said Goa Football Development Council and other sports related initiatives by the State Government.

Around 20% of Goa's Gross State Domestic Product came from the mining sector. Upon the ban on mining by the Hon'ble Supreme Court, the economy of Goa has been severely affected and the State has lost an annual revenue of Rs.1500 crore. More than one lakh lost their livelihood due to closure of the mines. The Union Government had earned in past 7 to 8 years a sum of Rs.30,000 to Rs.40,000 crore from the export tax and the income tax. To make good the situation the Government of Goa has urged the Central Government to sanction to Rs.3000 crore as central assistance to rehabilitate the mining affected people. I also urge upon the Finance Minister to sanction Rs.3000 crore as financial assistance to Goa

for rehabilitation of the mining affected people.

*__SHRI HEMANT TUKARAM GODSE (NASHIK):__ It is to bring to your notice that on the very first day I was the first MP to wish Hon'ble Union Minister of Finance respected Shri Arun Jaitley Saheb when he took charge as a Union Minister and requested him a very bright future ahead to serve our country and requested him to sanction maximum funds for the Kumbha Mela taking place in Nashik of Maharashtra state to get the work done within the time frame with good quality.

I request hon. Minister for Finance to include the requested amount by DPCC and the district collector Nashik as Kumbh Mela 2015 will take place in the month of July, this Utsav (festival) is of whole country and lakhs of pilgrims are coming for the same. You are well aware of Kumbh and it is immense importance in our religion.

Also, I had requested Hon'ble Minister for Culture, Shri Shripad Naik to make the Swatantraveer Savarkar Memorial in Bhagur Distt., Nashik as National Memorial on the ground of Sardar Patel's Memorial. As both the freedom fighters have equally contributed for the independence of our country. I will request Hon'ble Finance Minister to allot the financial assistance to the said memorial.

With this spirit, I am sure that you will ask hon'ble Union Minister for Finance to make appropriate arrangements in the general budget to enable various agencies to complete their work within time frame with good quality for the kumbh. Also it is requested to allot the funds in the budget for Swatantraveer Savarkar Memorial in Bhagur.

---

*__SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD):__ I would like to express my views on General Budget for the year 2014-15.

This BJP Govt. came to power with a big majority. It is the people who had given their verdict in favour of them with a thought that this Govt. will control the price rise as committed during their campaign. But the first step taken by the Govt. itself is to rise prices. The prices of petrol has risen 1.69 - 1.70 paise and diesel 50 paise per litre. Subsequently the subsidy of kerosene has reduced. The prices of milk, sugar and vegetables have gone high. There is a fare hike of Railway which also stimulates the price rise. Passenger charge has gone 14.5% and parcel charges by 5%. These decisions have contributed the abnormal price rise of almost all the essential commodities.

The general price rise has gone to 6.02%. The prices of food items have gone to 9.8%, vegetable 8.6%, milk and other items 20%. So prices of almost all the essential items have gone up. This is the reward and award of Modi Govt. The Govt. has decided to allow FDI in strategic sectors also. The FDI in defence was 26% earlier, now it is 49%. In communication sector it is 49% and in Railway also they have decided to introduce FDI. This is really the extension of the policy of early Govt.

This Govt. came to power at the cost of price rise and corruption as the earlier Govt. failed to control the price rise. But there is no substantial change with regard to the policy decisions of Modi Govt.

The reports are coming with regard to the serious situation in agriculture. There was report of Swaminathan Commission to give interest-free loans to farmers. But this Govt. is silent on this issue.

There is reference of modification of MGNREGA. But the actual action plan is not here. The name of the scheme that itself specify the name of Mahatma Gandhi. How can they replace the name of Father of the Nation to some other scholars.

In this budget also, Kerala is completely neglected. The three pillars of the economy of the Kerala are; (i) Agriculture and Commerce (2) NRIs, and (3) traditional industries. Due to the import policy of the Govt., farmers in Kerala especially rubber farmers are facing serious crisis. The prices of rubber for 1 kg. was 235 rupees last year and it also declined to 130 rupees this year. It is due to the import policy of rubber. There is a loss of 100 rupees per kg. The new Govt. is taking the same steps of the earlier Govt.

The economy of Kerala is depending upon the traditional industries to a great extent-Coir, Cashew, Handloom, Beedi etc. No special package has been given to the State.

Crores and crores of rupees are given by the NRIs and Govt. of India receive a better foreign exchange. But no rehabilitation scheme or welfare scheme is given to NRIs. We have painful experience of Iraq.

I appreciate the IITs sanctioned to the States, but Kerala is not included in the list of AIIMS status State. Govt. ha given financial assistance and opened excellent centres of handloom in various States. Kerala is the land of handloom and Kerala is neglected.

Govt. is following the regressive structure where ordinary people has to bear the burden. It is evident in the imposition of new taxes in the various sectors. The reduction of custom duty in electronic goods would reduce the prices of electronic goods. It would give some relief to this

sector. We have been asking for special financial assistance for Endosulfan victims in the State of Kerala especially in Rasaragod. Govt. of Kerala has requested for the financial assistance of Rs.475 crores or the relief of Endosulfan victims to the earlier Government but no assistance was given.

In the last budget, the tax foregone was 5,66,000 crores. It is really a tax exemption to the rich people and big business also. Last year it was 5,26,000 crore. All these figures are higher than the budget deficit of this period. This Govt. also give such exemptions to the rich people.

Food Security is the major concern of any Govt. PDS is the strong instrument to control the price rise. When food security measures are implementing nothing is said about this which is very crucial.

Govt. speaks about the Gujarat model. But in many States like Kerala, Tamilnadu and some other States are enjoying better positions compared to Gujarat. PDS system in Tamilnadu is a model. Literacy and other programmes are significant in Kerala. So what model the Govt. speaks about? We need an Indian model.

The cooperative movement in Kerala is very strong. Some decisions taken by the Reserve Bank of India and also some decisions came through the amendment of Banking Amendment Act. There are difficulties for the functioning of cooperative movement of the State. The Banking Amendment Act, the 80P, has given some exemptions to the agricultural cooperative societies of the Bank. Since they are dealing with the farmers of the rural area they are exempted from the implementation of the 80P. But the department insisted to apply this clause 80P to the cooperative sector in Kerala and is restricted for the day today functions. Another problem that they face is from Income Tax Officers who rush to the cooperative banks and check their records. A person who deposits 5 lakh rupees, all the details has to be given to the Income Tax Department. But it is not applicable to a nationalized bank or the private banks. This would also adversely affect the functioning of the cooperative banks. So I request the Finance Minister to take this issue in consideration.

This Govt. has come at the cost of collapse of UPA Govt. The main reasons were price rise and corruption. If the new Govt. takes same path, the results and experiences of this Govt. would be the same. With these words, I strongly oppose this budget.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : सभापति महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इस साल का जो बजट सदन में प्रस्तुत किया गया है, उसके लिए मैं वित्त मंत्री, श्री अरूण जेटली जी और भारत सरकार को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस सदन में और इस सदन के आज तक के इतिहास में सबसे युवा सांसद के बतौर जिम्मेदारी हमारे कंधों पर भी बहुत आती है कि सदन में युवाओं के बारे में बात कीजिए। वित्त मंत्री जी ने चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो या खेल हो, इनके प्रति गम्भीरता दिखाने का काम किया है। यदि हम शिक्षा की बात करें तो पांच नये आईआईएम और पांच नये आईआईटी बनाने की बात की गई है। परंतु मैं उनके ध्यान में लाना चाहूंगा कि यदि हम आज अपने आईआईटीज और एनआईटीज की बात करें तो जो फेकल्टी स्टाफ वहां हैं, लगभग तीन सौ स्टाफ की कमी है, लगभग 30 परसैन्ट लोगों की कमी है, दूसरी तरफ हम और नये इंस्टीट्यूट्स बनाने की बात करते हैं, जिनकी इस देश को जरूरत है। मगर जो पुराने इंस्टीट्यूट्स हैं, उनमें सुधार की भी बहुत जरूरत है, उनके अपग्रेडेशन की भी बहुत जरुरत है।

यहां एजूकेशन की बात रखी गई कि टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया जाएगा, करोड़ों रुपये उसके लिए रखे गये। आज हमारा देश मॉडर्नाइजेशन की ओर जा रहा है, दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है। हम अपने आपको एक डैवलप्ड कंट्री से कम्पीट करता हुआ देखते हैं। यहां 15 दिन पहले मैंने सरकार से सवाल किया था कि क्या सरकार आने वाले समय में प्राइमरी स्कूल्स में कम्पूटर एजूकेशन शुरू करेगी? आज उसका जवाब आया और सरकार ने साफ तौर पर नकारने का काम किया। मैं वित्त मंत्री के माध्यम से देश को उम्मीद बंधाना चाहता हूं कि आने वाले समय में प्राइमरी स्कूल में भी इस देश के बच्चों को, जो गवर्नमैन्ट के प्राइमरी स्कूल्स हैं, वहां कंप्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराने का काम भारत सरकार करेगी।

यहां रिसर्च की बात आई, मैं धन्यवाद करता हूं कि फरीदाबाद में में एक रिसर्च इंस्टीट्यूट रखने की बात आई और दूसरी तरफ हरियाणा में एक हार्टिकल्चर यूनिवर्सिटी की बात भी रखी गई। हरियाणा के ऊंचाणी, करनाल के अंदर एक एग्जिस्टिंग हार्टिकल्चर सेंटर है। मैं उम्मीद करता हूँ कि सरकार उसको यूनिवर्सिटी बनाने का काम करेगी या फिर चौधरी वरण सिंह हरियाण एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार के अंदर जो हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट है, उसको यूनिवर्सिटी के बतौर डिवेल्प करने का काम करेगी। उसके लिए सरकार को ज्यादा खर्चा नहीं करना पड़ेगा। जो एग्जिस्टिंग फैसिलिटीज़ सरकार द्वारा वहां पर निर्धारित की गई हैं, उनको बढ़ावा देने की जरूरत है। जहां रिसर्च पर बात करें, तो एनिमल रिसर्च पर, जो लाइवस्टॉक रिसर्च की बात सरकार द्वारा रखी गई, 50 करोड़ रूपये केवल इस रिसर्च के लिए निर्धारित किया गया है। अगर हम भारत की बात करें तो भारत आज पूरी दुनिया का सबसे बड़ा मिल्क प्रोडयुसर है। मैं उम्मीद रखता हूँ कि डेयरी को या और जो लाइवस्टॉक है, जैसे शीप है वूल के लिए, ऐसे लाइवस्टॉक्स के अपग्रेडेशन के लिए 50 नहीं 200 करोड़ तक का प्रावधान रखें। जिससे जो रिसर्चर्स वहां पर बैठे हैं, उनको विदेशी कंपनियों से इंवेस्टमेंट ला कर पेटेंट दूसरे देशों में न भेजने पड़े। जो पेटेंट हो, वह हमारे देश में ही हो। जिससे पैसा हमारे देश के अंदर बरकरार रहे। एक युवा होने के नाते दूसरा मुद्दा खेल का आता है। सरकार द्वारा सौ करोड़ रूपये एशियन गेम्स के लिए रखा गया है। खुद वित्तमंत्री जी भी स्पोर्ट्स फेडरेशन में इंवॉल्व्ड हैं। मैं आभार प्रकट करता हूँ कि हमारे खिलाड़ियों को बहुत लंबे समय से इस चीज़ की उम्मीद थी। मैं यही अपील करता हूँ कि सौ करोड़ रूपये एशियन गेम्स के लिए रखा गया है परंतु आने वाले समय इससे बड़ी जिम्मेवारी हमारे खिलाड़ियों के ऊपर आती है, जब पूरी दुनिया हमारे खिलाड़ियों को देखती है, वह ओलंपिक्स की जिम्मेदारी है। सन् 2016 के ओलंपिक्स के लिए, मेरा यह मानना है कि अगर आज से हमारे खिलाड़ी पूरे तौर पर प्रिपेयर हों तो कम से कम 500 करोड़ का प्रावधान खिलाड़ियों के लिए रखने का काम करना चाहिए। दूसरी ओर पूरे बजट में एक कमी दिखी। हमारे देश के अंदर बहुत बड़े-बड़े स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेल्प किए गए हैं। मगर पूरे बजट के अंदर उन स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के अपग्रेडेशन के लिए या फिर ग्रामीण क्षेत्र के अंदर स्टेडियम बनाने के लिए कोई प्रोविजन वित्तमंत्री द्वारा नहीं रखा गया है। मैं अपील करूंगा कि आने वाले समय में जब वित्तमंत्री सप्लिमेंट्री रखने का काम करें, उसके अंदर जो एग्जिस्टिंग फैसिलिटीज़ हैं, जैसे हिसार के एच.ए.यू. के अंदर बहुत बड़ा गिरि स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स है, जिसकी हालत आज जर्जर हो चुकी है। वैसे पुराने स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट्स जिन्होंने बड़े-बड़े गोल्ड मैडलिस्ट हमारे देश को पैदा कर के दिए हैं, उनके अपग्रेडेशन के लिए पैसा देने की बात भी सरकार करे।

रोज़गार की बात करें तो स्मॉल स्केल, मीडियम स्केल इंडस्ट्री के माध्यम से वित्तमंत्री ने बहुत बड़ी-बड़ी योजनाएं देने का काम किया है, मैं इनका धन्यवाद करता हूँ।

जब मैं एक साल का था तो इसी सदन के अंदर चौ. देवीलाल जी ने एक बात कही थी कि भारत आज भी गांवों में बसता है। मैं आज दोबारा यही बात कहता हूँ कि आज फिर देश को देखने की जरूरत है कि भारत अभी भी गांवों में बसता है। हम सौ नए शहर बसाने के लिए 760 करोड़ देने का प्रावधान करते हैं, मगर एक सांसद को उसके लोक सभा क्षेत्र के विकास के लिए मात्र 5 करोड़ रूपये सालाना दिया जाता है। भारत सरकार और वित्त मंत्री से मेरी यही अपील है कि किसी न किसी ऑल्टरनेट तरीके से हमारे ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए सरकार एडिशनल फंड्स सांसदों को दे, जिससे वे हमारे ग्रामीण क्षेत्र का विकास कर सकें। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए। दूसरे सदस्य को भी बोलना है।

â€¦(व्यवधान)

श्री दुष्यंत चौटाला: सभापति जी, मैं एक कृषि परिवार से आता हूँ। मैं एक किसान का बेटा हूँ। मैं धन्यवाद करूंगा कि एक नई यूरिया पॉलिसी की बात सरकार ने की है। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अगले सदस्य हैं माननीय श्री राज्यवर्धन राठौर

â€¦(व्यवधान)

श्री दुष्यंत चौटाला : महोदय, मैं एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं।

माननीय सभापति : आप जल्दी समाप्त कीजिए।

श्री दुष्यंत चौटाला: यहां यूरिया पॉलिसी की बात रखी गयी। मैं उसके लिए धन्यवाद करूंगा मगर और बड़ी आल्टरनेटिव खाद और बीज की समस्याएं आज हमारे किसानों को फेस करनी पड़ती हैं। मेरी यही अपील रहेगी कि किसानों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर दी जाये ताकि जब फसल का समय हो तो उनको खाद और बीज की समस्या का सामना न करना पड़े। मैं धन्यवाद करूंगा कि जो हमारी यूपीए सरकार द्वारा मनरेगा की स्कीम चलायी गयी थी।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : कर्नल राज्यवर्धन राठौर सिंह जी, अब आप बोलिए।

श्री दुष्यंत चौटाला : महोदय, मैं समाप्त कर रहा हूं। वित्त मंत्री जी ने उस स्कीम को किसानों के लिए उपलब्ध कराने की बात कही है।...(व्यवधान)मैं एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप एक मिनट कितनी बार लेंगे? अब आप बैठ जाइये। अब उनको बोलने दीजिए। राठौर जी, आप बोलिए।

श्री दुष्यंत चौटाला : महोदय, मुझे समाप्त तो करने दीजिए।

*__श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर):__ मैं अपने भाषण को सभापटल पर रखता हूं। मैं बिहार राज्य के झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। मैं इस बजट का समर्थन करता हूं। इस बजट में किसानों और गरीब तबके के लोगों के हित को ध्यान में रखा गया है। मैं अपने लोकसभा क्षेत्र की कुछ समस्याओं की चर्चा करता हूं। झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र कोशी-कमला नदी की गोद में पड़ता है, इस क्षेत्र के लोगों के प्रत्येक साल बाढ़ और सुखाड़ से जूझना पड़ता है। इस समस्या के निदान के लिए कोशी-कमला नदी पर डैम बनाने की जरूरत है। डैम बन जाने से जहाँ बिजली का उत्पादन होगा, वहीं किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल जायेगी। झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, इस क्षेत्र में सड़क की बहुत कमी है इसलिए इस क्षेत्र में सड़क बनाने की बड़ी जरूरत है। खास करके एन.एच.-104 जो सीतामढ़ी जिला से लेकर जयनगर, लदनिया, लौकहा-लौकही होते हुए एन.एच.-57 नरहिया में मिलती है और एन.एच.-105 जो दरभंगा जीरो माइल से भाया रहिका होते हुए जय नगर में एन.एच.-10 में मिलती है। ये दोनों सड़कें बहुत ही महत्वपूर्ण है। मैं आग्रह करता हूं कि जनहित में इन दोनों सड़कों का जल्द निर्माण कराया जाए। राजनगर राज कैम्पस में पूर्व कृषि मंत्री ने कृषि कालेज का शिलान्यास किया था, आपसे आग्रह है कि राजनगर में कृषि महाविद्यालय की घोषणा करने की कृपा करें। मधुबनी जिला की आबादी 50 लाख से ऊपर होगी, यहाँ राँटी में आकाशवाणी केन्द्र का शिलान्यास माननीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कुछ वर्ष पहले किया था। आग्रह है कि आकाशवाणी को भी राँटी में बनाने की कृपा की जाये।

कर्नल राज्यवर्धन राठौर (जयपुर ग्रामीण) : महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस सदन में बोलने का मौका दिया। प्रधानमंत्री जी ने कहा था मिनिमम गवर्नेंस, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि उसको आप मिनिमम समय मत करें, मुझे बोलने के लिए थोड़ी सी रियायत दें। यह मेरी इस सदन में पहली स्पीच है।

माननीय सभापति : आपकी बात ठीक है, लेकिन हमें निर्धारित समय में ही इस बहस को पूरा कराना है।

कर्नल राज्यवर्धन राठौर : जिस तरह से खिलाड़ी मैदान में प्रवेश करने से पहले मैदान को नमन करता है, उसी तरह से मैं इस भारत को, जयपुर ग्रामीण को और इस सदन को नमन करता हूं।

महोदय, चर्चा का विषय है बजट, क्योंकि समय कम है, इसलिए मैं सीधे तथ्य पर आता हूं। किसी भी चीज की सफलता इसी में मानी जाती है कि उसका श्रेय कौन लेना चाह रहा है? कल से इस सदन में जो चर्चा हो रही है, अजूबे की बात यह है कि अपोजिशन भी इसका श्रेय ले रहा है। अपोजिशन कल से कह रहा है कि यह तो हमारा बजट है।

महोदय, यह तो वैसे ही हुआ, जैसे हमने चार पहिये की गाड़ी ली, जहां आपने चार पहिये की गाड़ी ली तो हमने कहा देखिये हमारी नकल की। यह तो सब जानते हैं कि ताकत टायर में नहीं होती, ताकत इंजन में होती है और हमारे इंजन में तो 56 इंच का डाइनमो लगा है, जो इस देश के युवाओं की ताकत से दौड़ता है।

महोदय, यह महान देश परिस्थितियों के बोझ के तले नहीं दब सकता। अपोजिशन के प्रधानमंत्री ने कहा था कि पैसे पेड़ पर नहीं लगते। यह देश परिस्थितियों का गुलाम नहीं बन सकता। हम कठिन परिस्थितियों में मजबूत इरादे से इस देश का भविष्य बनायेंगे। यूपीए को बहुत मौके मिले, मौके की शिकायत ये नहीं कर सकते। ये परिस्थितियों की शिकायत कर सकते हैं, हालात की शिकायत कर सकते हैं, लेकिन मौके की शिकायत नहीं कर सकते। यह हमारा बजट सात महीनों का बजट नहीं हैं, इसमें फिगर्स सात महीने की हो सकती हैं, लेकिन यह भारत के भाग्य और भविष्य की बुनियाद रखने वाला बजट है। इस बजट में हर वर्ग के लोगों के लिए, सुरक्षा के लिए, युवाओं के लिए सबके लिए कुछ न कुछ है। यह एक ऐसा बजट है, जो पूरी दुनिया में एक उम्मीद जगाता है और पूरी दुनिया को वापस फिर भारत की तरफ देखने के लिए मजबूर करता है, उसी इज्जत से और उसी उम्मीद से जैसे कई साल पहले देखते थे।

सेना के लिए, जिसमें आन्तरिक सुरक्षा और बाहरी सुरक्षा दोनों को लेकर इस बजट में काफी धन रखा गया है। वॉर मेमोरियल, जो इस देश के अन्दर इतने शहीद हुए, लेकिन उनको याद करने के लिए एक भी कोई यादगार समारोह नहीं किया जाता, उसको ध्यान में रखते हुए एक वॉर मेमोरियल बनाया गया है। अफसोस इस बात का है कि महात्मा गांधी का यह देश, जो शान्तिपूर्ण देश है, एक ऐसी चीज में नम्बर वन बन गया है, जिसमें इसे नम्बर वन नहीं होना चाहिए। आज भारत वेपन इम्पोर्ट के अन्दर दुनिया में सबसे बड़ा देश बन गया है। चाइना और पाकिस्तान से तीन गुणा ज्यादा हथियार आयात होते हैं इस भारत के अन्दर। उसका भी समाधान इस बजट में दिया गया है। 49 प्रतिशत जो एफ.डी.आई. है, उससे आत्मनिर्भरता बनेगी और साथ-साथ यहाँ युवाओं को रोज़गार भी मिलेगा। डैवलपमैंट प्लैंक के मामले में वित्त मंत्री ने बहुत सारा धन इनफ्रास्ट्रक्चर डैवलपमैंट पर रखा, एनर्जी सैक्टर के डैवलपमैंट पर रखा, युवाओं के रोज़गार के लिए एक अलग फंड की तैयारी की

गई।

महोदय, खेलों के बारे में माना जाता है कि वह दिलों को जोड़ता है लेकिन आज तक उसके माध्यम से हम राज्यों को अपने दिल से नहीं जोड़ पाए। वित्त मंत्री ने खेलों के क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर के लिए और नॉर्थ-ईस्ट के लिए अलग से फंड रखा है। यह बहुत दूर की सोच है कि वे खेलों के माध्यम से हमारी टीम का हिस्सा बनें और हमसे जुड़ें। साथ ही नेशनल स्पोर्ट्स एकेडमीज़ का प्रावधान किया गया है। सभापति जी, हर राज्य और हर क्षेत्र की अपनी एक खासियत है। अगर नॉर्थ ईस्ट वाले तीरंदाज़ी में अच्छे हैं, बॉक्सिंग में अच्छे हैं, फुटबॉल में अच्छे हैं तो हरियाणा के बॉक्सिंग में अच्छे हैं, रैस्टलिंग में अच्छे हैं। राजस्थान के शूटिंग में, घुड़सवारी में और एथलैटिक्स में, केरल एथलैटिक्स और वॉलीबॉल में, गोवा फुटबॉल में, बंगाल फुटबॉल में अच्छे हैं। सबकी अपनी-अपनी खासियत है और उस खासियत को ध्यान में रखते हुए वहाँ जब नेशनल स्पोर्ट्स एकैडमीज़ बनाई जाएँगी तो न केवल उन खेलों का, बल्कि वहाँ के लोगों का भी उन खेलों में स्तर बढ़ेगा।

महोदय, अपोज़ीशन के एक बहुत बड़े नेता ने कहा कि Arun, Welcome to the real world.' कि कहाँ तुम भारत को कांग्रेस मुक्त बनाना चाहते थे और बजट को भी कांग्रेस मुक्त नहीं बना पाए। जब मैंने यह सुना तो महात्मा गांधी का ध्यान आया। सभापति जी, जब महात्मा गाँधी को कोई चिट्ठी देता था तो वे चिट्ठी में से पिन निकालकर रख लेते थे। कहते थे कि जो चीज़ ज़रूरी है, उसको मैं रख लेता हूँ। उसी तरह हमने अभी तक की सभी पॉलिसीज़ में से जो ज़रूरी था, जो सही था, उसको रख लिया और बाकी को छोड़ दिया। यह बजट आसानी से नहीं बना है। कहते हैं कि परफॉर्मैन्स तो कोई भी दे देता है लेकिन मुश्किल परिस्थितियों में जो परफॉर्मैन्स दे, वही मुकद्दर का सिकन्दर होता है। वित्त मंत्री जी ने समय और स्थिति दोनों को परास्त करके यह बजट पेश किया है। Not only that. I think, the Finance Minister has been very mature and graceful in not being vindictive towards the Opposition. We have left behind the bitterness of the election campaign. This is India and in India, the Government changes, but the regime does not. The Constitution is supreme and this country belongs to all of us. This Budget belongs to all of us.

* SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): The Economic Survey presented just a day before the Budget 2014-15 has outlined major issues confronted by our economy. Some of those issues are inflation, slowdown in employment growth and declining manufacturing growth. However, this Budget has failed to address these major problems of economy.

The emphasis of this Budget is on FDI, PPP and reduction of subsidies. The proposals to raise the current limit of 26% FDI in defence production and insurance sector to 49% is nothing but an attempt to appease foreign capital. The Government has relaxed FDI norms in real estate too.

The Finance Minister claims that his Budget is just the beginning of a journey towards a sustained growth of 7-8% within the next 3-4 years. However, the Budget has done nothing to enhance domestic demand and control inflation to increase purchasing power of the masses. Without increasing the purchasing power of masses growth cannot be revived, especially in the backdrop of slow recovery in the global economy. According to the Economic Survey 2013-14 the growth in private final consumption, which averaged 7.8 during 2003-4 to 2011-12 declined to 5% in 2012-13 and further to 4.8% in 2013-14. It is in this context that the advanced estimates for the last quarter of 2013-14 CSO which reflects a bleak picture of overall growth rate of 4.6% and negative growth in manufacturing becomes more important. Though there has been a steady decline in the ratio of investment to GDP since 2010-11 both in the Public and Private sectors. This Budget has failed to address the required increase in total plan expenditure in real terms. Total budgetary support for central plan and central assistance to States and UTs declined in real terms comparing Budget estimates. This is due to the concern of Finance Minister to keep fiscal deficit in check. This reluctance to increase plan expenditure in the name of fiscal discipline will have adverse impact on growth revival plans.

---

* Speech was laid on the Table

As the country is facing the challenges of a weak monsoon this Government has infact proposed a drastic cut in central plan outlay in agriculture and allied sectors, rural development, social services and women and child development. The Budget should have enhanced public investment in agriculture to revive the agricultural sector overcoming the threat caused by weak and delayed monsoon. When India is still in the medium human development category, and even when Sri Lanka has moved to the high human development category there is no justification for not significantly stepping up investment in social sectors. It is all the more shocking that the share of SCs and STs in total plan expenditure is falling short by Rs. 47,000 crore and Rs. 14000 crores according to Planning Commission guidelines based on proportion of population. Another important thrust of this budget is to reduce fiscal deficit by cutting subsidies. The budget propose a drastic decline in subsidies to petroleum by Rs.22054 crore. This will cause further rise in the prices of essential commodities. The budget also envisage, though hidden to eliminate diesel and LPG Subsidies in a phased manner. The Finance Minister himself admitted that no immediate measures are proposed in the budget to control inflation. The budget is silent about banning of speculative trade in commodities as a major step to check inflation on the other the budget contains proposals such as reduction in fuel prices that will worsen inflation.

Accordingly to the Economic Survey during 2004-05 to 2011-12 employment growth was only 0.5%, compared to 2.8% during 1999-2000 to 2004-05. The budget makes no efforts to increase employment growth. The Budgetary approach is not to step up investment and raise domestic demand. But the attempt is to incentivise the private sector through investment linked deductions. However, this has completely failed to raise investments in the past.

The targets of revenue generation fixed in the budgets are based on high expectations. However there is no significant in increase in tax rates. Our experience in last two years shows that revised estimates in revenues fell short of the budget estimate in case of a short fall in revenues expenditures may be further squeezed.

The budget proposals on direct taxes leads to a revenue loss of Rs.22,200 crores while indirect tax proposals increase revenue by Rs.7525 cores. It is evident from this fact that the budget proposals while provide relief to richer sections impose more burden on common people.

The trend of huge tax concession is continuing. It was 5.66 lakh crores in 2012-13 and it has further increased to Rs 5.72 lakh crores is 2013-14. When the Government is talking much about subsidies and fiscal deficit the budget is totally silent about these huge concession. There is no indication that these tax incentives will be done away with. Hence this budget has also taken the same neo-liberal route of the previous Government.

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Thank you very much for giving me this opportunity to make my observation on this Budget.

The first sentence of the Budget speech is as follows: "The people of India have decisively voted for a change."

In the President's Address as well as in the Budget speech, the slogan of Government has been narrated as 'minimum Government, maximum governance'. But time only will show what kind of changes you are going to make, what kind of reforms you are going to make and what type of governance you are going to introduce.

If you verify 30-40 days of our experience, with all humbleness, I wish to say that this Government has started to move in a wrong direction. The UPA Government stood for inclusive growth – growth of all sections of the society, marginalized sections and poor people. Poverty alleviation was on top of the agenda of the UPA Government. But as far as this Government is concerned, even in this Budget, it has forgotten the poor; its focus is only for 'haves' and not for 'have-nots'.

Coming to the health sector, para 53-57 is in respect of health and family welfare. The Government's approach is confined to only about starting some institutions like IIM or some research institutions. That is well and good but I am sorry to state that you have forgotten to take a holistic approach in the health sector of our country. How are we going to address the burning mal-nutrition issue in this country? How are we going to address lack of health facilities in rural India? Unfortunately, the crux of all the problems has not been addressed in this Budget. In this context, I wish to make a very important suggestion. We all know that kidney disease is increasing in an alarming way in our country. A number of cases have been reported. Even in a small village you can see a dozen kidney patients. Even tests related to the functioning of kidney are not available in the PHCs and community health centres. I urge upon the Government to formulate an exclusive National Health Programme to control kidney diseases. If you do that, that would be a noble thing which you can do for the health sector of this country.

Coming to the minorities, I represent minority community and my organisation is also mainly concentrating on minority matters. As far as this Budget is concerned, you have ignored the minorities as there are no new schemes or new projects for them. You have just given a peanuts kind of consideration. If you adopt this strategy how are you going to bring a change in this country? Please do not think that you can write off the minorities of this country.

What is your priority? A big joint venture project, between the Gujarat Government and the Government of India, is coming up in Gujarat. You have given Rs.200 crore for Sardar Vallabhbhai Patel's statue. I am not questioning it. The Government of India and the Government of Gujarat can take that decision but while deciding the priority you must do justice. You must distribute the wealth of the nation in a judicious manner. This is my humble suggestion.

We can be proud of the fact that our country is the youngest county in the world. By 2020 India is said to become the youngest country in the world with 65 per cent of the population in the working age group. But unfortunately in this Budget you have not shown a vision to use our manpower. China has conquered the world market in commerce, trade and manufacturing sector. India can go much ahead of China. Unfortunately, you have no vision about the proper planning of manpower requirement according to the world employment market. I would suggest that we must concentrate our efforts on that also.

The next point is with regard to education. Empowerment means what? Instrument of all the empowerment is education and education alone. I think you have not taken the education sector seriously in this Budget. I would suggest you to concentrate on all this. I may also request you to not mix education with politics. You have recently appointed the Chairman of ICHR. I do not want to say his name but all the historians, like Romila Thapar, Ramachandra Guha, Irfan Habib, say that he is not suitable to hold such a big post.

17.00 hrs.

His credibility and his qualification is only one that he is loyal to your Party. You can take a man of your loyalty. I am not questioning that but if you mix history and education with your political liking, it is not justifiable.

In the end, I would like to talk about your foreign policy. The day before yesterday, this House witnessed what? It witnessed a sorrowful scene. We were explaining about Gaza incident. All the opposition party leaders were submitting about the pathetic condition prevailing in Gaza and its surrounding places. Unfortunately, you heard all those things but there was not even a single word of compassion from your side about brothers and sisters of Palestine who are being killed ruthlessly. You can have your political point of view, but India is having a glorious tradition. You do not ruin this glorious tradition. This is my humble appeal to the Government.

With these few words, I conclude.

*__DR. K. GOPAL (NAGAPATTINAM):__ Our beloved Tamil Nadu Chief Minister AMMA welcomed the budget as " the Budget is a very responsible document that has placed fiscal prudence at the forefront and at the same time addressed the height and expectation from the new Government. To permitting FDI has to be approached with caution".

My colleagues have already given many suggestions of the budget. I would like to table my views on some topics like agriculture, road infrastructure, fisherman, and internaal security as these areas need immediate and effective initiatives. In our country, majority of the people are engaged in agricultural activity. The Government has to take these steps to promote agricultural welfare which are Increase the agricultural production. Reduction in wastage of produce Credit support to farmers and Thrust to the Food Processing Sector.

Whereas the Government is taking many steps to establish technological set up to be involved in the field of agriculture, there is lack of sufficient quality of seed, soil, irrigation, failure of monsoon, unprecedented rain or drought. As for conversion of agricultural lands into commercial purposes there is an acute decline in agricultural production during this current decade.

A scheme to provide every farmer a soil health card in a mission mode will be launched Rs.100 crore has been provided for this purpose and additional Rs. 56 crore to set up 100 mobile soil testing laboratories across the country.

To meet the vagaries of climate change a 'National Adaptation Fund' with an initial sum an amount of Rs. 100 crore will be set up. A sustainable growth of 4% in agriculture will be achieved.

Technology driven second green revolution with focus on higher productivity and including 'Protein Revolution' will be area of major focus.

Sum of Rs.50 crore have been provided for the development of indigenous cattle breeds and an equal amount for starting a blue revolution in inland fisheries.

Rs. 400 crores are provided for Solar Power – agricultural pump sets and water pumping stations.

Restructuring FCI – reducing transportation and distribution losses and efficiency of PDS to be taken up on priority. Govt. when required will undertake open market sales to keep prices under control.

With the implementation of MGNREGA Scheme, there has been huge shortage of agricultural labourers and it affects our production capacity. Government should take necessary steps that agricultural operations should not be hampered in event of the implementation of MGNREGA scheme. However, as suggested by our leader, Dr. Amma, this should not be made mandatory in places where there is no possibility to link the scheme to agricultural operations.

Tamil Nadu is facing acute water crisis and at many places fluoride, arsenic or salinity levels are very high and as a result thereof people are facing lot of difficulties for drinking water. To mitigate this problem, it is greatly hoped that Government of India would support State's initiative in setting up of desalination plants in coastal areas.

Coming to Education, allocation to school education is not sufficient. Many of the schools in the country lack the basic facility of drinking water, toilets, good furniture, etc. and the school buildings are lying in a very bad condition. Necessary assistance should be extended to the States for this purpose and it should be ensured that the facility reaches the students.

In this regard, I would like to point out that the Kendriya Vidyalayas (KV) started by the Government to provide quality and affordable education to the wards of government/PSU employees and other categories do not exists in various districts/MP constituencies in the country. There is a long pending demand from the people of my North Chennai Lok Sabha Constituency which or part of Chennai Metropolitan City to have a KV. At present, this constituency does not have even a single KV. Considering the demography and importance of this region, I urge upon the Union Government to open at least two KVs in my North Chennai Lok Sabha Constituency. The new proposal to set up five more IITs and IIMs in the country will give a major boost to higher education.

Coming to Industry, our industrial production witnessed negative growth in some sectors in the last few years and it ultimately affects our growth and employment. Proper investment climate should be created to the entrepreneurs. Government should be cautious in permitting FDI in various sectors. Here, I heartily thank the Hon'ble Finance Minister for inclusion of Ponneri in Tamilnadu as a Smart City out of proposed hundred. Ponneri is nearer to Chennai city and it my neighbouring Constituency. It is an ideal location as vast stretch of land is available for use. Our hon'ble Chief Minister, Dr. Amma has also welcomed this proposal and we are looking forward for early implementation of this proposal with adequate fund allocation including urban renewal projects.

Tamil Nadu is blessed with vast renewable energy sources like solar, wind, etc. The State Government is taking every possible step to conserve this energy and to some extent it fulfills our requirements. However, due to paucity of funds, it could not be tapped adequately. The proposal to implement the Ultra Mega Solar Power Plant in Tamilnadu is a welcome step. Likewise, Centre should assist the State Government in tapping wind energy also.

As regards tourism, this sector is plaguing with the problem of insufficient accommodation, lack of adequate infrastructure, well connected roads, railways and airways, criminal elements, etc. Government should give serious thought to these elements. States should be assisted and funds are to be granted generously for setting up of tourist police stations, plying of mobile tourist police vans to the places of tourism importance. Tamilnadu is having a vast coastal line and it should be properly guarded. Without adequate central assistance, this cannot be materialized. Therefore, I urge upon the Union Government to grant adequate funds for setting up of marine police stations in the State.

As regards industrial corridors, linking of Chennai with neighbouring States will not benefit the inner districts and backward regions of the State. At this juncture, I emphasis our Hon'ble Chief Minister's suggestion of further extension of the Industrial Corridors of Vizag – Chennai and Chennai – Bangaluru within Tamilnadu as well. Besides, Madurai – Thothukudi Industrial Corridor proposed to be implemented by the State Government can be considered as part of the East Coast Corridor by extending the Vizag – Chennai corridor further south.

Regarding government's initiative to set up 15 new Braille Presses, modernization of the ten existing ones, currency notes with Braille-like signs and National Institute of Universal Design and a Centre for Sports have been welcomed by activists and all sections of the people. Tamil Nadu is the leading State in extending all kinds of assistance to the differently abled people and they genuinely deserves the same for their promotion in the field education, employment and social welfare schemes. To attain this object, I urge upon the Union Government to set up a new Braille Press in Tamilnadu also. The proposal to establish National Institute of Ageing at the Madras Medical College is greatly welcomed.

Women safety in public transports in various States is a major cause of concern and lot of untoward incidents were reported in the recent years from various parts of the country. Women generally feel insecure in travelling alone in buses at night. In Tamilnadu women are ensured adequate safety. Large number of women constables were recruited by the State Government throughout the State to ensure security of women. As regards the girl child, two decades ago, Tamilnadu had started Cradle Bay Scheme and GirlChild Education Scheme and the schemes are being implemented successfully. Though Centre's fund allocation for the above projects is meagre, it is hoped that fund allocation will be enhanced at a later stage particularly for Tamil Nadu which is performing well.

As regards Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana, rural road connectivity in many States are lying in a very dilapidated condition and it cannot be overlooked. Tamil Nadu is giving a major push to rural roads and already invested Centre's grants for this project. In this connection, I would like to submit that enhanced allocation should not be deprived to the State of Tamilnadu for its rural infrastructure.

As regards taxation proposals, the salaried class have heaved a sigh of relief. The proposal to hike personal income tax limit by Rs.50,000; increase in the investment limit under Section 80C exemption from 1 lakh to Rs.1.5 lakh; hike in deduction limit on interest on loan for self-occupied house from 1.5 lakh to 2 lakhs will help them greatly to lower their tax burden.

*__श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी):__ मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व वित्त मंत्री माननीय जेटली जी को बधाई देना चाहती हूं। अभी-अभी सरकार ने लोक सभा में जो आम बजट प्रस्तुत किया है, मैं उसका समर्थन करती हूं।

सरकार बने हुए कुल कितना समय हुआ है और जिस तरह विषम परिस्थितियां देश के सामने हैं, उन सबके बावजूद भी माननीय वित्त मंत्री जी ने इस देश के सामने इक्कीसवीं सदी के भारत के निर्माण के संकल्प के साथ अत्यन्त साहस भरा और विकासशील बजट प्रस्तुत किया है।

लोगों के मन में एक शंका थी कि इतनी विषम परिस्थितियों में सरकार द्वारा जनभावनाओं के अनुकूल बजट प्रस्तुत किया जाना संभव नहीं होगा लेकिन आज मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि इस बजट ने सभी वर्गों को कुछ न कुछ देने के साथ-साथ सुधारों का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

देश की जनता ने सरकार से जो उम्मीदें लगायी थीं, उन उम्मीदों को साकार करते हुए सरकार द्वारा आर्थिक सुधारों व सामाजिक दायित्वों के बीच संतुलन साधना एक कठिन चुनौती थी लेकिन सरकार ने न केवल इस चुनौती का सामना किया है बल्कि देश की जनता की उम्मीदों को भी सम्मान दिया। करों की दर में बदलाव किये बिना आयकर में छूट की सीमा बढ़ाकर सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि मंहगाई से परेशान जनता को राहत देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

हमारा देश कृषि प्रधान देश है फिर भी आजादी के बाद से किसान उपेक्षित ही रहा है। आज भी 65 प्रतिशत से अधिक किसान सिंचाई के लिए बारिश पर ही निर्भर है, इसको ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू करने की घोषणा की है, निश्चित ही यह योजना देश के किसानों के लिए संजीवनी का काम करेगी।

सरकार द्वारा किसान टी.वी. चैनल की घोषणा जो इस बजट में की गई है, वह बेहद सराहनीय कदम है। आजकल हर क्षेत्र के लिए टी.वी. चैनल उपलब्ध हैं परन्तु किसान जो इस देश की रीढ़ है, उसके लिए ऐसा कुछ नहीं था जिसका फायदा उठाकर वे आधुनिक तरीकों से खेती कर सके। टी.वी. द्वारा देश का किसान कृषि की आधुनिक तकनीकों को समझेगा, अत्याधुनिक व परंपरागत सभी तरह की जानकारियां समय-समय पर उसे मिल सकेंगी। घाटे की खेती से त्रस्त किसान को उबारने के लिए सरकार ने कृषि क्षेत्र हेतु 8 लाख करोड़ रूपये के ऋण की व्यवस्था की है। यह बेहद स्वागत योग्य एवं किसान हित में उठाया गया कदम है।

सरकार द्वारा " प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना " जो श्रद्धेय अटल जी की सरकार की देन है, के लिए 14369 करोड़ रूपए का प्रावधान कर ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की गई है। इससे ग्रामीण जनता अपने को गौरवान्वित महसूस कर रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना हेतु श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूरल मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, नीरांचल योजना, ग्रामीण उद्यमिता योजना, ये सभी माननीय मोदी जी की सरकार के द्वारा प्रारंभ हो रही वे योजनाएं हैं जो भविष्य के ग्रामीण भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

इस सरकार का लक्ष्य है, विकसित और समृद्ध भारत। इसलिए सरकार ने देश में 100 स्मार्ट शहरों के निर्माण के लिए 7060 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। यही नहीं, आगामी 10 वर्षों में सरकार पी.पी.पी. के जरिये 500 शहरी बसाबटों में इफ्रास्ट्रक्चर निर्माण हेतु भी संकल्पित है।

शहरी बसाबटों के विकास में संसाधन जुटाना एक महत्वपूर्ण कदम है, इसके लिए सरकार ने नगरपालिका ऋण देयता सुविधा निधि को 5000 करोड़ से बढ़ाकर 50,000 करोड़ करने का जो प्रावधान किया है, वह छोटे कस्बों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

इस बजट में सरकार ने व्यापक दृष्टिकोण रखते हुए सभी क्षेत्रों की चिंता की है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा और व्यवसायिक शिक्षा में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। देश के प्रतिभाशाली एवं होनहार युवाओं को अधिक अवसर देने के लिए 5 नये आई.आई.टी. और आई.आई.एम. जैसे संस्थानों को खोलने का कदम बेहद सराहनीय है।

मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी, (हैदरगढ़, फतेहपुर, जैतपुर, रामनगर विधान सभाओं) को इस बजट से लाभ मिलेगा। बाराबंकी क्षेत्र को कस्बां तक राष्ट्रीय पेयजल योजना के अन्तर्गत शुद्ध पानी मुहैया कराया जाएगा। साथ ही विद्युतीकरण को लेकर जो धनराशि 500 करोड़ रूपए आवंटित की गयी है, बाराबंकी जनपद (उ0प्र0) को भी इसका लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत मेरे क्षेत्र बाराबंकी में सड़कों का निर्माण मानकों के अनुरूप किया जायेगा। आवास आवंटन योजना को लेकर जो बजट पेश किया गया है, मुझे पूरी उम्मीद है, इसका लाभ मेरे क्षेत्र बाराबंकी को भी मिलेगा।

मेरे क्षेत्र बाराबंकी में रामनगर विधान सभा में महादेव लोजेश्वर मंदिर ऐतिहासिक स्थल है। इसको ध्यान में रखते हुए इसको पर्यटक स्थल घोषित किया जाए क्योंकि यहाँ सावन में शिवरात्रि में तथा बसन्त में देश-विदेश से लोग आते हैं। मेरे बाराबंकी क्षेत्र में कोई भी एक ट्रामा सेन्टर खोला जाए। मेरा पूरा क्षेत्र बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है। घाघरा नदी में स्थायी बांध बनाकर पूरे बाराबंकी क्षेत्र को बाढ़मुक्त कराने की कृपा करें।

अंत में मैं पुनः माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी व जेटली जी को बधाई देना चाहती हूं जिन्होंने इस बजट के माध्यम से यह स्पष्ट संकेत दिया है कि एन.डी.ए. सरकार का अपना कोई राजनैतिक एजेण्डा इस बजट में नहीं है बल्कि देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों व देश के जनता को विश्वास है कि माननीय मोदी जी के नेतृत्व में यह देश विकास का एक नया अध्याय लिखेगा।

*__SHRI C. MAHENDRAN__ : First of all, I thank the Hon'ble Speaker for giving me an opportunity to place my request in this prestigious House.

I humbly submit my profound thanks to the TAMIL NADU CHIEF MINISTER Hon'ble PURATCHI THALAIVI AMMA for being given me an opportunity to be a Parliamentarian in this Hon'ble House.

In my Pollachi Parliament Constituency nearly 92000 hectare area is under coconut cultivation. Of which this ranks one-fourth of coconut area in Tamilnadu.

Due to failure of South-West and North-East monsoon, water level is depleted much in wells as well as underground water level. Owning to insufficient of water and high cost of maintenance, coconut farmers are in critical crisis and face great loss in producing Copra. Hence, the production of copra is dwindling in my Parliamentary area.

Even though 2,02,000 M.T. of Copra is being produced, the Agriculturists could not survive as the support price for Copra fixed by NAFED is only Rs. 52.50/Kg which is not remunerative and they are finding out solution to grow alternate crops which were maintained for more than 15 to 20 years, being the Coconut cultivation a long term crop. Now only 50% of agriculturists are however maintaining Coconut cultivation with a great hardship.

In the year 2012-2013 TAMIL NADU CHIEF MINISTER Hon'ble PURATCHI THALAIVI AMMA has given Rs. 1.755-crore as drought relief package for non-delta farmers. Of this package, six components were meant for about 17.9 lakh farmers, who had suffered over 50 per cent crop loss. The farmers, for a variety of crops, would receive a total compensation of Rs. 835.21 crore.

Making an announcement in the Assembly, TAMIL NADU CHIEF MINISTER Hon'ble PURATCHITHALAIVI AMMA said the package was based on the assessment made by a high-level committee headed by Finance Minister after visiting 18 districts and interacting with representatives of farmers and district officials, apart from reports from the district Collectors.

A sum of Rs. 312.89 crore had been earmarked for giving compensation of Rs. 5,000 per acre to 6,25,481 farmers who raised paddy over 6,25,786 acres. As per the Central norms on disaster relief, even small and marginal paddy farmers, experiencing more than 50 per cent crop loss, were entitled only to Rs. 2,429 per acre. Whereas our TAMIL NADU CHIEF MINISTER Hon'ble PURATCHI THALAIVI AMMA has given for long term crops, including coconut growers numbering 50,908 farmers would be given Rs. 4,000 per acre. A relief of Rs. 43.35 crore had been made covering 1,08,383 acres in the last year.

Please also set up a coconut breeding center in Udumalpet constituency by allotting 82.66 acres of government land for the benefit of Coconut growers to produce good quality seedlings with the help of National Coconut Board participation considering long term vision and mission of the Coconut cultivators of Tamilnadu.

In considering the above facts will the Present Government led by Shri Narendra Modi Ji, move any proposal to increase the support price of Copra to double the amount or even Rs. 100/- a kg, so as to give relief to the existing coconut growing agriculturists from their present financial crisis?

I have 100% confidence in Shri Nomo Ji that he will do the best for the Agriculturist welfare of Tamil Nadu to tide over the copra price crisis. And it would be very helpful to the coconut growers by allotting any financial assistance from the Agriculture Price Stabilization Fund presently announced in the Budget 2014-15.

I request the Hon'ble Minister for Agriculture, Shri Radha Mohan Singh Ji to allocate adequate compensation to the copra producers by incentives to their livelihood and save coconut growers form the present copra price crisis.

श्री मोहम्मद असरारुल हक (किशनगंज) : सदरे मोहतरम, सबसे पहले मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे आम बजट पर बोलने का मौका दिया। जब भी कोई बजट आने वाला होता है तो लोग बड़ी बेचैनी से उसका इंतजार करते हैं और इस बात की उम्मीद करते हैं कि शायद इसबार बजट में उनके मसाइल का हल होगा और उनकी जिंदगी में कुछ तब्दीलियां आएंगी। शायद उन्हें महंगाई की मार से कुछ राहत मिलेगी। इस बार भी नई सरकार से लोगों की ऐसी ही उम्मीदें वाबिस्ता थीं। बहुत शोर और हंगामा था कि एनडीए का ड्रीम बजट आम जनता के लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। मगर जब मोहतरम वज़ीरे खजाना ने बजट का पिटारा खोला तो पता चला कि इसमें आम आदमी और गरीबों के लिए कोई खास इंतजाम नहीं किया गया है। लिहाजा अवाम् के साथ-साथ मुझे भी इस बजट के मुताले से बेहद मायूसी हुई। दर हकीकत इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसकी बिना पर हम उसे एक मुतावाजिन और मुस्बत बजट कह सकें। इंतखाबात के वक्त जब बड़े-बड़े वायदे किए गए थे, सबका साथ सबका विकास का फलक शगाफ नारा लगाया गया था, वह सब इस बजट को पढ़ने के बाद महज एक दिखावा नजर आता है। इस बजट को देखकर यही कहा जा सकता है कि यह हुकुमत गरीबों और नादारों की नहीं बल्कि अमीरों, खुशहालों और सनतकारों की खैर ख्वाह है और सनतकारों के लिए हुकुमत की फयाक दिली इस बजट में साफ जाहिर भी है। इज्जतमआब, इस बजट में जिस तरह एससी, एसटी की फलाह व बहबूद के लिए वज़ीरे खजाना की तरफ से एक रकम मुकतस की गई है जो एक अच्छी बात है। मगर मुस्लिम अकलियत जिनकी हालत एससी, एसटी से भी बदतर है, उनके लिए किसी खास पैकेज का ऐलान नहीं किया गया। हालांकि अकलियतों खासकर मुस्लिम अकलियत के लिए वज़ीरे खजाना को फयाक दिली का सबूत देना चाहिए था। उनकी मुआशी, सामाजी, तालीमी पसमंदगी को दूर करने के लिए एक कसीर जहती मनसूबे का ऐलान होना चाहिए था। इसकी उम्मीद भी की जा रही थी। मगर इस बजट को सुनने और पढ़ने के बाद अकलियतों को बेहद मायूसी हुई है। सिर्फ मदरसों की जदीदकारी से उनके मसायल का हल नहीं होने वाला है। उसके पसे पर्दा हुकुमत की क्या मंशा है, वह भी किसी पर मखफी नहीं है। इज्जतमआब इस मुल्क में सबसे बड़ी अकलियत के ताल्लुक से इस बजट में जो रकम मुखतस की गई है, वह ऊंट के मुंह में ज़ीरा के मुताबादिफ है। इससे उनके मसायल का एजाला नहीं हो सकता। जरूरत इस बात की है कि जिंदगी के तमाम शोबे में आगे बढ़ाने के तरीकों पर गौर किया जाए और उनकी तालीमी पसमांदगी, मुआशी, जबूहाली और बेरोजगारी

को दूर करने के लिए मुअस्सर इकदामात किए जाएं। अगर आप सबके विकास की बात करते हैं तो आपका यह ख्वाब उस वक्त तक शर्मिंदा ताबीर नहीं हो सकता जब तक इस मुल्क की सबसे बड़ी अकलियात का विकास न हो। इज़्ज़तमआब इस आम बजट में खुशहाल भारत का जो ख्वाब दिखाया गया है, वह महज एक ख्वाब तक ही सिमटा रह गया। उसे ताबीरी और अमलीजामा पहनाने के लिए कोई कोशिश इस बजट में कहीं नजर नहीं आती। बजट से पहले बड़ी-बड़ी कयास-आराइयां की जा रही थीं और नयी हुकूमत से लोग बहुत ज्यादा पुरउम्मीद थे कि वजीरेखजाना शरहेनमु को बढ़ाने और अफरातेजर को कंट्रोल करने के फार्मूले पेश करेंगे, माली खसारा को कम करने के तरीके बतायेंगे। मगर वजीरे खजाना ने आम आदमी को मायूसी के सिवा कुछ नहीं दिया। इस आम बजट के बारे में सिर्फ इतना कहा जा सकता है कि--

बहुत शोर सुनते थे पहलू में दिल का,

जो चीरा तो एक कतर-ए-खून न निकला।

इज़्ज़तमआब, मेरा हल्का इंतकाब किशनगंज और उसके इर्द-गिर्द फैले हुए सीमांचल के इलाके तालीमी, मुआशी, सामाजी और हिफज़ाने सेहत के लिहाज से तशवीशनाक एक हद तक पसमांदा हैं। पिछली यूपीए सरकार की मेहरबानी से किशनगंज में ए.एम.यू सेन्ट्रल का कायाम अमल में आ चुका है, जिसके जरिये पूरे इलाके में इल्म की रोशनी तेजी के साथ फैलनी शुरू हो गयी है। अब उस सेंट्रल को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी मौजूदा हुकूमत की है। लेकिन उस इलाके में आबोहवा की बदतरीन सूरत-ए-हाल की वजह से जानलेवा बीमारियां जैसे हार्ट, किडनी और कैंसर की मोहलिक बीमारियां में जबरदस्त इज़ाफा हो रहा है और वहां इलाज की सहुलियतें नहीं के बराबर हैं। अफसोसनाक सूरत-ए-हाल यह है कि उस पूरे इलाके में एक भी सरकारी मेडिकल कालेज नहीं है। सदरे मोहतरम आपके तव्वासुत से सरकार से मेरा यह मुतालबा है कि किशनगंज में एक मेडिकल कालेज और उसके साथ एम्स की तर्ज पर एक बड़ा अस्पताल बनाया जाये। इसी तरह मेरे इलाके में गरीबी की एक बड़ी वजह यह है कि हिमालय के दामन में आबाद वह इलाका महानंदा, डौक, मेछी, कंकाई, कोल, परवान और बकरा जैसी तेज बहाव वाली तबाहकुन नदियों में घिरा है। हर वर्ष हजारों एकड़ जराअती जमीन और दर्जनों गांव अपना वजूद खो देते हैं। पिछली यूपीए सरकार की मेहरबानी से उन नदियों में बांध बांधने के लिए महानंदा सबबेसिन स्कीम मंजूर है। मेरा मोतालबा है कि इस स्कीम का जल्द आगाज किया जाये और काम को पूरा करके पूरे इलाके को महाशी तबाही से बचाया जाये। उसी के साथ एक दरख्वास्त यह भी है कि इलाके में रोजगार के मवाके पैदा करने के लिए हैवी इंडस्ट्रीज के साथ स्मॉल इंडस्ट्रीज का जाल बिछाया जाये। उस इलाके के लाखों नौजवान अपने खानदान की रोजी-रोटी के लिए मुल्क के दूर-दराज शहरों में मजदूरी करते हैं।

इन्हीं मुतालिबात के साथ मैं वजीरे खजाना को अपना पहला बजट पेश करने के लिए मुबारकबाद देता हूं और उम्मीद करता हूं कि अपने जवाब के दौरान वे हमारे मुतालिबात के हवाले से ऐवान में मुसबत ऐलानात करेंगे। मैं अपनी पार्टी की कयादत ...(व्यवधान) का भी शुक्रिया अदा करता हूँ कि मुझे बोलने का मौका दिया।

•श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा): आपने मुझे वर्ष 2014-15 के आम बजट पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। इसके लिए मैं आपके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं आज इस सदन में देश की कोटि-कोटि जनता के हृदय सम्राट तथा हिन्दुस्तान की राजनैतिक धारा बदलने वाले हमारे नेता तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी का वंदन और अभिनंदन करना चाहता हूं। आज मेरे यहां पर होने का श्रेय प्रेरणापुंज श्री नरेंद्र भाई मोदी जी को जाता है।

माननीय प्रधानमंत्री जी नरेंद्र भाई मोदी जी के मार्गदर्शन में तथा आदणीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी के अथक परिश्रम से एक महीने की अल्प अवधि में तैयार किया गया यह एक ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बजट है इसके लिए मैं वित्त मंत्रालय के सभी अधिकारियों का भी अभिनंदन करता हूं । देश और विदेश का मीडिया भी इस बजट को भारत के विकास का रोड-मैप बता रहे हैं।

माननीय वित्त मंत्री द्वारा बजट में हर जगह देश के आम आदमी को राहत दिये जाने का अभिनंदनीय प्रयास किया है। उन्होंने महंगाई पर तत्काल लगाम लगाने हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं तथा आने वाले समय में फलों-सब्जियों और खाद्यान्नों की देश में भरपूर पैदावार हो, इसी उद्देश्य से बजट में कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। किसानों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में है। इसके लिए वर्ष 2014-15 के दौरान कृषि ऋण हेतु 8 लाख करोड़ रुपये निर्धारित करने का लक्ष्य रखा गया है। नई कृषि तकनीकों, जल संरक्षण और जैविक कृषि जैसे विषयों पर किसानों को समय पर जानकारी देने के लिए किसान टी0वी0 को 100 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है।

हमारे गुजरात में, हमारे परम आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल के स्वर्णिम दिनों में अपने किसानों की मिट्टी का हेल्थकार्ड जारी करने की एक सफल योजना की शुरुआत की थी। इस बजट में इस योजना को पूरे देश में लागू करने का संकल्प व्यक्त किया गया है। इसके तहत देश भर में 100 मोबाइल मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं शुरू की जाएंगी। देश के अन्नदाता किसान के हित में किए जा रहे तमाम प्रयास इस बात के परिचायक है कि एक उज्जवल एवं समृद्ध भारत का सपना रखने वाले हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी का मन किसानों के लिए दया एवं करुणा से द्रवित है। वो हर हालत में देश के किसानों की दशा बदलने की इच्छाशक्ति रखने वाले अद्वितीय नेता हैं। मैं उनके किसान हितैषी प्रयासों के लिए पुनः उनका अभिनंदन करता हूं तथा अपने संसदीय क्षेत्र साबरकंठा गुजरात की पशुपालन एवं कृषि पर आधारित जीविका अर्जित करने वाली जनता की तरफ से कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं।

यह बजट देश में बिजली, पानी, देश की सुरक्षा तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से अपने आप में एक परिपूर्ण बजट है।

इस बजट में गंगा माता की पवित्रता और शुद्धता को अक्षुण्ण बनाए रखने का भगीरथ प्रयास किया है तथा इस पुनीत कार्य के लिए 2037 करोड़ रुपये का प्रावधान करने के साथ ही साथ एनआरआई फंड बनाने का निर्णय लिया है।

मैं अंत में एक बार पुनः इस समग्रता पूर्ण बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी तथा वित्त मंत्री के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं।

*SHRIMATI BUTTA RENUKA(KURNOOL): I am a first time elected MP and I need the blessings and support of this august house to perform my duties as an MP, I urge upon my seniors to forgive and guide me, whenever I go wrong.

People have lot of expectations from me though people were strongly opposed to bifurcation. The Center went ahead unilaterally to bifurcate. My party and my leader have opposed it at all possible forum. I am elected in the backdrop of bifurcation of the state. It is well known that undesirable bifurcation of the state has caused serious heartburn in AP and left the state in a vacuum and it is the responsibility of the center to work towards creating a level playing field for AP. People of the state are looking forward for the Center to lend them helping hand to rebuild the state.

There are many promises made in AP Reorganization Act 2014 and some of them have been included in this budget like AIIMS, Agriculture University, IIT etc. But AP needs much more than that and we were expecting the Center to be large hearted towards AP. We have to build a new state capital and build many institutions of national importance. We were expecting special mention about AP capital and allocation of funds for state capital.

In this budget, we were expecting more national institution like IIM, IISER, Tribal University, Petroleum University, which are already promised in the Act.

Demand for Special Category status for AP is still pending. There is no mention in the Budget as to how the deficit in the budget of AP is going to be met. It was promised by the then PM on the floor of the House that the Centre will assist the state in meeting the deficit. We need special development package for backward areas in the state, which is again a promise in the Reorganization Act.

The House is well aware of the fact that Metro rail in urban areas are essential for providing clean and efficient transport system in cities. Though Vizag and Guntur-Vijaywada-Tenali are promised in the Act, but budget is silent on this.

I urge upon the government to be sensitive towards the need of AP and include in the budget, all promises made in the Act and promises made by the then Prime Minister on the floor of the House.

I would like to congratulate the government for taking initiative for developing 100 smart cities. I am an MP from Kurnool, which was the capital of AP before Hyderabad. I would request the government to include Kurnool in the list of 100 smart cities.

I thank my party and my leader to give me an opportunity to and represent the issues which are burning issues in my state.

*श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली)ः माननीय श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार में पहला बजट जो माननीय मंत्री श्री अरूण जेटली जी के कर कमलों के द्वारा सदन के पटल पर पेश किया गया, सरकार की मात्र 45 दिनों की उपलब्धियों की देन है , और मैं इसका खुले तह दिल से समर्थन करता हूं।

हम जानते हैं कि पिछले कई दशकों से देश में यू.पी.ए. सरकार सत्ता में थी, तथा पूर्व सरकार द्वारा आज तक जो बजट पेश किया जाता रहा, वह वोट बैंक पर आधारित हुआ करता था, और पूर्व सरकार के लोक-लुभावन बजट के कारण देश की दुर्गति हुई, इनकी गलत नीतियों एवं नियम के कारण देश में आर्थिक व्यवस्था का संतुलन बिगड़ा, जिससे देश में बेरोजगारी बढ़ी, जो देश के विकास मे बाधक बना।

इस बजट में वर्तमान सरकार के द्वारा कम से कम संसाधनों का व्यवस्थित रूप से उपयोग करते हुए, अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए सरकार ने 5 नये आईआईटी तथा 5 नये आईआईएल जैसे संस्थानों को प्रारम्भ करने की मंजूरी दी है जो अति सराहनीय है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 4 नये एम्स खोलने का प्रावधान किया गया है, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक था। इससे स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी सुधार होगा, और स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य की अधिक सुविधाएं प्राप्त होगी। इस बजट में रोजगार का विशेष ध्यान रखा गया है और इस बजट में 100 नये स्मार्ट शहर बनाने की घोषणा की गई है, इसके निर्माण कार्य से काफी लोगों को रोज़गार प्राप्त हो सकता है। यह एक प्रगतिशील कदम है। इस बजट में राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास के लिए 38,000 करोड का प्रावधान किया गया है, इस योजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग की वर्षों से लंबित योजनाएं पूर्ण होगी।

डिफेंस, रेलवे तथा बीमा क्षेत्र में एफ.डी.आई. की भागीदारी के प्रस्ताव का मैं स्वागत करता हूं, इस भागीदारी के द्वारा डिफेंस में सेना का आधुनिकिकरण किया जा सकता है तथा रेलवे में एफ.डी.आई की भागीदार से वर्षों से लंबित परियोजनाएं पूर्ण होगी, तथा यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं दी जा सकेंगी और बीमा क्षेत्र में एफ. डी.आई के आगमन से बीमा सेक्टर में तेजी आयेगी, और उसका तीव्र गति से विकास होगा तथा इसके साथ लाखों लोगों को रोजगार की प्राप्ति होगी।

पीएमजीएसवाई योजना के अंतर्गत सरकार ने सभी ग्रामीण क्षेत्रों की प्रत्येक सड़क के निर्माण के कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है तथा इस योजना से गांवों का पूरा विकास होगा। हमारे देश में कृषि मानसून पर आधारित है। कृषि की सिंचाई तथा विकास के लिए गुजरात मॉडल को अपनाने की आवश्यकता है। गुजरात मॉडल के अनुसार देश में किसान विकास पत्र योजना को पुनः शुरू करना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जिसके अंतर्गत नदियों को जोड़ कर सिंचाई करने की व्यवस्था होती है जो देश के लिए एक प्रगतिशील कदम है, महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान शुरू करना, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूअर्बन मिशन पर कार्य करना, "दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना " के अंतर्गत विद्युत आपूर्ति में वृद्धि करना, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए इंदिरा आवास योजना तथा स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना प्रारम्भ करना, वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना को पुनर्जीवित करना, कृषि को मनरेगा में शामिल करना, विकलांग व्यक्ति की गरिमा एवं स्वाभिमान से जुड़े कार्य हाथ में लेना, 12 नये मेडिकल कॉलेज बनाना, 9 एयरपोर्ट पर ई वीजा की सुविधा, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान, महिलाओं को मुख्य धारा से जोड़ने पर विशेष ध्यान , ग्रामीण आवास योजनाएं , मनरेगा, जल संभरण, गांवों तक सुरक्षित पेयजल, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर ध्यान, प्रारंभिक स्कूली शिक्षा पर विशेष ध्यान, वर्ष 2011 तक सभी के लिए आवास, कुपोषण की स्थिति को रोकना , कृषि क्षेत्र में नये आयाम, कृषि ऋण, खाद्य सुरक्षा में सुधार, किसान टीवी चैनल चालू करना तथा साथ ही साथ श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी की सरकार में मदरसों के विकास में भी विशेष ध्यान देना इस सरकार की प्राथमिकता होगी।

गंगा का शुद्धिकरण हमारे देशवासियों की श्रद्धा से जुड़ा हुआ एक ज्वलंत महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसके लिए सरकार द्वारा 1000 करोड़ की राशि आवंटित की है, यह माननीय प्रधानमंत्री जी का सराहनीय कदम है।

अतः मैं इस बजट का समर्थन करता हूं और इसका समर्थन करते हुए मैं यह कहना चाहता हूं कि वर्तमान बजट एक प्रगतिशील एवं विकासशील बजट है ओर सरकारी की खुली नियत का परिचय देता है। इस बजट से भारत का सर्वांगीण विकास होगा।

*श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा)ः मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा लाए गए बजट का समर्थन करता हूं। पिछली सरकार द्वारा खाली छोड़े गए खजाने के बावजूद माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा लाया गया बजट माननीय प्रधानमंत्री जी के आगामी वर्षों में भारत को विश्व में अग्रणी पंक्ती में खड़ा करने की सोच के अनुरूप है। मेरा माननीय वित्त मंत्री जी को सुझाव है कि विदेशी कंपनियों को किसी भी कीमत पर मॉल खोलने की इजाजत छोटे शहरों एवं कस्बों में न दी जाए जिससे फुटकर व्यापारियों के हित भी सुरक्षित रहें। किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य मिले इसके लिए धान एवं गेहूं की तरह दलहन एवं तिलहन एवं मोटे जिन्सों की समर्थन मूल्य पर खरीद की व्यवस्था की जानी चाहिए। अक्सर यह देखा गया है कि अभी ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। बुन्देलखंड क्षेत्र जो कि उ.प्र. एवं म.प्र. दो प्रांतों में बंटा है लेकिन उसकी समस्यायें समान हैं। अतः दोनों प्रान्तों में आने वाले जिलों को मिलाकर एक विशेष बुन्देलखंड विकास परिषद का गठन किया जाना चाहिए। उसके लिए एक विशेष बजट का प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे इस पिछड़े क्षेत्र का विकास हो सके।

यहां बेरोजगारी की बड़ी समस्या है। हर दिन ट्रेनों एवं बसों में भरकर काम की तलाश में लोग सुदूर क्षेत्रों में अपने घर परिवार को छोड़कर जाते हैं। अस्तु इस क्षेत्र में बड़े उद्योग लगाने की जरूरत है जिससे यहां की श्रमशक्ति का उपयोग हो सके। पहले से बंद पड़ी बांदा की कताई मिल को शुरू कराकर तथा चरखड़ में लगने वाली ग्लास फैक्ट्री का निर्माण कराकर कुछ हद तक इस कमी को पूरा किया जा सकता है। बांदा एवं चित्रकूट जिले में एक थर्मल पावर का बड़ा प्रोजेक्ट लगाकर यहां की बिजली की समस्या हल की जानी चाहिए। यहां की सभी नदियों को आपस में जोड़कर हर खेत को पानी दिया जा सकता है। यमुना नदी में लिफ्ट की कुछ और योजनाओं द्वारा बांदा एवं चित्रकूट जनपद में सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। यहां पर चित्रकूटधाम जो कि उत्तराखंड के अलग हो जाने के बाद उत्तर प्रदेश का एक मात्र प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है, को पर्यटन व धार्मिक क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मानचित्र में लाकर इसे विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यहां हवाई पट्टी बनकर तैयार है जहां से नियमित उड़ाने शुरू की जानी चाहिए। यहां खनिज संपदा भरपूर है जिस पर आधारित उद्योग धंधे लगाकर यहां का विकास हो सकता है और यह देश के अन्य भागों की तरह विकसित किया जा सकता है। यहां पर कलींजर एवं मड़फा के किले व गनेश बाग व वाल्मेश्वर पर्वत जैसे विश्व को आकर्षित करने वाले स्थान हैं। रामायण जैसे राष्ट्रीय ग्रंथ के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्म स्थली राजापुर व भरतकूप व वाल्मीक आश्रम जैसे स्थान हैं। जिन्हें विकसित कर टूरिस्ट को आकर्षित किया जा सकता है। यहां का किसान पिछले कई वर्षों से कभी सूखे व कभी अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से तबाह हो चुका है। कई बार प्रदेश सरकार व पिछली केन्द्र सरकार ने सर्वे कराया और आश्वासन दिया और कुछ घोषणायें भी की कि बुंदेलखंड के किसानों का पिछला बकाया कर्जा व ब्याज माफ किया जाएगा व सहायता दी जाएगी लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ है। अस्तु आपके माध्यम से मेरा माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि बुन्देलखंड के विपन्न किसानों की हालत को देखते हुए उनके पिछले कर्जे एवं ब्याज माफी की घोषणा को इस बजट में शामिल कर आत्महत्या पर मजबूर किसानों को बचाया जाना चाहिए। यहां पर स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। अस्तु इस समस्या के समाधान के लिए इस क्षेत्र मे एक एम्स एवं एक कैंसर हॉस्पीटल बांदा या चित्रकूट में खोला जाना चाहिए। यह बजट माननीय प्रधानमंत्री के "सबका साथ - सबका विकास " की सोच के साथ लाया गया है।

अन्त में मैं माननीय वित्त मंत्री जी को अच्छे बजट लाने के लिए जिसमें उन्होंने हर वर्ग का ख्याल रखा है बधाई देता हूं।

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला) : सभापति जी, मैं आम बजट की कुछ विशेषताओं की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वित्त मंत्री जी ने ग्रामीण क्षेत्रों के बारे में इसमें विशेष प्रयोजन किया है। अभी तक हमारे देश में ग्रामीण क्षेत्र के बारे में बहुत सारे बजट पेश होते रहे, लेकिन इस बार जो विशेष प्रयोजन हुआ, उसे बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। बजट में पूरे भारत, ग्रामीण क्षेत्र के बारे में जो विशेष प्रयोजन किया गया है, उसे हमें ध्यान में रखना चाहिए। मुझे इस बात की खुशी है कि हम आवास युक्त भारत की कल्पना करते हैं, तो इस बजट में इसका प्रावधान किया गया है। मैंने अनुभव किया कि अभी तक ग्राम पंचायतों में एक वर्ष में एवरेज दो या तीन आवास दिये जाते थे, जबकि आज इसकी अधिक आवश्यकता है।

मैं वित्त मंत्री जी, माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने बजट में इस सैक्टर के बारे में विचार किया है। उनका यह पहला बजट है। इस बजट में जो भी प्रावधान किया है, वह सही है, लेकिन इस क्षेत्र के बारे में भी विचार किया गया है।

दूसरा, ग्रामीण आवास है। इंदिरा आवास की जो कल्पना हुई है. उसमें विशेषकर 60 परसेंट का जो प्रयोजन हुआ है, उससे एससी और एसटी लोगों को लाभ मिलेगा। मैं अपने मित्रों से कहना चाहता हूं कि देश में हमेशा इस बारे में राजनीतिक आधार पर चर्चा होती है, परन्तु जब इन वर्गों के बारे में बात होती है, तो कभी इस पर विचार नहीं हुआ। आज मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि अधिकांश जो बीपीएल श्रेणी में लोग हैं, उनके लिए और उनके साथ-साथ जो हमारे एससी, एसटी वर्ग के लोग हैं उनको 60 प्रतिशत इस सेक्टर से लाभ पहुंचने वाला है। यह इस महत्वपूर्ण बजट की विशेषता है। इसलिए इस सेक्टर को आज छूने का प्रयास किया गया है। जहाँ तक अन्य योजनाओं का सवाल है, मैंने देखा है कि इसमें एक महिला बाल विकास योजना है। यह जो एकीकृत महिला बाल विकास योजना है, खासतौर से शिशुओं के लिए, मैं देख रहा था कि हमारे अनेक सदस्यगण कहते हैं कि इस क्षेत्र में खासतौर से उनके आहार के बारे में, यह एक बड़ी विशेषता है कि उनके संरक्षण के लिए, उनके प्रोटैक्शन के लिए, महिला सशक्तिकरण के लिए एक राष्ट्रीय मिशन हेतु राशि का प्रावधान किया गया है। यह भी अपने आप में महत्व रखता है। इस देश की महिलाओं के लिए एक तरफ हम सशक्तिकरण की बात करते हैं और उनके साथ जब अन्याय होता है, उनको जो प्रोटैक्शन मिलना चाहिए, आज इस बात की खुशी है, इस बजट में ये जो प्रावधान किये गये हैं, उस बात के लिए मुझे इस सदन को कहना है और विशेषकर प्रधानमंत्री जी ने इस सेक्टर को चुना है, वित्त मंत्री जी ने इसमें प्रावधान किया है। ऐसे ही हेल्थ सेक्टर में किया गया है। अनेक ऐसे क्षेत्रों में, जहाँ पर हम स्वास्थ्य सुविधाओं से अभी तक वंचित हैं, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसे क्षेत्र हैं। विशेषकर जो कैपिटल्स हैं, जब एम्स की बात आती है, तो अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ हम लोगों से सांसद होने के नाते लोग पूछते हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग पूछते हैं। स्वास्थ्य सुविधा में संक्रामक बीमारियों अथवा इस प्रकार की अन्य बीमारियों के संबंध में उनको सहायता राशि देने के बारे में, मैं कह सकता हूं कि ऐसी अनेक योजनाओं के बारे में सोचा जाता है। परंतु जब इसकी योजना बनती है, तो उस योजना के बारे में सोचने से पहले एक बार अपने आप में विचार करना चाहिए। इस बात की प्रसन्नता है कि हमारे जो ऑल इंडिया स्तर के हॉस्पीटल्स हैं इस आयाम को आगे बढ़ाने की दृष्टि से सरकार ने विचार किया है। ऐसे ही कुछ हमारे ट्राइबल सेक्टर हैं। इसके बारे में स्पेशल प्रोविज़न किया गया है। जनजातीय क्षेत्र में, विशेषकर बच्चों की शिक्षा के लिए अबेला योजना है। यह अपने आप में महत्व रखता है। इस योजना के लिए एक हजार 58 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। दूसरी तरफ, वनबंधु योजना के लिए सौ करोड़ रुपए का प्रावधान है। मैं कई बार देश के अन्य हिस्सों में देखता हूं, तो यह जो योजना है, यह गुजरात से प्रारम्भ हुई। मुझे लगता है कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने देश के उन हिस्सों को ध्यान में रखकर हमारे वित्त मंत्री जी को आदेश दिया है कि इस योजना को पूरे देश में लागू होना चाहिए। एक विशेष मॉडल के तौर पर इस योजना को प्रारम्भ करने का लक्ष्य तय हुआ है। इसलिए हम इस सेक्टर में काम करते हैं, इस क्षेत्र में काम करते हैं। इस बात के लिए भी सभी को प्रसन्नता होनी चाहिए। गर्व होता है, जब इस प्रकार की योजनाओं को, देश में उन लोगों के लिए, जो वास्तव में गरीब हैं, उन गरीब क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों और समाज को इसका सीधा लाभ पहुंचेगा, चाहे वह आर्थिक दृष्टि से हो, चाहे रोजगार का कार्यक्रम हो या कृषि के सेक्टर में हो, इसका अपने आप में महत्व है कि इस सदन में वित्त मंत्री जी ने इन योजनाओं के लिए इसमें विशेष प्रयोजन किया है। सभापति जी, यह मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि ये जो योजनाएं हैं, इन योजनाओं में अनेक सेक्टर हैं, केवल योजना का नाम दिया गया है। वनबंधु कल्याण योजना, इसमें बहुत सारे सेक्टर हैं, बहुत सारे लोग हैं, जो इस देश के अन्य हिस्सों में रहते हैं, विशेषकर यह जो वर्ग है, उन वर्गों को हम आर्थिक दृष्टि से अधिक सक्षम बना सकते हैं, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ा सकते हैं। इसलिए इसके बारे में सरकार ने विचार किया है। मैं एक बार फिर वित्त मंत्री जी और प्रधानमंत्री जी को इस काम के लिए बधाई देना चाहता हूं कि इस सेक्टर को उन्होंने विशेष प्रयोजन देकर इस सरकार ने, एनडीए सरकार ने इस देश में ख्याति अर्जित करने का काम किया है।

***SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD):** One reason is that, everyone's expectations from the new finance minister after Narendra Modi ji led the NDA to a stunning victory were quite high. But there's something else. Voters have given the NDA an extraordinarily strong mandate and this was clearly an opportunity for it, via its wordly-wise finance minister, to do a bit of grand-standing: announce one really big thing or two and, in return, reap the benefits of making it a memorable budget that spread much-needed cheer and good sentiment all round.

Another fillip needed for economy was given on the infrastructure front with the development of national highways getting Rs.37,000 crore and that of village roads Rs 14000 crore. Of the money allocated for national highways, Jaitley ji has put aside Rs.3,000 crore for the north-eastern region of the country.

From 1980 to 2012 47,000 Kms National Highways is constructed out of this about 23000 Kms is constructed during the short period of 5 to 6 years of NDA whereas UPA during 10 years constructed 16,000 Kms. This detail is given by UPA Govt itself in affidavit submitted to Supreme Court.

According to estimates, poor condition of national highways is responsible for wastage of diesel worth as much as Rs. 70,000 crore every year in trucking. Checking this wastage will help reduce oil import bill. Poor road conditions also increases the turnout time of trucks by up to 30 per cent apart from reducing the lifespan of vehicles.

Bottlenecks in the supply of coal to thermal power stations have been the major cause behind poor performance of power sector. To attract, new players to the power sectors, the Finance Minister has announced 10-year tax holiday for them.

To give a boost to the real estate and infrastructure sector, Jaitley ji has introduced Real Estate Investment Trusts (REITS) and Infrastructure Investment Trusts. His master's dream project of setting up 100 smart cities has got Rs.7,000 crore.

On the front of financial consolidation, the Finance Minister aims to restrict the fiscal deficit to 4.1 per cent in the current year and to around 3 per cent by the financial year 2017. Lower deficit will go a long way in reining in inflation, but it is a formidable task.

Jaitley ji has raised the allocation for defence forces by about 12 per cent to Rs.229,000 crore, and earmarked Rs.5,000 crore for the modernization of the sector. Raising the limit on foreign investment in defence sector from 26 per cent to 49 per cent will save foreign exchange and check the current account deficit in the long run which means a stable rupee.

Another positive of the 2014-15 Budget is a move towards a common Goods and Services Tax. The government also proposes not to destabilize the tax regime with retrospective demands as far as possible.

The proposed integrated national market for agricultural produce, will allow farmers to sell their produce directly to the consumer removing the middlemen. This will not only curb inflation, but will also check spoilage of the perishable items.

Rs.1000 crore has been provided for "Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojna" for assured irrigation.

Indian economy passing through extremely difficult phase and hence putting economy back on track is paramount. The NDA Govt under Vajpayee ji when it left the office in 2004 the GDP growth was 8.1%. Now the UPA left the office with less than 5 % GDP growth.

The original cost of 738 big projects being monitored by the MOSPI was Rs.9.05 lakh crore. The anticipated cost of these projects has now risen to Rs.10.79 lakh crore due to inflation.

Current Account Deficit : 2004: (+) $7.36 billion (surplus). 2013: (-) $80 billion. During 1998 it was -2, Which NDA brought to +2.3 in 2004, whereas Congress Led UPA brought back to -5 at present.

Trade deficit : 2004: (-) $13.16 billion. 2013: (-) $180 billion.

The Fiscal Deficit : During 1998-99 it was -6.29, which NDA brought to -3.88 in 2004-05, whereas Congress Led UPA brought back to -5.75 in 2012-13

Inflation: 1998-2004: 5% and

2004-2013: 9% (Both figures are averaged out over their respective tenures)

The Food Inflation

	Total Month	Average Food Inflation has stayed above 10%	% of total tenure for which Food Inflation was above 10%
UPA in Office	108	63	58%
NDA in office	72	12 Only	17% only

The Food Prices

Item	Prices during NDA (May 2004)	Prices during UPA (May 2013)	% Increase
Potato	2	20	900%
Wheat	9	28	211%
Milk	14	45	221%
Vegetable Oil	40	78	95%
Diesel	22.50	56.10	149%

External Debt: March 2004: $111.6 billion, March 2013: $390 billion.

The UPA suffers badly in this comparison, a result of lack of confidence in India's economy and currency following retrospective tax legislation and other regressive policies, especially during UPA-2.

During NDA tenure in 1999-2004, 60.7 Millions Job were created, whereas in UPA 1 tenure only 2.7 Millions Job were created. Clearly, the UPA's big failure has been jobless growth

HDI: 2004: India was ranked 123rd globally on the human development index (HDI) in 2004, with a score of 0.453. 2013: India has slipped 13 places to 136th globally on the HDI in 2013 with a score of 0.554.

NDA's policy	UPA's policy
Low inflation – Low interest rates but High Growth Rate – High Employment	High Inflation – High Interest Rates but Low Growth Rate – Low Employment
Minimum Government Maximum	Maximum Government Minimum

So this is the gloomy legacy left by the previous Govt on the economy of the country to the new Govt, entrusting a Herculean task of first correct wrongs and then bring the movement of progress on the right track.

On the whole, the 2014-15 Budget is an exercise whose results will take time to show.

Demands for the Dharwad Constituency : IIT in Karnataka, Establishment of AIIMS in Dharwad: Government has announced to set up 4 New AIIMS in the recent General Budget. Along with that government has plan to set up AIIMS across the country. In Karnataka, Hubli-Dharwad city is the second largest city only after Bangalore the state capital. This twin city is already a hub of education, industries and commerce with three renowned Universities, 3 medical Colleges and 4 Engineering colleges. It's a long pending demand by the state & Northern Karnataka to construct a Hospital with all super specialty facilities in it like AIIMS.

Cold Storage in APMC yard, Hubli to stop the wastage of agriculture product, specially chilli. Inclusion of Hubli Dharwad in 100 Smart City plan. As the Prime Minister Narendra modi has announced in his speech during the rally in Hubli to start an agro processing industry/unit to encourage the chilli producer to export Chilli powder and its products.

In Navalgund, Kundgol, Kalghatgi and Hubli rural Taluka are worst affected with severe water scarcity as these taluka are totally dependent on underground/borewell water. So request is to provide surface drinking to these areas.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदय, आपने पांच मिनट देने की बात कही है, मैं कहता हूं कि मुझे एक मिनट और बढ़ा दीजिएगा, मैं अपनी बात समाप्त कर लूंगा। महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, लोक सभा के परिणाम सामने आते ही मोदी सरकार के आम बजट की प्रतीक्षा शुरू हो गयी थी। जैसे-जैसे सरकार के शपथ ग्रहण का समय करीब आता गया, वैसे-वैसे लोगों की उम्मीदें बढ़ती गयीं। जब आम बजट आया, तब लोगों की उम्मीद घटनी शुरू हो गयी। आज यह हालत हो गयी कि रेल बजट आने के पहले रेलवे के किराए में बढ़ोतरी कर दी गयी। इतना ही नहीं, जब रेलवे का किराया बढ़ाया गया, उसमें स्लीपर और जनरल बोगी में चलने वाले मुसाफिरों का भी किराया बढ़ाया गया। इन्होंने कमरतोड़ महंगाई लाने का काम किया। कहा जाता था कि जब-जब दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है, तो महंगाई लेकर आती है, लेकिन जब एनडीए की सरकार बनी, वह भी महंगाई लेकर आई।

सभापति महोदय, बेहद अफसोस की बात है कि मैं बिहार से आता हूं। बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे और विशेष पैकेज का कोई जिक्र नहीं किया गया है। बजट की बाजीगरी से यही लगता है कि भाजपा की सरकार बिहार से नाराज हो गयी है। चुनाव के दौरान इन लोगों ने वोट मांगा था कि महंगाई दूर हो जाएगी, जिसका सपना भी दिखाया, मगर आज केन्द्र में सत्ता में बैठे लोग वायदे को याद रखने वाले नहीं हैं। महंगाई से राहत नहीं मिलने वाली है, महंगाई की मार और बढ़ेगी। इस बजट में कोई नई बात नहीं है। बजट पेश होता है और हो गया। अच्छे दिन आने के लक्षण दूर-दूर तक नहीं दिखाई पड़ते हैं। बजट में अमीर राज्यों का ही ख्याल रखा गया है। समावेशी विकास एवं पिछड़े राज्यों के विकास का कोई नजरिया नहीं है। बजट में बिहार सरीखे पिछड़े राज्यों की अनदेखी की गयी है। गरीब और अमीर राज्यों के बीच की खाई को पाटने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। उम्मीद था कि बजट में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात होगी, मगर उसकी कोई चर्चा तक नहीं है। चुनाव के दौरान बिहार को विशेष पैकेज और पिछड़े राज्यों को आगे बढ़ाने के वायदे किए गए थे, जिन पर अमल तक नहीं हुआ है। केन्द्र के आर्थिक सर्वेक्षण में बिहार ने प्रति व्यक्ति आय और विकास दर वर्ष 2005-06 से वर्ष 2011-12 तक सर्वाधिक मानी गयी और गरीबी कम होने की दर भी सर्वाधिक है। इस आधार पर पिछड़े राज्यों को आगे बढ़ने में सहायता करनी चाहिए, जो नहीं हुआ। चुनाव में मतदाताओं को ठग कर वोट प्राप्त कर लिया गया।

महोदय, बिहार कृषि प्रधान राज्य है। कृषि को बढ़ावा देने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने इन्द्रधनुषी क्रान्ति का एक बड़ा रोड मैप तैयार किया था, उसको सहायता देने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। पूर्वी राज्यों में कृषि की अपार संभावनाएं हैं, इसके बावजूद बिहार में पूर्व कृषि विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने की कोई चर्चा नहीं की गयी है। यह भी नहीं कहा गया कि पूर्वी क्षेत्र में द्वितीय हरित क्रान्ति को किस तरीके से मजबूती प्रदान करेंगे। पर्यटन के क्षेत्र में बुद्ध सर्किट को छोटा कर दिया गया। माननीय वित्त मंत्री जी वैशाली और राजगीर को भी भूल गए। नालन्दा में नालन्दा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय को मजबूती प्रदान के लिए इस विश्व धरोहर के बारे में कुछ नहीं कहा गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने नालन्दा अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के लिए 450 एकड़ जमीन भी दी, लेकिन केन्द्र सरकार ने बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की एक ईकाई किशनगंज में प्रस्तावित है। तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने जमीन की उपलब्धता भी कराई, लेकिन इस विश्वविद्यालय के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। मैं मांग करता हूं कि उसके लिए बजट में प्रावधान किया जाए। टैक्स-टेरर की बात करने वाले जब सत्ता में आए, तो आयकर में 50 हजार रुपये तक छूट दी गयी, जो मामूली है और यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इसकी आर्थिक नीति क्या होगी। यह बजट आम गरीबों के लिए नहीं है, गांवों में 60 फीसदी किसान टैक्स नहीं देते हैं, उनके लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। युवाओं और नौजवानों के लिए चुनाव के वक्त बड़े-बड़े वायदे किए गए तथा महिलाओं के लिए बहुत कुछ करने का सपना दिखाया गया। यदि हम बेरोजगारी के पहलू पर बात करें तो पूर्व सरकार ने प्रति वर्ष एक करोड़ रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन वह भी धरातल पर नहीं उतर पाया, मात्र 15 लाख लोगों को ही रोजगार मुहैया कराया जा सका। यदि हम महिला श्रम शक्ति की बात करें, तो 1984 में तकरीबन 34 प्रतिशत महिलाओं के पास रोजगार था, लेकिन आज अनुपात 27 प्रतिशत पर आ गया है। बजट में इस पहलू पर विचार नहीं किया गया है।

सरकार ने युवाओं के रोजगार के लिए स्किल इंडिया अभियान की घोषणा की है। इस पर अमल कैसे होगा, कितना है, इस बारे में स्पष्ट नीति नहीं है। मैं मांग करता हूं कि युवाओं को रोजगार देने के लिए विशेष अवसर प्रदान किया जाए।

विदेशी बैंकों में जमा कालाधन जमा कराने वालों की सूची तैयार करने का वादा भी इस सरकार ने किया था। सरकार ने यह भी कहा था कि वह कालाधन देश में लाया जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। सूची की बात तो जाने दीजिए, बजट में कालेधन के बारे में कहीं कोई संकेत नहीं है। इसलिए बजट में आशा और उत्साह का संचार पैदा करने के स्थान पर निराशा ही हाथ लगती है।

इतनी बात कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

***SHRI THOTA NARASIMHAM (KAKINADA):** Earlier on the Motion of Thanks to the President's Address, I requested the Government to grand Special Status to Andhra Pradesh and also requested that the period may be extended to 15 years. After bifurcation, my state has forfeited all its major economic assets and inherited huge liability and left with no resources even to service the debt. On February 20th, 2014 on the floor of the Rajya Sabha former Prime Minister, Dr. Manmohan Singhji promised to grant Special Category Status to Andhra Pradesh State for purpose of Central Assistance to put the State's finance in a firm footing. On behalf of Telugu Desam Party, I demand that GOI immediately grand special status to

Andhra Pradesh State and extend it to 15 years.

Earlier replying to the debate to the AP Reorganisation Bill, the hon. Prime Minister assured that special package would be given to the backward districts of Rayalaseema and North coastal regions of Andhra Pradesh. The nine coastal districts of AP and four districts in Rayalaseema are extremely vulnerable to natural calamities. So, I request the Government to sanction an amount of Rs.5,000 crores to Andhra Pradesh during the current year's Budget under Special Development Package.

My State is a new born baby. As per the Section 94 (I) of A P Reorganization Act 2014, the Central Government shall take appropriate fiscal measures including offer of tax incentives to promote industrialization and economic growth in the state. I request the Government to issue orders for providing tax incentives and concessions for industrial investments for a period of 15 years to enable my state to forge ahead on the path of development.

I also request the Government to convert the loans advanced by Government of India over the years, amounting to a total of Rs.10,090 Crores into a Grant by GOI and restructure the outstanding EAP dues as 90% Central Grant and limit the State's liability to 10%.

In my earlier speech I also requested GOI to complete all the long pending irrigation projects in Andhra Pradesh and Telengana such as Thotapalli, Jhanjhavathi, Handri-Niva, Galeru-Nagiri, etc., but Government not allocated any fund in this year's budget for the completion of these projects. I demand that Government must allocate funds to Andhra Pradesh State to complete these projects on priority basis.

I am little bit disappointed because, in this budget GOI not extended any financial assistance to Govt. of Andhra Pradesh for building a new capital. Andhra Pradesh is the only State which has been divided by denying it the capital. We have no capital. I strongly demand that an initial provision of Rs.5,000 crores in the current budget be allocated for development of infrastructure for the new capital city in the successor state of Andhra Pradesh. Andhra Pradesh State would require at least Rs.4 to 5 lakh crores over a ten year period to build a city that would equal to Hyderabad in terms of infrastructure and service. I also request the Government to provide Rs.19,700 crores for execution of outer ring road, around the Vijayawada-Guntur-Tenali Urban Agglomeration.

I congratulate the Government for its announcement to develop "one hundred smart cities", as satellite towns of larger cities and by modernizing the existing mid-sized cities. I request the Government to include Visakhapatnam, Vijayawada and Tirupati under Mega City category and Srikakulam, Vijayanagaram, Kakinada, Rajahmundry, Eluru, Gundur, Ongole, Nellore, Chittoor, Anantapur, Kurnool and Kadapa in smart city category and modernize these existing cities.

I also thanks Hon'ble Finace Minister for my Kakinada, its adjoining area and the port will be developed as the key drivers of economic growth in the region with a special focus on hardware manufacturing.

And I also request to the Finance Minister, kindly enhance the MPLADS to 7 crores per year parliamentary constituency.

---

*__श्री जसवंत सिंह सुमनभाई भाभोर (दाहोद)__: 2014-15 के जनरल बजट में माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेतली ने उन सब बातों की व्यवस्था की है जो आदणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी ने सपने संजोए हैं, उन सभी घोषणाओं का बजट में जिक्र है, जिनके बारे में आदरणीय मोदी बोलते रहे हैं। फिर चाहे, वह गंगा की सफाई, 100 स्मार्ट सिटी बनाने का दावा हो या युवाओं के लिए कौशल विकास की बात हो। इन सबके अलावा नये आईआईटी, आईआईएम खोलने, साढ़े आठ अजार किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने के लिए भी बजट में प्रावधान है। रक्षा और बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश का दायरा बढ़ाकर 49 प्रतिशत करने के साथ बुजुर्गों, किसानों, महिलाओं और वेतनभोगियों को राहत देने वाला यह बजट है , जिसकी सर्वत्र क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।

माननीय जेटली ने इस बजट के माध्यम से वित्तीय घाटे को 4.1 प्रतिशत तक लाने के बारे में कहा है, जो देश की बिगड़ी अर्थव्यवस्था को सही दिशा में ला सकेगा। इस बजट में बचत और निवेश को बढ़ाये जाने का संकल्प लिया है, जिससे देश की विकास दर को 7 प्रतिशत से 8 प्रतिशत किया जा सके। इस बजट के माध्यम से गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए नमामी गंगे मिशन के लिए पहली बार 2036 करोड़ रुपये की बड़ी राशि आबंटित की है, जो सराहनीय है। देश में कृषि और उद्योग की हालत बहुत दयनीय हो गई है। लोग उद्योग को चलाने एवं कृषि व्यवसाय को शुरू करने का काम को घाटे का सौदा समझते हैं, सरकार ने टूटे भरोसे को दोबारा बहाल करने के लिए बजट में लांग टर्म और शार्ट टर्म लोन की व्यवस्था की है, सरकार से मेरा अनुरोध है कि इन लोनों की निगरानी की जानी चाहिए। जिस कार्य के लिए लोन लिया जाये वह कार्य पूरा किया जा सके, इससे देश के विकास को गति मिलेगी और लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

भारत गांवों का देश है। जब तक गांव का विकास नहीं होगा तो देश का विकास नहीं होगा। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों को रोजगार और उन्हें आधुनिक तकनीकी वाला प्रशिक्षण दिया जाना अति आवश्यक है। देश में जनजातियों की आबादी 16 प्रतिशत के करीब है। इसमें कुछ ही जातियों को विकास के अवसर मिल रहे हैं बाकि अभी तक पिछड़ेपन के शिकार है। जिन क्षेत्रों में जनजातियां रहती हैं, वहां पर न तो शिक्षा की समुचित व्यवस्था है, न ही वहां पर सिंचाई के साधन है अगर हम जनजातीय क्षेत्रों में पशुपालन एवं डेयरी उद्योग खोलें तो इससे देश के विकास को बल मिलेगा, दूसरा जनजाति वाले क्षेत्रों में रहने वालों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सकेगा।

हमारे देश में कई ऋतुएं हैं। कहीं पहाड़ हैं तो कहीं नदियाँ हैं। तीन दिशाओं में समुद्र है और देश में विशाल वन सम्पदा है, परन्तु इनके दोहन के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किये गये हैं, जिससे देश का आर्थिक विकास दर वर्तमान समय में 10 साल में सबसे कम रही है। वर्तमान समय में यह विकास दर केवल 4.7 है, जो बहुत कम है। सरकार ने देश की सम्पदा का पूरा फायदा उठाने के लिए 2.5 लाख करोड़ एफ.डी.आई लाने की बात कही है, बजट में डिफेंस, हाउसिंग और इंश्योरेंस में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाई गई है, इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग में विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया है।

देश का वस्त्र उद्योग एक जमाने में विश्व का एक प्रसिद्ध उद्योग था। भारत में बने कपड़े की दुनिया के हर देश में सदैव मांग रहती थी। एक अंगूठी से कपड़े के कपड़े थान गुजर जाते थे। सरकार ने टैक्सटाइल के क्षेत्र में देश में 6 स्थानों, बरेली, लखनऊ, सूरत , कच्छ, भागलपुर और मैसूर में टैक्सटाइल मेगा क्लस्टर के लिए 500 करोड़ रुपये दिये हैं दिल्ली में हथकरघा और जम्मू में कश्मीर में पश्मीना उत्पादन केन्द्रों के लिए 20 एवं 50 करोड़ रूपये उपलब्ध कराये हैं। इस वस्त्र उद्योग के तकनीकी उन्नयन के लिए 2300 करोड़ की व्यवस्था की है।

देश में कृषि उत्पादन को बढ़ाने की पूरी संभावनायें हैं। देश में खाद्य उत्पादन, जो 2006-07 में 20.8 करोड़ टन था, वह आज 26.3 करोड़ टन हो गया है। सरकार ने सिंचाई, अनुसंधान एवं कृषि शिक्षा के लिए करीब डेढ़ हजार करोड़ रुपये रखे इससे कृषि उत्पादन को बल मिलेगा। 8 लाख करोड़ के लोन किसानों को दिये जाने का वायदा इस बजट में किया गया है, जो किसानों की दशा को सुधारने का काम करेगा। देश में वस्तुओं की कीमतें बढ़ी है। परन्तु सरकार ने इस मंहगाई पर लगाम लगाने का प्रयास किया है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि महंगाई को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए और जमाखोरों के खिलाफ नये कानून भी आने चाहिए।

माननीय प्रधानमंत्री जी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस वर्ष अनुसूचित जनजाति आयोजन के तहत 50,548 करोड़ और टीएसपी के अंतर्गत 32,387 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया है। 100 करोड़ के प्रारंभिक आवंटन से जनजातियों के कल्याण के लिए वनबंधु कल्याण योजना शुरू की जा रही है। इसलिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभारी हूं।

सरदार वल्लभभाई पटेल की विशालतम प्रतिमा के निर्माण का मिशन शुरू किया है। सरकार पटेल एकता के प्रतीक के रूप में देखे जाते हैं। एकता प्रतिभा की स्थापना करने की गुजरात सरकार की इस पहल में सहायता करने के लिए 200 करोड़ रुपये की धनराशि के निर्धारण के लिए मैं बहुत आभार प्रकट करता हूं।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिए 14,389 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। ग्रामीण आवास योजना ने ग्रामीण आवास निधि के जरिये ऋण लेने वाली ग्रामीण आबादी के बड़े भाग को लाभान्वित किया है। राष्ट्रीय आवास बैंक के लिए वर्ष 2014-15 हेतु 8000 करोड़ का आवंटन बढ़ाने के लिए प्रस्ताव रखा है। पिछड़े क्षेत्रों में मूलभूत अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के निकाय में महत्वपूर्ण अंतर को भरने के लिए तथा पंचायतों/ग्राम सभाओं के क्षमता निर्माण के लिए 27 राज्यों के 272 पिछड़े जिलों में बीआरजीएफ कार्यान्वित की जा रही है।

देश का नियात बढ़ रहा है आज 313 अरब डालर का निर्यात हो गया है। देश में 566 विशेष निर्यात जोन का पंजीकरण हो चुका है, परन्तु इसमें 185 ही काम कर रहे हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि यह निर्यात जोन क्यों नहीं काम कर रहे हैं। इस बात का पता लगाये और इन निर्यात जोनों को चालू करवाये, जिससे देश के निर्यात को बढ़ाया जा सके। साथ ही देश में बेरोगारों की संख्या बहुत है और इसमें पढ़े लिखे एवं इंजीनियर भी है। यदि हम इन बेरोजगार लोगों के लिए विदेशों में रोजगार की व्यवस्था सरकारी स्तर पर करें तो हम इन बेरोजगार लोगों को रोजगार दे सकंगे और काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा कमा सकेंगे। मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर जानने वाले और कम्प्यूटर पर काम करने वाले जो विदेशों में कार्यरत हैं, उन्होंने भारत का बड़ा नाम कमाया है। इस पद्धति को अन्य शिक्षा वाले क्षेत्रों में लागू किया जाये।

भारत के सकल उत्पाद की विकास दर आजकल 5 प्रतिशत है। चीन में 7.7 है। अमेरिका में 1.9 है। इस विकासोन्मुख बजट से आने वाले 15 सालों में हमारा देश तीसरे नवम्बर पर होगा। देश में 6 सालों के दौरान बचत 5 प्रतिशत कम हुई है और इन्वेस्टमेंट भी एक साल में घटकर 35 प्रतिशत रह गया है। बचत एवं निवेश दोनों देश के विकास के लिए आवश्यक है। सरकार ने कम हो रही बचत दर और निवेश दर का गहनता के साथ अध्ययन किया है। सरकार ने उन सब बीमारियों का पता लगाया है जो देश को बीमार कर रही थी और उसके लिए इलाज की व्यवस्था की है, उससे देश की हालत सुधरेगी।

वित्त मंत्री द्वारा जो जनरल बजट पेश किया गया है, उसका मैं समर्थनकरता हूं।

श्री चंदूलाल साहू (महासमन्द) : सभापति महोदय, मैं वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं वित्त मंत्री जी को और प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। प्रस्तुत बजट अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी है। भारत देश शुरू से ही अध्यात्म, कला, संस्कृति, दर्शन और ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। लेकिन दुर्भाग्य यह रहा कि इस क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया। आज हम इस स्थिति में हैं कि अगर हमें किसी भी तकनीक का इस्तेमाल करना हो तो बाहर से सामान मंगाना पड़ता है। वित्त मंत्री जी ने इसीलिए देश में पांच-पांच आईआईटी और आईआईएम खोलने की बात कही है, जो निश्चित रूप से सराहनीय है।

इस बजट में किसानों की ओर विशेष ध्यान दिया गया है। मैं वित्त मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी इस बात के लिए धन्यवाद दूंगा। इस बजट में प्रधान मंत्री सिंचाई योजना का शुभारम्भ किया गया है। इसके साथ-साथ जो महत्वपूर्ण नदियां हैं, सम्बन्धित प्रदेशों से सहमति लेकर उन्हें जोड़ने का काम करने का भी प्रावधान किया गया है। यह किसानों के हित में है। आज देश में 71 प्रतिशत लोग कृषि कार्य करते हैं, लेकिन सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण किसान कई जगहों पर आत्महत्या करने को मजबूर हो जाते हैं। किसान के बारे में पुरानी कहावत है कि किसान कर्ज में पैदा होता है, कर्ज में जीता है और कर्ज में ही मर जाता है। इससे निजात पाने के लिए जरूरी है कि हम सिंचाई की ओर विशेष ध्यान दें। आज देश में सिंचाई की सुविधा जो 30-35 प्रतिशत क्षेत्र तक सीमित है, उसे कैसे बढ़ाकर 70-75 प्रतिशत किया जाए, इस पर प्रयास होना चाहिए। अगर यह हो जाए तो देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आ जाएगा।

आज भू जल का स्तर गिर रहा है। ऐसी स्थिति में जो नदियों को जोड़ने की व्यवस्था करने की बात है, वह वास्तव में सराहनीय है। आज देश में बाढ़ की सम्भावना कहीं-कहीं पर है, लेकिन सूखे की आशंका काफी है। इससे फसल सही नहीं हो पाएगी, यह अनुमान लगाया जा रहा है। इसलिए इस बारे में भी पर्याप्त व्यवस्था करना जरूरी है।

अब मैं अपने क्षेत्र की महत्वपूर्ण मांगों के बारे में वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मेरे संसदीय क्षेत्र महासमन्द में छूरा विकास खंड, जो ट्राइबल विकास खंड है, उसमें एक महत्वपूर्ण बांध लगभग 25 साल से लम्बित है। पीपरछड़ी बांध की फाइल पर एनओसी नहीं मिलने की वजह से अधूरा पड़ा हुआ है, उसे स्वीकृति दी जाए। इसके साथ-साथ रायपुर हमारे प्रदेश की राजधानी है, उसे सुदूर बस्तर अंचल से जोड़ने वाला एक राष्ट्रीय राजमार्ग है। रायपुर से लेकर धमतरी तक फोर लेन की स्वीकृति दी जाए। धमतरी शहर में एक बाईपास सड़क की स्वीकृति दी जाए। इसके साथ-साथ महासमन्द शहर की घनी आबादी हो गई है, वहां पर बाईपास सड़क का निर्माण बरसों से किया जा रहा है, राज्य सरकार से इस बारे में प्रस्ताव पास करके भेजा जा चुका है। तो महासमुद्र में भी और बागबाड़ा में भी बाई-पास रोड की स्वीकृति दी जाए। इसके साथ-साथ जितने भी निर्माण कार्य हो रहे हैं, एक रत्नपुर से लेकर पेंडरा-अमरकंटक जाने वाली सड़क है फाइल एनओसी के अभाव में लटका हुआ है। विद्युत-का लाइन है, सिंचाई का बांध बनना है इसमें फाइल एनओसी के अभाव में लटका हुआ है। पूर्व सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। माननीय वित्त मंत्री महोदय और माननीय गृह मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, उनसे मैं अनुरोध करता हूं कि जितने भी फाइल एनओसी के लिए लटका हुआ है, उसे स्वीकृति दी जाए, जिससे बहुत से निर्माण कार्य, बांध के कार्य शुरु हो जाएं, जिससे सुविधा मिल जाए।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए 100 करोड़ रुपया दिया गया है, निश्चित रूप से हमारी बहने अशिक्षित रह जाती हैं, उनका विकास नहीं हो पाता है। निर्भया कांड की पुनरावृति न हो, इसीलिए 150 करोड़ रुपये की विशेष रूप से व्यवस्था की गयी है, उसका मैं स्वागत करता हूं।

गांव का विकास बहुत जरुरी है, हमने 100 स्मार्ट शहर बसाने के लिए इसमें व्यवस्था की है लेकिन गांव के विकास की ओर भी विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि गांव के लोग शहर की ओर पलायन कर रहे हैं। इसलिए गांव में भी शहरों की तरह की सुविधाएं दी जाएं। इसके साथ-साथ हर गांव में कम से कम 10-15 तालाब हैं जिन्हें कम से कम 10 फीट गहरा किया जाए और इसके लिए हरित-सरोवर योजना लागू की जाए। उस तालाब के चारों तरफ वृक्षारोपण किया जाए जिससे उस स्थान और तालाब का सौंदर्यकरण हो जाए। ये महत्वपूर्ण सुझाव हैं जिन्हें समझकर किया जाए। अंत में मैं बजट का समर्थन करते हुए और आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

***श्री राहुल कस्वां (चुरू)**: माननीय सभापति महोदय, आपने सामान्य बजट पर विचार रखने का अवसर दिया, मैं आभारी हूँ, मैं सामान्य बजट 2014-15 का समर्थन करता हूँ । तमाम अंदेशों के बावजूद यह बजट राहत भरा है । आम बजट के जरिए देश की जनता को कहीं कड़वी दवा नहीं दी गई । वित्त मंत्री जी ने तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद समाज के हर तबके को कुछ न कुछ देने का काम किया है व साथ ही साथ सुधारों का मार्ग प्रशस्त करने की हर संभव कोशिश की है । आम बजट के जरिए नई सरकार ने सुधार की जो तस्वीर पेश की है, वह प्रभावी दिख रही है। महंगाई से त्रस्त आम जनता को राहत प्रदान करने की कोशिश की गई है, यह बजट देश को विकास और समृद्धि के शानदार रास्ते पर ले जाने वाला बजट है, सरकार द्वारा पहले आम बजट में देश की तस्वीर और तकदीर, देश की आर्थिक सूरत बदलने, बुनियादी क्षेत्र की नींव मजबूत करने की पूरी कोशिश की गई है ।

भूतपूर्व सैनिकों की एक रैंक-एक पेंशन की मांग को ध्यान में रखते हुए बजट आवंटन किया है, इससे लाखों भूतपूर्व सैनिकों को फायदा होगा । देश की 60 फीसदी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्य में संलग्न है । 13 लाख कर्मचारियों वाली रेल के लिए देश में अलग से बजट का प्रावधान है, लेकि

कृषि क्षेत्र से करोंड़ों की आबादी जुड़ी है, उसके लिए अलग से बजट का प्रावधान नहीं है । हमारी अर्थव्यवस्था में जो दुर्दशा किसान की है, वैसी ही स्थिति कामगारों, कारीगरों की है । नई सरकार ने इस बार किसान को राहत देने का काम किया है। नई सरकार से अब आशा है कि कृषि की उपेक्षा बंद होगी । सरकार ने कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता प्रदान करते हुए 11 हजार करोड़ से अधिक धनराशि का प्रावधान किया है । आम बजट में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता मिलने से किसानों व ग्रामीण क्षेत्र का तेजी से विकास होगा । प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना खेतीबाड़ी के जोखिम को कम करेगी, इसके लिए 1000 करोड़ रूपए का आवंटन किया है । कृषि क्षेत्र में निजी एवं सार्वजनिक निवेश को बजट में तवज्जो देने का ऐलान किया गया है । मनरेगा के लिए 34000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं । मनरेगा का वर्तमान स्वरूप किसी को भी राहत नहीं दे रहा है, इसे किसान के कार्यों के साथ जोड़ा जाए । इस स्कीम के तहत वाटर हारवेस्टिंग पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए । इस योजना के तहत रेल अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाए। आज ग्रामीण क्षेत्र में 40-40 किलोमीटर तक रेल समपार/रेल अंडर ब्रिज नहीं है, ग्रामीण अपने खेत में ऊंट गाड़ी तक नहीं ले जा पा रहे हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र में इस योजना के तहत पहले भी रेल अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है, लेकिन बाद में भारत सरकार के निर्देश से मजदूरी और सामग्री का जो औसत 60ः40 प्रतिशत का संधारण जिला लेवल पर होता था, उसे पंचायत स्तर पर करने के कारण आर.ओ.बी. के कार्य बंद हो गए । मेरा निवेदन है कि श्रम एवं सामग्री रेशो पूर्व की भांति जिला स्तर पर ही किया जाए । राष्ट्रीय फसल बीमा कार्यक्रम के लिए 2823 करोड़ का आवंटन किया गया है, इसे बढ़ाया जाए । इस योजना में काफी विसंगतियां हैं, इससे किसान के हितों की रक्षा के स्थान पर कंपनियों के हितों की रक्षा की जा रही है । वर्ष 2013-14 में भारत सरकार व राज्य सरकारों द्वारा प्रीमियम को बढ़ाने का कार्य किया है । प्रीमियम 200 रूपए प्रति हेक्टेयर के स्थान पर 528 रूपया प्रति हेक्टेयर किया गया है, इसे 200 रुपए प्रति हेक्टेयर ही रखा जाए । 2013-14 में फसल बीमा कंपनियों ने तापमान के पैमाने में संशोधन करते हुए चुरू में तापमान की शर्त -2 डिग्री से बढ़ाकर -2.7 डिग्री कर दी है, यह एक कठोर शर्त है, इतने माइनस तापमान के स्थान पर -0 डिग्री के तापमान को आधार माना जाए, अन्य जिलों पर -0 डिग्री पर ही पूरा क्लेम दिया जा रहा है । तापमान के इन आंकड़ों को सार्वजनिक किया जाए । इनका कंट्रोल हैदराबाद से हो रहा है । कंपनियां अपने हिसाब से तापमान रिकार्ड में हेराफेरी कर रही हैं । यह एक गंभीर अपराध है । कृषि ऋण का लक्ष्य 8 लाख रुपए किया गया है, सरकार का यह स्वागतयोग्य कदम है लेकिन किसान को के.सी.सी. व अन्य लोन के लिए बैंकों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं । बैंक कर्मचारी उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे किसान भीख मांग रहा है । इस योजना में भारी भ्रष्टाचार है । लोन लेने के लिए किसान को एजेंट का सहारा लेना पड़ रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र में महलाना उत्तरादा गांवों के लोगों ने स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर, शाखा सादुलपुर, जिला चुरू में के.सी.सी. व अन्य लोन में भारी भ्रष्टाचार हुआ है । बैंक मैनेजर, कैशियर द्वारा पार्टी को पैसा नहीं देकर एजेंट को भुगतान किया गया है, उसमें किसानों का लगभग 7.00 लाख रुपए का कम भुगतान हुआ है । आज भी यह प्रकरण पुलिस के पास विचाराधीन है ।

देश भयंकर सूखे की तरफ बढ़ रहा है । राजस्थान की हालत और भी चिंताजनक है । सबसे ज्यादा चिंता पशुधन को बचाने की है । राजस्थान सरकार को इसके लिए विशेष पैकेज दिया जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र में पीने के पानी का विकट संकट है । इसके लिए तुरंत कार्रवाई की जाए । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 14000 करोड़ का आवंटन किया गया है । उक्त योजना में सरकार द्वारा मरूस्थलीय क्षेत्र में 250 की आबादी वाले गांवों को जोड़ा जाना है । मेरे संसदीय क्षेत्र में आज भी ऐसी काफी बस्तियां हैं, जिनकी आबादी 250 से भी ऊपर है, लेकिन रेवेन्यू विलेज नहीं होने के कारण उन्हें नहीं जोड़ा जा रहा है । इन बस्तियों को जोड़ा जाए एवं 100 की आबादी वाले बस्तियों को भी जोड़ा जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र के चुरू, रतनगढ़ व सरदार शहर में हैंडिक्राफ्ट का कार्य बहुत बड़ी मात्रा में हो रहा है इस प्रोत्साहन दिया जाए । 1981 में पंजाब, हरियाणा व राजस्थान के बीच पानी बंटवारे का जो समझौता हुआ था, उसका पालन आज तक नहीं किया गया है । राजस्थान के हिस्से का पानी दिलवाया जाए एवं पक्के नालों के लिए बजट का प्रावधान किया जाए ।

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Mr. Chairman, Sir, I stand to oppose the General Budget. The reason why I oppose it is that it has been the practice of the Ruling Party to oppose any upliftment schemes of minorities by calling it as appeasement.

I would like to enlighten them by putting forward some empirical data. I am sure that by putting forward this empirical data, their opinion about appeasement will not change but I am sure that it will make them to think.

According to the Planning Commission, the poverty indicators are that 12.4 per cent in the rural areas and 27.9 in the urban areas Muslims are below poverty line. Is this appeasement?

Sir, you talk about the Muslim women. Thirty-five per cent of the Muslim women have BMI less than 18.5 per cent, and 54.7 per cent of the Muslim women are anaemic. These are the Planning Commission data. When we come to the Muslim children, infant mortality rate is 52.4 per cent; under five mortality rate is as high as 70 per hundred live berths. Then, Sir, if you read the India Exclusion Report, the Human Development Report 2011, Muslims are either landless or are marginal landholders.

Sir, the NSSO survey says that the per capita spending of Muslims as compared to Hindus, Christians and Sikhs is less. The NSSO survey also says that unemployment is high as compared to other religions. Is this appeasement?

Now, juxtapose this, with the budget that has been announced for minority affairs â€¦ (*Interruptions*) I will sit down, if you want to say. I will yield to it. I will reply you back. ...(*Interruptions*) I have no problem. I can argue with you for the next 24 hours. You cannot answer me back.

Mr. Chairman, Sir, juxtapose this, with the budget that has been announced for minority affairs, you see what the budget is. The percentage of the total Budget is 0.21 per cent; percentage to GDP for minority affairs is 0.03 per cent. What is this? This is tokenism. Is this appeasement?

Sir, the Government has announced about Rs.100 crore for the modernization of *Madarasas*. I would respectfully put forward that the word 'modernization' is patronizing. Why do you not use the word 'modernization' for Kendriya Vidayalas? Why do you want to interfere in our religious teachings? Do not interfere in that. ...(*Interruptions*) Listen to me. I would like to put forward my viewpoint. We do not want this *Madarasa* modernization. It is because the recent Report issued by the HRD Minister, the Education Development Index Report clearly says that the Muslim enrollment at the primary level has gone up to 14.35 per cent from 14.20 per cent in this year; at the upper primary level it has increased from 12.11 per cent to 12.52 per cent. Muslims want to study. You have to give them opportunity. Leave these Madrasas to us. We will make our Imams; we

will make our Khatibs; we will make our Mohaddis. We do not want you to give this money of Rs. 100 crore. Let the Home Minister say as to how many Madrasas are there. You divide this Rs. 100 crore. It comes to Rs. 15 per Madrasa. You open schools for us.

About Pre-Matric Scholarship and Post-Matric Scholarship, again a token amount has been given. The Prime Minister says that the Muslim child works at a tyre puncture shop; his father worked at a tyre puncture shop. No. That is stereotyping. There are Muslim youths who are studying in medical colleges and engineering colleges, who want to do well. Do not patronise us and stereotype us.

About the amount that is given for Pre-Matric scholarship, the data show that for one scholarship, 11 Muslim children are chasing. This in itself clearly shows that there has been a sea change in the Muslim community. They want to get highly educated.

About the Post-Matric Scholarship, please explain to me. You give OBC Post-Matric Scholarship. It is Rs. 760 crore. But when it comes to Minorities, it is hardly Rs. 300 crore. Is this not appeasement? Is this not tokenism? In this country, out of 100 graduates, only three are Muslim graduates. Is this not the responsibility of the Government to increase the Post-Matric Scholarship and Pre-Matric Scholarship and to make it merit-cum-means and demand-driven? Make it demand-driven. I am not asking for reservation. What is stopping you for making it demand-driven?

Now, coming to MSDP, this was a Central Assistance Scheme but unfortunately now, it has been made as a Central Assistance for State Plan. Which State Plan would want to utilise this amount for the development of Minorities? The previous Government, after a lot of persuasion, had included 710 blocks and 66 towns. If you divide this by 1250, it comes to Rs. 1 crore per town or per block. What can be achieved by this? With this, whether a school can be made or an ITI can be made or an NRHM can be made. I would leave it to the wisdom of the Government.

Sir, you come to 15-Point Programme. Let this Government clarify. Are they committed to the Prime Minister's 15-Point Programme or not? I would like to say that this 15-Point Programme must be implemented on the line of SC Sub Plan and ST Sub Plan with additional Central Assistance. We do not want this Rs. 550 crore Haj Charter Subsidy. Take it away for God's sake. We do not want this Haj Subsidy. You give Muslim Women Scholarship. We want our children to study. We do not want the Haj Subsidy. For God's sake, take it away. This is tokenism; this is not appeasement.

Sir, the Finance Minister very proudly claimed that he was announcing a new scheme – Upgradation of Traditional Skills in Arts, Resources and Goods. But there is not a single mention of this in the Budgetary Documents, either in the Minority Affairs head or in other head. Is this a mere announcement that has been made? What is happening over here?

Sir, their Manifesto talks about protecting Urdu language. But in their HRD Documents, they have not given a single paisa for the appointment of Urdu teachers. What is this? Is this appeasement? Is this not tokenism?

Sir, the hon. Home Minister is here. The budget of the MHA is Rs. 65,000 crore. I would like to know from the Government. What kind of federalism is this? The Government sends a scheme to the Telangana Government saying that the Hyderabad City Administration would be run by the Governor. Is this not contrary to federalism? Is this not contrary to what this party, day in and day out, says that the Hyderabad law and order will be run by the Governor? That is impossible, Sir.

I would like to know from the Government whether in the Defence budget, they are going to finalise MMRCA deal. As it is, the costs have escalated.

Sir, in conclusion, I would like to quote what an eminent economist, who was once the Economic Advisor to a Finance Minister of the NDA Government, said. He concluded his article in one newspaper by saying: Acche Din Doorast.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय सभापति जी, कल से बजट पर चर्चा चल रही है। अनेक टिप्पणियां आई हैं और अनेक टिप्पणियां बताई गई हैं जो अखबारों में छपी। कांग्रेस के एक बड़े नेता ने कहा कि इसमें विजन नहीं है। किसी ने कहा कि नयी बात नहीं है। जिनको विजन की समस्या है, उनको वह नहीं दिखाई देगा, ऐसा मैं मानता हूं।

मैंने अनेक बजट सुने हैं। मैंने देखा है कि किस प्रकार से वोट बैंक का हिसाब लगाकर योजनाएं बनाई जाती हैं। मैंने यह भी देखा है कि कैसे गेम चेंजर कोई मिल जाए तो कैसे डूबती नाव को कोई बचा ले, इस प्रकार का प्रयास पहले वित्त मंत्री करते रहे थे। मैं इस बजट की दो छोटी छोटी नयी बातें बताना चाहता हूं। यह वोट बैंक का बजट नहीं है। यह पूरे देश का बजट है जिसके अंदर पूरे क्षेत्र का और सब वर्गों का ध्यान रखा गया है। यह कापीहेंसिव और ऑल इंक्लूसिव बजट है। यह गेम चेंजर भी नहीं है। यह फेट चेंजर है। इस बजट से हिन्दुस्तान का भाग्य बदलेगा और किसी प्रकार का गेम चेंजिंग प्लान इसके अंदर नहीं है। इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को बहुत बहुत बधाई देता हूं।

दरअसल समस्या नीति की केवल नहीं है। कल से बहुत चर्चा हुई है तथा नीति भी बहुत बदली गई है। सवाल नीयत का भी है। केन्द्र सरकार ने सोलर एनर्जी के जनरेशन के लिए योजना बनाई। राजस्थान और गुजरात दोनों प्रदेशों के अंदर सोलर बिजलीघर निर्माण होने थे। हम सब जानते हैं कि भौगोलिक दृष्टि से गुजरात और राजस्थान की परिस्थितियां एक समान हैं। समान रूप से वहां पर सोलर एनर्जी का प्लांट लग सकता था। फर्क यह था कि गुजरात के अंदर मुख्यमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी थे। दो साल पहले 500 मेगावॉट का सोलर एनर्जी का जो बिजलीघर है, वह देश को समर्पित किया जा चुका है। राजस्थान में क्या हुआ? राजस्थान में दामाद जी ने एंट्री ले ली। दामाद जी की एंट्री का एक कमाल यह हुआ कि आज तक वहां पर किसी प्रकार का सोलर एनर्जी के उत्पादन का निर्माण नहीं हुआ है। हमारे जो मित्र हैं, वह दामाद जी की रक्षा करते रहे और देश की जनता ने देश को दामाद जी से बचाने का निर्णय कर दिया और भाजपा के नेतृत्व में वहां पर एनडीए की सरकार आ गई।

कृषि और गांव, गांव और किसान देश की प्रगति का अमृतकलश, यह वहां बसता है। वित्त मंत्री जी ने इसकी पर्याप्त चिंता की है। जब तक किसान को उसके उत्पाद का लाभकारी मूल्य प्राप्त नहीं होगा तब तक किसान की और देश की समस्या हल नहीं होगी। मैं चलते-चलते एक छोटा सा उदाहरण देना चाहता हूं। 2010 के अंदर जो मिनिमम प्राइस था, उचित और लाभकारी मूल्य जो था, उसमें गन्ने का मूल्य तय किया गया। वह 129 रुपये 84 पैसे था। बाद में 10 रुपये बढ़ाकर 139 रुपये बारह पैसे किया गया। इसमें 7 तत्व थे। जमीन, बीज, खाद की लागत इत्यादि भी इसमें थी। मैंने मंत्रालय से इस विषय में पूछा कि आपने रकम कैसे प्राप्त की, आप इसका विवरण बताइए। विवरण पूछने पर मुझे जो उत्तर मिला, मैं आज उसको कोट करना चाहता हूं, जो 2010 का जो उत्तर है, "Nothing relevant could be traced from the sources available with the Parliament Library. The matter is referred to the concerned Ministry and we will supply it as soon as it is received by us." यानी किसान के गन्ने का दाम तय करते हुए बड़ी बारीकी से बताया गया कि 129.84 नये पैसे, 139 रुपये बारह पैसे लेकिन इसका डिटेल उनके पास नहीं है। किसान के उत्पाद के दाम के प्रति जब तक इस प्रकार की लापरवाही रहेगी तब तक किसान का भला नहीं होगा। इसलिए मेरा वित्त मंत्री जी से निवेदन है कि उसको ठीक करें।

मेरे यहां चौधरी चरण सिंह जी का जन्मस्थान है। मैं इसके लिए भाग्यशाली हूं। चौधरी साहब इस देश के प्रधान मंत्री रहे। किसानों की लड़ाई उन्होंने लड़ी। उनका जन्मस्थान हापुड़ के पास नूरपुर

मड़ैया एक छोटा सा गांव है।

HON. CHAIRPERSON : Now it is six o' clock. We have a long list of Members to speak.

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (SARAN): How many Members are there?

18.00 hrs.

HON. CHAIRPERSON: There are many Members yet to speak. Therefore, what I am suggesting is that, if the House feels, we can extend the discussion upto 8 o'clock, including the 'Zero Hour'. Discussion on General Budget will be completed by 7.30 p.m. Then, we can start the 'Zero Hour'.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Up to 8 o'clock, you can continue the discussion because everybody wants to speak on the General Budget.

HON. CHAIRPERSON: All right, at 8 o'clock, we will see as to what is the position.

Shri Rajendra Agrawal, you please conclude your speech.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल: माननीय सभापति, चौधरी चरण सिंह जी के जन्म स्थान पर राष्ट्रीय स्तर का फूड प्रोसेसिंग अनुसंधान केंद्र बन जाए। यह उनके लिए श्रद्धांजलि होगी और क्षेत्र के किसानों को इससे लाभ होगा। आईटी हार्डवेयर की स्थिति बहुत खराब है, मैं पिछली सरकार के पूरे आंकड़े नहीं देना चाहता हूं जो पैसा एलॉट किया गया वह खर्च नहीं हुआ। यदि आईटी हार्डवेयर का उत्पादन नहीं होगा तो सुरक्षा को गंभीर खतरा होगा।

उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा राज्य है। एक आईआईएम, एम्स या आईआईटी से काम नहीं चलता है। मैं मानता हूं कि संसाधनों की कमी है, पिछली सरकारों की योजना की कमी है। मेरा वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरठ (पश्चिम उत्तर प्रदेश) में अगले एक या दो साल बाद इस प्रकार के संस्थान खोलने का काम प्रियारिटी में रखें। एनसीआर में पश्चिम उत्तर प्रदेश बहुत प्रमुख केंद्र है। राजस्थान, हरियाणा का विकास हुआ लेकिन पश्चिम उत्तर प्रदेश का विकास नहीं हुआ, खास तौर से मेरठ का विकास नहीं हुआ। मेरी प्रार्थना है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ का ठीक गति से विकास हो, बुनियादी ढांचे का विकास हो इसके लिए विशेष पैकेज दिया जाए।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I rise to oppose the Budget proposals for the year 2014-15 presented by the hon. Finance Minister. The people of India were very eager to hear the new Budget proposals or the new Budget speech from the new Government formed by the NDA. The people were having high expectations and hopes from the new Budget proposals. As the campaign during the 16th Lok Sabha elections was done under the leadership of the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, people were assuming that something new would come out of the Budget. The BJP is a party of difference and Shri Narendra Modi ji is a man of different calibre. The people also trusted the manifesto, slogans, and assurances given by the campaigners.

Sir, during the election campaign, having confidence in the assurances given by the BJP, people voted for the BJP. They got 283 seats and came up as single majority party. It has happened after one and a half decades of political experiences of having coalition politics in India. So, what has happened when the Budget was announced and read out in the House of the People, the entire hopes and expectations have lost just like that of a deflated balloons. It happened because there is nothing new; there is nothing innovative in the Budget. The Budget is lacking in vision. No new programme and no new scheme is there in the Budget. The Budget has no long term vision. The duration of the Budget speech was very long but it delivered nothing new. That is why I am saying the hopes and expectations of the people of India – who believed the BJP's campaigner, Shri Narendra Modi ji, as a man of different calibre – have dashed. They hoped that something new will come out of this Budget, but it has disappointed the whole electorate, who voted for this Government. That has a resultant effect of the Budget announcement for the year 2014-15.

Sir, most of the critics of the economy have already narrated that this is the continuation of the UPA Budget. Just before, some of the learned friends from the other side were arguing that if it is the Budget of the UPA; if it is having the resemblance of the Budget of the UPA, why do you not support this Budget? Sir, one of the critics of the economy described that this is a UPA Budget with saffron lipstick. This is the narration or the description which is given by one of the economic experts. Most of the things in this Budget resemble with the normal Budget which was announced by the then Finance Minister, Shri P. Chidambaram. Let us examine it. I am not going into the details because of paucity of time. When we go into the details regarding fiscal deficit, both in the normal Budget and in the Interim Budget, it is mentioned that it is to be contained to 4.1 per cent of the total GDP and the revenue deficit is to be contained to 2.9 per cent of total GDP. Regarding government expenditure, it is proposed in the Interim Budget to be 13.4 per cent of total GDP and in the regular Budget, it is proposed to be 13.9 per cent. There is a marginal difference. Regarding the tax to GDP ratio, in the interim Budget, it was 10.7 per cent and in the normal Budget, it is 10.6 per cent. There is a difference of just 0.1 per cent. Regarding the disinvestment proceed, which the Government expects or estimates out of this Budget as well as the Interim Budget, is more or less same. Then, 18 flagship programmes have been announced in this Budget which were there also in the Interim Budget. Except in three programmes – PMGSY, AIBP and SSA – in all the other 15 flagship programmes, the Budget allocation is more or less same. Then, I would like to know from the Treasury Benches what the difference is. Is it a party with difference? Is he a leader having different calibre?

What is the economic philosophy of the newly formed Government of NDA under the leadership of BJP? Coming to policy comparison, what is the FDI policy of this Government? During the time of the former UPA Government, 26 per cent was the FDI allowed in defence sector. Now, it is going to be increased to 100 per cent. In the insurance sector, it is being increased from 26 to 49 per cent. In the railways also, FDI is being invited. The then Defence Minister, Shri A.K. Antony, has very specifically stated that it is dangerous and harmful to the internal security of the country. If

you are allowing 100 FDI in the defence sector, it will definitely harm the internal security of the country because all the defence industrial units will come under the control of four multinational companies and these companies are being controlled by the big powers of the globe. That means the internal security of the country is at peril. What is the Swadeshi Jagran Manch's slogan in this regard? Where is Dr. Murli Manohar Joshi? He had joined hands with the Left parties in fighting against the FDI in retail sector. What is his opinion about having 100 per cent FDI in defence sector? I do accept that for the time being, it is 49 per cent and it would be announced to go up to 100 per cent. So, policy-wise also, the distinction is very limited or nominal.

I would like to highlight one point regarding insurance. I would say that the Life Insurance Corporation has played a very important role in the nation building process of our country since 1955. It has done a wonderful job in the economic growth as well as in insurance coverage in the country. We are inviting FDI up to 49 per cent? What is the experience of the private companies, especially the MNCs, in India regarding the insurance, especially in rural sector? The hon. Finance Minister has to just review the position in respect of private insurance companies.

Regarding the election manifesto of BJP and things which have been done, the specific allegation made in the manifesto against the UPA was inflation, price rise, corruption and policy paralysis. It is also being described as 'governance of deficit of the UPA'. What is being done in this Budget? What new and innovative thing is being done in this Budget?

I would like to put forth one more point. Hon. Finance Minister is also here. The main slogan of Shri Narendra Modi during his election campaign was 'I will tap the black money.' The BJP manifesto says:

"BJP is committed to initiate the process of tracking down and bringing back black money stacked in foreign banks and offshore accounts."

What is the wording of the Budget Speech by the hon. Finance Minister? It states that : "We also must address fully the problem of black money, which is curse of our economy." It means that it is only an academic observation by the hon. Minister, and there are no concrete steps to curb black money or to bring black money back to our country.

Lastly, I would like to conclude by stating that unless and until you review the economic policies -- these neo-liberal economic reforms, which have been enunciated since 1991 in this country -- you are not going to deliver good to the people of this country, and no difference will be felt by the country. So, I oppose this Budget, and with these words I conclude my speech.

***श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला)**ः माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा हाल ही में 2014-15 के लिए आम बजट पेश किया गया है, स्वागतयोग्य है । यूपीए की सरकार ने जिस तरह से गत 10 वर्षों से देश की आर्थिक स्थिति को बदहाल किया है उसे पटरी पर लाने के प्रयास किए गए हैं । हालांकि अभी स्थिति को सुधारने में समय लग सकता है, परंतु फिर भी आगामी 8 महीनों के लिए ताकि आने वाले वर्षों में देश को किस दिशा में आगे ले जाना है उसके एक रोडमैप के रूप में इसकी झलक नजर आ रही है ।

रोजगार बढ़ाने के लिए मैनुफैक्चर सेक्टर को बढ़ावा दिया गया है । पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को आने वाले दिनों में अधिक रोजगार उपलब्ध होने के आसार ज्यादा है । इसी प्रकार 100 स्मार्ट शहरों की स्थापना के लिए 7060 करोड़ रु. के माध्यम से शहरों की ओर बढ़ रही आबादी की समस्या का समाधान हो सकेगा । गांवों में किसान अपनी भूमि का पूरा सदुपयोग कर सके इसके लिए "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" के लिए 1000 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है । इस योजना से गांवों में अधिक खुशहाली आएगी । समाज के बुजुर्गों के लिए "वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना" की शुरूआत के लिए 6095 करोड़ रु. का कोरपस रखा गया है ।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विकास की उप-योजनाओं में धन का प्रावधान किया गया है । अनुसूचित जाति की उप-योजना में 50,548 करोड़ रु. व जनजाति उप-योजना के लिए 32,387 करोड़ रु. का प्रावधान करके इन वर्गों के विकास को बढ़ावा मिलेगा । सभी घरों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो उसके लिए "दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना" की शुरूआत की गई है जिसके लिए 500 करोड़ रु. को रखा गया है । शिक्षा बेहतर हो और अच्छे अध्यापकों द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाए उसमें पंडित मदन मोहन मालवीय जी के नाम से योजना को चलाया जायेगा उसके लिए भी 500 करोड़ रु. से शुरूआत की जाएगा ताकि अध्यापकों की ट्रेनिंग समय समय पर होती रहे । 5 आई.आई.टी. तथा 5 आई.आई.एम. द्वारा अच्छे संस्थानों की स्थापना हेतु 500 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है । हिमाचल प्रदेश के लिए भी एक आई.आई.एम. देने की घोषणा की गयी है जिसका प्रदेश में भरपूर स्वागत किया गया है । इससे पहाड़ी प्रदेश के बच्चों को आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलेंगे । किसानों के लिए ऋण अधिक सुविधाजनक तरीके से मिल सके । इसके लिए 8 लाख करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है । किसानों के लिए समय से ऋण अदायगी पर 3 प्रतिशत का लाभ मिल सकेगा । सड़कों के निर्माण में भी काफी राशि रखी गयी है ताकि आवागमन का माध्यम अच्छा व प्रभावी तथा अधिक आधुनिक हो सके । इसमें 5000 करोड़ रु. की वृद्धि की गई है जो कि अंतरिम बजट में 25000 करोड़ रु. थी । किसानों की उपज के अच्छे भंडारण की व्यवस्था के लिए 5000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है । देश में आगामी दिनों में 8500 कि.मी. सड़कों के निर्माण हेतु एनएचएआई के माध्यम से 37,880 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है । रक्षा क्षेत्र में 49 प्रतिशत एफडीआई लाकर एक अच्छा निर्णय लिया गया है क्योंकि जब तक हमारे देश में रक्षा उपकरण बनने शुरू नहीं होगे तब तक हम आत्म निर्भरता की ओर नहीं बढ़ सकेंगे । इस तरह हमारे साईंटिस्टों द्वारा रक्षा के सभी उपकरण यदि यहीं बनना शुरू हो जाएंगे तो अरबों का बजट जो देश से बाहर चला जाता है वह बच सकेगा ।

आयकर दाता के लिए इस बजट में विशेष प्रावधान किया गया है । अब वरिष्ठ नागरिकों जिनकी उम्र 60 वर्ष से ऊपर है, को 3 लाख रुपए तक टैक्स में छूट होगी जबकि अन्य सभी को 2.50 लाख रुपए तक की छूट है । 80सी के अंतर्गत अब 1.5 लाख रुपए तक टैक्स की छूट होगी तथा हाउसिंग लोन में भी अब यह छूट 2.0 लाख रुपए तक होगी । यह भी स्वागत योग्य है। नशे वाली वस्तुओं पर टैक्स बढ़ाने से नःसंदेह लाभ होगा तथा इससे आने वाली आमदनी से स्वास्थ्य से संबंधित सेवाओं में योजनाएं बनेगी तो देश के लोगों को लाभ होगा ।

मैं वित्त मंत्री जी से हिमाचल प्रदेश के बारे में कहना चाहता हूँ कि पिछली यूपीए की सरकार ने प्रदेश के साथ एक बहुत बड़ा अन्याय किया है कि जो अटल जी ने इस पहाड़ी प्रदेश को दस वर्ष के लिए "औद्योगिक पैकेज" दिया था उसे कम कर दिया था और जिसके कारण वहां के लाखों युवाओं को जो रोजगार मिल रहे थे वह बेरोजगार हो गए हैं । अरबों का निवेश उद्योगों के माध्यम से हो रहा था उस पर लगाम लगी है । जो उद्योगपति वहां निवेश करना चाह रहे थे उन्होंने अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं । मेरा वित्त मंत्री जी से आग्रह है कि इस ओर अवश्य ध्यान दें कि क्या यह पैकेज 2020 तक बढ़ाया जा सकता है । यदि यह होता है तो लाखों युवाओं के लिए वहां रोजगार के पुनः दरवाजे खुलेंगे । हि.प्र. एक ऐसा प्रदेश है जहां सेब काफी मात्रा में होता है । वहां के बागवान की आर्थिक स्थिति इस पर निर्भर करती है । प्रदेश की आर्थिकी में भी इसका काफी महत्व है । गत कुछ वर्षों से सेब बाहर से काफी मात्रा में आ रहा है । इसलिए यहां के सेब उत्पादकों को उसका नुकसान उठाना पड़ रहा है । अतः मेरा वित्त मंत्री जी से आग्रह है कि सेब को स्पेशल केटेगरी में लाकर उस पर आयात शुल्क 100 प्रतिशत किया जाए ।

कुल मिलाकर मौजूदा बजट जो मात्र 8 महीने के लिए ही बना है परंतु इससे यह ज्ञात होता है कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो वादे अपने आम चुनाव के दौरान लोगों के सामने किए थे, उस दिशा में वित्त मंत्री जी ने खराब आर्थिक स्थिति होते हुए भी पूरी कोशिश की है कि उससे आने वाले दिनों में देश को लाभ पहुंचे तथा देश आगे की ओर चले ।

SHRI SURESH C. ANGADI (BELGAUM): Sir, thank you very much for giving me an opportunity to speak on the General Budget. Firstly, I would like to congratulate the Government for presenting a modern, progressive, growth-oriented and pro-people Budget for the year 2014. It surely serves as an indicator in which the country needs to progress in an ascending path of development under the leadership of our beloved Prime Minister, Shri Narendra Modi ji.

आज सुबह मुलायम सिंह जी बोल रहे थे कि बुरे दिन वापू हो गए हैं। अभी-अभी शाम को मालूम पड़ा कि बारिश आने से दिल्ली में अच्छे दिन आ गए, अच्छे दिन आने वाले हैं। My dear friends, today morning only Shri Mulayam Singh has stated that अच्छे दिन नहीं आएंगे। बारिश आने से आज दिल्ली में अच्छे दिन प्रारंभ हो गए हैं।

Our country has many unemployed youths both amongst the educated and un-educated class of society. A step to transform the present Employment Exchanges into Career Centres and allocating Rs. 100 crore as budget for it will surely bring relief to the said class of youths today.

The thrust by the Government to promote Foreign Direct Investment (FDI) selectively, and the proposal to raise composite cap of the foreign investment to 49 per cent with full Indian management is truly a bold step and an appreciative move made by the Finance Minister to improve the economy of the country. The industrialists and investors can invest their money, and we can create employment for the youths today.

The nation is registering an exponential growth in population. The provision of basic infrastructure and amenities in the fast-growing cities is the need of the hour. Hence, the Government has rightly addressed it by earmarking Rs. 7,060 crore budget to develop 100 Smart Cities. A day is not far off when all the cities will appear as developed cities, and our country as a developed country. It is a bold step taken by our hon. Prime Minister and the Finance Minister. I congratulate them on this occasion.

The UPA Government has always cared for the welfare of farmers and landless farmers. A scheme titled *Bhoomiheen Kisan* is mentioned wherein investment finance to the landless farmers to provide finance to the tune of five lakhs joint farming groups is made. Under the scheme *Pradhan Mantri Sanchayee Yojana* with a budget provision of Rs. 1,000 crore to carry out irrigation process to their lands is a most welcome move, and it will certainly help the farming community of this country and the farmers will be happier.

Sufficient care has been taken as regards women and child development. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। Now, more care is being given by the Government to women of this country. This is a new venture for the girl child, and a provision of Rs. 100 crore is a good move made by the Finance Minister amongst various other welfare schemes announced in this Budget.

The growth of the country's economy by urbanization is highlighted when we read about the industrial development proposal introduced for the development of industrial corridor with emphasis on Smart Cities linked to the transport connectivity, which should certainly be welcomed.

India has been land of rivers. A Rs. 100 crore proposal for Detailed Project Reports for linking of rivers, and also a budget of Rs. 2,037 crore earmarked for the Integrated Ganga Conservation Mission "Namami Ganga" has been a welcome move in this Budget. It is a very good move and I congratulate the hon. Finance Minister for making this provision. I, once again, request the hon. Finance Minister to make a provision for the interlinking of the *Ganga-Cauvery* Rivers. The people and the farmers of this country are awaiting the interlinking of the *Ganga-Cauvery* Rivers. They want that it should be done as early as possible, which can create more employment and lead to more agricultural produce. It is the wealth of the country. Therefore, on this occasion, I would request the Finance Minister to make a provision for the interlinking of the *Ganga-Cauvery* Rivers.

Needless to say, the long-standing demand of raising the Income-Tax exemption limit from Rs. 2-lakh to Rs. 2.50-lakh has been met by the hon. Finance Minister. I thank him for the same.

Last but not least, the Urban Cooperative Societies are running the banks in the rural areas. In Karnataka, most of the cooperative societies are running such banks. The small farmers and youth can take finance from these cooperative societies/banks. There is a tax levied on these societies and because of that, these societies are facing a lot of problems in Karnataka. The Urban Cooperative Banks are passing through a difficult phase. As per the Finance Act, 2006, which was passed in this Parliament by the previous Government, it is requested that these Urban Cooperative Banks should be allowed to enjoy the exemption from Income-Tax as admissible. These Societies have been in existence for the past 12 decades in Karnataka and also in various other sectors in other parts of the country. Hence, I appeal to the Government and the Finance Minister to be kind enough in extending the total tax exemption benefit to these Urban Cooperative Banks as early as possible.

I support this Budget, which is a development-oriented Budget for this country. I, once again, congratulate the hon. Prime Minister and the Finance Minister for presenting a very good Budget.

SHRI JOSE K. MANI (KOTTAYAM): Hon. Chairman, in the last parliamentary elections, the major campaign by the NDA was built around four issues. They are (1) inflation; (2) corruption; (3) unemployment; and (4) fiscal deficit and current account deficit. The NDA got a clear mandate as the people anticipated that these issues would be addressed. However, in the General Budget, we find that no measures have been taken to address these issues and they have not presented any roadmap to take care of these issues.

The induction of uniform Know Your Client (KYC) norms and inter usability of KYC records across the entire sector along with introduction of one single DEMAT account for financial taxation will reduce, the time, procedure and cost to the investor. To strengthen the capital markets and eliminate the fly by night operators, I urge the Finance Minister to enact stringent rules to bring IPO and follow up issues to safeguard the interest of the investor community.

I welcome the proposal of the Minister for introduction of small saving instrument to meet the requirement of education and marriage of girl child. Our Honourable Chief Minister "AMMA" has already implemented "Cradle Baby Scheme" and the Chief Minister's Girl Protection scheme for protecting the interest of the girl child (marriage assistance and 4 gms gold coin).

I welcome the budget, the Finance Minister have done a balancing act in his 45 days office to bring change in the financial status of the Indian economy.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): सभापति महोदय, मैं श्री अरूण जेटली, वित्त मंत्री जी द्वारा रखे बजट का समर्थन करता हूं।

सभापति जी, आज इस देश की बड़ी जनसंख्या गरीबी की रेखा से नीचे है और वह गरीबी की मार झेलती है। वित्त मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी की अगुवाई में गरीबी-रोधी कार्यक्रम बनाकर "सबका साथ, सबका विकास " का मूलमंत्र देकर एक नयी, सशक्त, ईमानदार और बहुआयामी, सर्वस्पर्शी, विकासोन्मुख जो पहल की गयी है, वह जीवंत और मजबूत भारत का सृजन करेगी।

पिछले अनेक वर्षों से यूपीए की सरकार का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रशासनिक और अवस्थापना सृजन का जिस तरीके का कुप्रबंधन रहा है, उस ने पूरे देश को चौराहे पर खड़ा किया है। इसमें ज्यादा विस्तार देने की जरूरत नहीं है। अभी संसाधन जुटाने हैं और यह चुनौती भरा काम है। इस चुनौती को वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में स्वीकार कर ताकत के साथ मुकाबला कर धैर्यपूर्वक आश्वासन भी दिया है। वित्त मंत्री जी ने साहसपूर्वक यह कहा है कि हम केवल अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए कर्ज़ लेकर विकास कार्यों की बात नहीं करेंगे। उन्होंने राजकोषीय घाटा बढ़ाकर भावी पीढ़ियों को आर्थिक गुलामी की ओर धकेल कर कर्ज़दार नहीं बनाना चाहा, बल्कि वे उपलब्ध संसाधनों से विकास का कार्य करेंगे। कांग्रेस, यूपीए सरकार तो इस सिद्धांत पर चल रही थी-

यावत जीवेत सुखं जीवेत, ऋणं कृत्वा घृतं पीवेत।

जब तक जीओ, अच्छा जीओ, चाहे कर्ज़ करो, चाहे पीढ़ी दर पीढ़ी को गुलामी की जंजीरों में भेजो, लेकिन सुख से रहो। इस कहावत को चरितार्थ कर इन्होंने देश को, देश के राज्यों को गर्त में धकेला है।

मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने कहा कि हमें राजकोषीय विवेक लागू करने की जरूरत है। इस से राजकोषीय सुदृढ़ीकरण और अनुशासन का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अन्तरपीढ़ीगत साम्यता के महत्व के कारण राजकोषीय विवेक मेरे लिए सर्वोच्च महत्व का है। इसलिए राजकोषीय घाटा न बढ़ा कर, भावी पीढ़ी को गुलामी की ओर न धकेल कर एक नयी पहल उन्होंने की है। इसके लिए मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं।

मैं यह समझता हूं कि यदि इस बजट को देखा जाए तो यह हिन्दुस्तान की ज़मीन पर खड़ा होकर उसकी आत्मा के रूप में परिलक्षित होता है। बजट बनाते समय देश की भावना और उसकी समस्याओं को जानने की कोशिश की गयी है। भारतवर्ष की पूरी आबादी का क्षेत्रवार समस्याओं का आकलन कर उसके समाधान का व्यवस्थित सूत्र निकालते हुए इस बजट को केवल आंकड़ों का ही बजट नहीं बनाया है, बल्कि मज़दूरों, किसानों, व्यापारियों, सरकारी, गैर सरकारी कर्मियों से लेकर उद्योग जगत तक हर वर्ग और देश के हर क्षेत्र, हर कोने को स्पर्श कर के बजट ने जो काम किया है, वह निश्चित रूप में सराहनीय है।

प्रधान मंत्री जी ने कहा कि 125 करोड़ लोगों को साथ लेकर चलेंगे। यदि 125 करोड़ लोग एक-एक कदम भी आगे बढ़ाएंगे तो देश 125 कदम आगे बढ़ेगा, यह इस बजट में परिलक्षित हो रहा है। उसके लिए भी मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

महोदय, मैं समझता हूं कि जहां तक महंगाई का सवाल है तो यह यूपीए की गवर्नमेंट में क्या था और एनडीए की गवर्नमेंट में क्या है, यह उधर के सदस्य और इधर के सदस्य जानना चाहते हैं। लेकिन मैं वित्त मंत्री जी को इस बात की बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने सुरक्षित निधि, रिज़र्व फण्ड की व्यवस्था की है। इस से कालाबाज़ारी पर रोक लगेगी और निश्चित रूप में इसके सुनिश्चित परिणाम भी आने शुरू हो जाएंगे। जो प्याज और आलू की कीमत इन दिनों में 70 रुपये प्रति किलो और 80 रुपये प्रति किलो तक चली जाती थी, उनकी कीमत को इन्होंने नियंत्रित किया है जिसके लिए मैं इन्हें बधाई देना चाहता हूं।

श्रीमन्, मैं समझता हूं कि यह एक महत्वपूर्ण बात हुई है कि डॉलर और यूरो की मनमानी को खत्म करने का प्रयास किया गया है। जो हमारे पड़ोसी देश हैं या जो समान विचार धारा के देश हैं, उनके साथ स्थानीय परिस्थिति, स्थानीय अर्थव्यवस्था, स्थानीय बाजार और स्थानीय मुद्रा के आधार पर आपसी व्यापार और लेन-देन कर सकेंगे। यह बहुत बड़ा महत्वपूर्ण निर्णय है।

श्रीमन्, व्यय प्रबंधन आयोग बनाया गया है। राज्यों के सशक्तीकरण की बात की गयी है।

HON. CHAIRPERSON: Please sit down. Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन्, अभी पांच मिनट भी नहीं हुए हैं। मैं घड़ी देखकर कह रहा हूं।

HON. CHAIRPERSON: No, I cannot give more than five minutes. It is practically impossible to give more than five minutes to speak. Please sit down.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन्, मैं आपका आभारी हूं कि आप ने मुझे बोलने का मौका दिया।

8

SHRIMATI P.K. SHREEMATHI TEACHER (KANNUR): Sir, the Finance Minister, Shri Arun Jaitley began his Budget Speech by declaring that 'the people of India have decisively voted for a change'. Really, the people were expecting a Budget, which can control price rise; contain unemployment; and boost development, but it was total disappointment for the common people. The Government is depending on the private sector for investment in development. It is to be seen whether the decision to increase the FDI in insurance and defence sectors to 49 per cent will be beneficial for the country or not.

As it has been done in the Railway Budget, Kerala has been totally neglected in the General Budget too. The tax share of Kerala has been reduced from Rs. 9,101 crore in the Interim Budget to Rs. 8,972.51 crore in the present Budget.

Kerala has not been given even a single AIIMS or IIM. Even though the upcoming Kochi Metro project sought a fund of Rs. 878 crore, the amount announced in the Budget was only Rs. 462.17 crore, which will definitely delay its completion. The Fertilizers and Chemicals Travancore Limited, which is facing an acute financial crunch and on the verge of closure, has been given a paltry amount of Rs. 42.66 crore in the Budget. This has been done in spite of the promise of the Union Minister of Chemicals and Fertilizers that the process for sanctioning a package of Rs. 900 crore is in final stages. The Budget has not allocated any money for the proposed Vizhinjam Port in Kerala. Needless to mention that completion of the Vizhinjam Port situated at the southern tip of India and just near the international ship route, which can attract immense trade for the country.

I would urge upon the hon. Minister of Finance to consider the following issues pertaining to Kerala, in addition to above demands.

First, a lot of people in the Malabar region of Kerala, especially in Kasargod District, are suffering from diseases caused by Endosulfan, including

cancer. I would request the hon. Minister to develop the Malabar Cancer Centre in Kannur District as a National Cancer Research Institute at the earliest. An AIIMS-like hospital should be set up in Kerala at the earliest.

Second, the contribution in the field of sports by Kerala, especially by women, is well-known, for example, the famous Indian Athlete Mrs. P.T. Usha. She is a product of the Kerala Sports School. The athletes have brought laurels for the country, both at national and international levels. I would urge upon the hon. Minister to set up a National Sports University and a Sports Academy, in addition to creation of indoor and outdoor stadia of international standards in Kerala, to encourage budding sports talent of the State and also of the neighbouring States. The land for the project is easily available in Kannur.

Third, tourism is one of the job creators on a larger scale, globally. Many economies world over are supported by tourism. The tourism potential of Kerala should be exploited to attract domestic as well as foreign tourists and thereby create more jobs for the people of the country. There is enough potential for medical tourism in the field of Ayurveda in the State and hence it should be encouraged. Sabarimala, the second largest pilgrimage centre in South India, should be developed as a religious tourist centre under the National Mission on Pilgrimage Rejuvenation and Spiritual Augmentation Drive Programme. Thiruvananthapuram, Guruvayoor and Kottiyoor in Kannur, where Sree Padmanabha Swami Temple, Guruvayoor Sreekrishna Temple and Kottiyoor Temple are respectively located should be brought under the National Heritage City Development and Augmentation Yojana for conserving and preserving the heritage character of these cities.

With these words, I would urge upon the Minister to favourably consider the genuine demands of the people of Kerala.

9

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) : सर, मैं ऐसे शहर को रिप्रेजेण्ट करती हूं, जहां तीन बड़े उद्योग हैं। सबसे पहले तो मैं अरुण जी का धन्यवाद करने यहां खड़ी हुई हूं। Surat is the fatest developing city of India. और तीन बड़े उद्योग डायमंड, टैक्सटाइल और जरी उद्योग हैं। मैं सोच रही थी कि पांच साल वहां रहे और पांच साल यहां आने के लिए जो सफर हमने तय किया है तो सर को उसके लिए बहुत सारे धन्यवाद देने हैं। नरेन्द्र भाई के नेतृत्व में डैवलपमेंट तो हम लोगों ने गुजरात में बहुत देखा और अनुभव भी किया है। लेकिन विरासत में जो भी मिला था, इनमें से कई सारी बातें हैं, जो हमें मिली हैं और उसका सोल्यूशन भी मिल गया है।

सबसे पहले डायमंड ज्वैलरी उद्योग में जो आर्थिक व्यवहार को ठीक करने के लिए बैंक फैसिलिटी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 120 दिन की मिलती थी, उसे यहां से 2011 से 80 दिनों के लिए कर दिया था। यह सीमा वर्तमान सरकार द्वारा 120 दिनों की करने की वजह से जैम एण्ड ज्वैलरी उद्योग को फायदा होगा। साथ ही उनके द्वारा सूरत की पहचान टैक्सटाइल हेतु क्लस्टर बनाने हेतु भी सूरत को पसन्द किया है तो इससे दो इण्डस्ट्रीज़ कवर हो गई हैं।

तीसरी इंडस्ट्री जरी उद्योग है, जो डायमंड के साथ-साथ सोने और चांदी के भावों के ऊपर निर्भर रहती है, जो लघु उद्योग में आता है। वैसे तो लघु उद्योग के लिए बहुत सारी योजनाएं और फंड एलोकेट किया है, लेकिन इस उद्योग को सर्वाइव करने हेतु और भी क्लस्टर जिस तरह से अन्य शहरों को मिला है, उस तरह से सूरत को भी मिलना चाहिए।

मेरी एक और डिमांड है, वैसे तो बहुत सारे धन्यवाद देने हैं,

Well begun is half done. अरूण जी ने बहुत अच्छी शुरूआत की है। सबसे भारी मतों से जीतने के बाद मैं सूरत को रिप्रजेंट करती हूं। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के लिए 200 करोड़ का फंड रखा है, ऐसी बहुत सारी योजनाएं हैं। महिला होने के नाते मैं यहां खड़ी हुई हूं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, काफी कुछ हम लोगों ने गुजरात में किया भी है, अनुभव भी किया और आगे भी करते रहेंगे। बहुत सारे धन्यवाद और पांच साल में भी मिलेंगे, लेकिन स्मार्ट सिटी के साथ-साथ ट्विन सिटी के प्रोजेक्ट के लिए भी सूरत नवसारी के बीच में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी जाये। विरासत में एक और बात जो हमें मिली है, शुगर मिल के ऊपर 6 हजार करोड़ का इंकम टैक्स जो है, उसको दूर करने हेतु भी मैं रिक्वेस्ट करती हूं।

निर्भया फंड के लिए जो फंड दिया है, उसे पिछले बजट में एलोकेट किया था, लेकिन उसका कुछ उपयोग नहीं हुआ था तो मैं समझती हूं कि यह नये पांच साल के लिए निर्भया फंड जो सुरक्षा के नाम पर, जो महिलाओं को सुरक्षित रखने हेतु, शिक्षा हेतु दिया गया है, उसका मैं समर्थन करती हूं। उसके लिए भी मैं धन्यवाद देती हूं।

मेरी एक और डिमांड है।

Despite Surat being the largest manufacturing centre, 100 में से 80 डायमंड्स बनते हैं। रफ डायमंड माइनिंग कंपनीज जो वर्ल्ड सेल के ऊपर गुड्स थ्रू ऑक्शन और वहां एंटवर्प, मास्को, जोहन्सबर्ग, दुबई, तेलअबीब, हांगकांग जहां ऑक्शन थ्रू छोटे-छोटे जो व्यापारी हैं, उनको यह सब खरीदने का मौका मिलता है। अगर सूरत को स्पेशल नोटीफाई जोन दिया जाए तो ये व्यापारी भी सर्वाइव हो सकते हैं। मेरी माननीय वित्त मंत्री जी से यह भी रिक्वैस्ट है। वर्तमान सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में कार्य करने हेतु जो हैंड्रेड करोड़ रूपए का आबंटन किया है, उसके लिए मैं धन्यवाद करती हूं।

मैन्युफैक्चारिंग सैक्टर को बढ़ावा मिले, इसलिए छोटे और लघु उद्योग को महत्व दिया गया, पॉवर सैक्टर इनवेस्टमेंट हेतु बेनेफिट मिला है, एक्साइज कम करने के कारण फायदा मिला है। ये सारे बेनेफिट हमें मिले हैं उसके लिए एक बार फिर से धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करती हूं।

छोटे-छोटे जो व्यापारी हैं, उनको ये सब खरीदने का मौका मिलता है। लेकिन अगर सूरत को स्पेशन नोटिफाई जोन दिया जाये तो यह व्यापारी भी सर्वाइव कर सकते हैं। मेरी माननीय वित्त मंत्री जी से मेरी यह भी रिक्वेस्ट है।

0

SHRI P. SRINIVASA REDDY (KHAMMAM): Sir, the hon. Finance Minister has presented Rs. 17.98 lakh crore annual Budget for the financial year 2014-15 with a fiscal deficit target of 4.1 per cent of GDP and Revenue Deficit target of 2.9 per cent for the current year 2014-15. I am happy with the Finance Minister's commitment for fiscal consolidation. Can he do so without substantially cutting the budgeted Plan Expenditure for the year

2014-15? The Union Government has already incurred 45.6 per cent of the fiscal deficit and 53.6 per cent of the Revenue Deficit budgeted for the year of 2014-15. I am aware that the present Government is in no way responsible for this extra-ordinary situation.

Sir, the former Finance Minister, Shri Chidambaram had to cut the budgeted Plan Expenditure by rupees one lakh crore to meet his fiscal deficit target of 4.6 per cent for the year 2013-14. Otherwise, it would have been 5.6 per cent of the GDP.

If the Government cuts the Plan Expenditure to comply with fiscal deficit target, the GDP of this country will be affected. Consequently, the revenues will be affected, compelling the Government to borrow even more. How do we achieve the sustained growth rate of 7 to 8 per cent within the next 3 to 4 years? It is disheartening to note that about 43 per cent of the net tax revenues of the Central Government are going towards meeting expenditure and interest on borrowings. The total outstanding liabilities of the Union Government to GDP ratio are already as high as 46 per cent.

The need of the hour is to step up public investment in infrastructure at any cost. Even if it means that we have to borrow more for stepping up Capital and Plan Expenditure, we should not hesitate to do so. Otherwise, we will continue to live in the vicious cycle of low investment, low growth and low revenues.

Now I come to my own State of Telangana which is just a three month old infant. The Budget has ignored the aspirations of Telangana State, barring the announcement of setting up of a Horticulture University and a Debt Recovery Tribunal in Hyderabad. There is no other developmental measure relating to the State in the Budget. I would request the Government to set up the promised Horticulture University at Aswaraopet in Khammam district which is very backward and predominantly covered by tribal population.

I would also request the hon. Minister to select the Khammam and Kothagudem cities in Telangana State to develop as Smart Cities. Hence, I would request the hon. Finance Minister to address these problems of the people of Telangana in the present Budget and render justice to the Telangana State.

1

*__DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE (KALYAN)__: I am a first time Member of Parliament and a young component of Shiv Sena with blessings from Hon. Shivsena pramukh Hindu Hridaya Samrat Balasaheb Thackrey and Hon. Shri Uddhavji Thackrey. I would like to compliment Hon. Finance Minister, Shri Arun Jaitleyji, with a positive aspiration that the country is finally on a road to designate itself worthy of its golden past globally.

This is my maiden speech in this August House so. I would like to dwell on the subject of employment as it is probably the only subject that touches the youth of this great nation.

If you seek the information on employment across various sectors you would be appalled by the emerging figures. For a set of 5 years from 1999-2004-05 the employment growth increased by 61 million and for the next set of five years. The growth was just 2.7 million. The two largest sectors affected worst were agriculture and manufacturing.

According to National sample Survey, India will need 44 million additional jobs between 2015 and 2020 at an annual rate of around 9 million jobs per year. This underlines the need for creating a much wider spectrum of jobs for the youth in coming years.

Considering the extreme shortage of skilled workforce in the ensuing decades, we must energize IT, telecom, logistics, retail, engineering, healthcare and others.

Our Prime Minister, Hon. Narendraji Modi has rightly spotted these lacunae and has given the new mantra of SKILL INDIA. The scheme has a tremendous potential and the same has been proved in Gujarat.

In Thane District of Maharashtra, the Thane Municipal Corporation has proposed a huge educational hub on 100 hectares of land and the process has begun. I would request the Government to bring the benefits of SKIL INDIA at this huge campus dedicated to education.

I also request for designating KALYAN as one of the locations for establishment of one of the 8 Railway Training Institutes across nation.

I am sure that the avenues for employment generation in all sectors will be fruitful with the measures being announced in the Budget.

On the health care front, our performance has been far from impressive. High rate of infectious diseases, reproductive and child health problems and nutritional deficiencies have coexisted with growing burdens of Chronic diseases. Infant and maternal mortality rates still remain higher. National Family Health Survey brings devastating data to the fore.

The Government must embrace the idea of tax funded universal coverage as opposed to contributory or subsidized private health schemes.

The government has taken a firm step towards enhancing medical facilities by introducing four new AIIMS and since one such centre is scheduled in Maharashtra, I sincerely thank this government for this much needed and awaited Facility.

I would suggest that our funding of Public Health programs is less than many countries. Therefore, additional resources should go to strengthen primary health care, quality of services and equitable access to poor people. Severe shortage of doctors and nurses also needs to be looked into in connection with the same.

With an experienced Doctor like Dr. Harshwardhan heading the crucial Ministry I am confident that the health systems will come out from the evil syndromes and recover faster. I am sure that the strong political commitment and effective stewardship of Hon. Narendraji Modi will surely improve the health of Indian citizens.

Infrastructure development is vital for any economy and the Budget this year has taken in to account the various aspects of this in great details.

There is goal oriented action plan in sectors such as Expressways, Highways and Rural road development.

The PMGSY launched by the then NDA regime has proven to be a boon to the rural areas awaiting to be connected to the main stream. This budget therefore rightly enhanced the provisions in this successful scheme to a tune of Rs.14,389 crores.

As I am thanking the Finance Minister for his vision, I would be much thankful to Gadkariji if he generously sanctions roads in my constituency which has almost 50% rural areas which are deprived of good roads.

I would also like to mention important projects that need to be undertaken on priority in my Thane district. These are 8-laning of NH3 Mumbai Nashik Highway; 4-laning of Kalyan-Murbad State Highway and further crossing the Malshej Ghat; and to ease the burden on road network there is a dire need for Railways to go in a big way for transportation of materials and goods.

The inordinate delays in conceptualization to completion have to be reduced drastically and people should be made accountable for delays on their part.

With Minimum Government, Maximum Governance vision of our Prime Minister, the scenario is set for a positive change.

Management of urban population densities has always posed challenges. The main areas for improvement in this section are water supply, sanitation and mobility.

Keeping this in mind the Finance Minister has given due importance to SWACHHA BHARAT abhiyaan with a preset goal of complete sanitation upto 2019.

Here, I would like to suggest that to overcome the ever-enhancing problem of Waste Water management, this waste water can be provided for agriculture in Peri-Urban areas. This formula has been successfully implemented in and around 7 cities in Gujarat.

To overcome the water crises, I am sure Modiji will transform Water Economy which is in RESOURCE DEVELOPMENT mode to the Effective and Efficient MANAGEMENT mode.

As a concrete step in this direction, I would like to request Hon. Modiji to create a World Class WATER UNIVERSITY with a focus on managing Hydro Power, Irrigation, Urban and Rural Water Supply and Sanitation.

The new Government has undertaken an initiative for Metros in cities with population of more than 20 lakhs. However, all modes of transport should be integrated with high quality feeder services.

In my Constituency, an alternative of waterway connecting Kalyan-Thane-Mumbai-Navi Mumbai needs to be explored apart from road and rail transport to ease the burden on existing services.

The government needs to be applauded for the initiative to create 100 smart cities across India and I will be the first person to applaud more louder if Kalyan city in my constituency is included in this prestigious list.

Kalyan ka Kalyan kar do.

The Finance Minister has shown great sensitivity by proposing empowerment of the differently abled persons.

He has also proposed a Center for Disability Sports to give equal opportunity. As a Doctor I am personally grateful for this considerate approach of the Finance Minister.

As a token of ACCHHE DIN the Finance Minister has raised the Income Tax Exemption limit to 2.5 lakhs accompanied with many tax concessions for the Neo-Middle Class.

Similarly, I welcome the step of implementing Goods & Service Tax (GST) to simplify taxation and avoid double taxation.

In the light of recent KBC Scam in Nasik area, I would like to request the Finance Minister to put in place a New Resolution Corporation that identifies distressed financial firms, initiates corrective steps while protecting the interests of the unsophisticated consumers. Otherwise, this will lead to twin maladies of distressed financial firms growing unchecked and causing loss to the consumers which the government inevitably has to address.

Pollution in the country is affecting the health of humans as well as flora and fauna in the country. I would like stern measures to be taken against those who flout the norms prescribed. Everyone is talking on inflation but no one is talking of population. If the population is not controlled whatsoever measure the Government takes would be in vein.

Maharashtra has been bestowed by a rich history through its Forts. All of them have a natural beauty and can be great TOURIST destinations. I would request the Government to allocate adequate funding for bringing these forts and historical places on a global platform.

There has been a neglect of the historical places in Maharashtra by the Archeological Department. I would request the Government to take up restoration of the forts so that past glory can be revisited by tourists. These forts if equipped with sound and light show along with basic infrastructure can not only generate employment but will also boost the local and state economy.

A huge Statue of Chhatrapati Shivaji Maharaj is proposed at Mumbai Sea. This is going to be a monument like nowhere else in the world attracting tourist traffic to the Country. I request for adequate funding for the same from Government of India as it has supported the prestigious statue of Unity.

I have placed my suggestions on the Union Budget at this august House. I am also grateful to the visionary leadership of Hon. Narendraji Modiji who

has shown ample courage and steel to walk the path he has talked during the election campaign.

The Finance Minister has truly in sense depicted in his budget the underlined principle of SABKA SAATH, SABKA VIKAS.

I place on record my humble respects to Hon. Hinduhriday Samrat Balasaheb Thackrey, Hon. Shri Uddhavji Thackrey and all my senior Shiv Sena leaders.

2

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : सभापति महोदय, आपने मुझे वर्ष 2014 के जनरल बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं उत्तर मुंबई के मतदाताओं का अभारी हूं। उनकी तरफ से मैं प्रधान मंत्री जी, श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। वित्त मंत्री, अरुण जेटली जी, रेलवे मंत्री सदानंद गौड़ा जी और उनके सहयोगी मंत्री मनोज सिन्हा जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं।

सभापति महोदय, इस बजट में, हमारे विपक्ष के सदस्य ने कहा कि हम बुलेट की स्पीड में भाषण करेंगे। उनके कहने से मुझे यह एहसास हुआ कि हमारे युवा मित्रों ने नरेन्द्र मोदी जी के बुलेट ट्रेन को स्वीकार किया है। हमें आने वाले दिनों में बजट पर भाषण बुलेट की स्पीड से करना होगा। हमें देश का विकास बुलेट की स्पीड में करना होगा। हमें देश से भ्रष्टाचार बुलेट की स्पीड से ही कम करना होगा। इस देश को हमें बुलेट की स्पीड से आगे ले जाने का काम करना पड़ेगा।

सभापति महोदय, इस बजट में हमें युवाओं का भविष्य दिखाई देता है। इस बजट में हमें ज्येष्ठ नागरिकों का सम्मान दिखाई देता है। इस बजट में हमें महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी भी दिखाई देती है। इसलिए अरुण जेटली जी को फिर एक बार धन्यवाद देना चाहता हूं। इस बजट में दलित, मुस्लिम और आदिवासियों के साथ भी न्याय किया गया है, हमें यह देखने को मिलता है। कांग्रेस के मित्र ने इस बजट पर भाषण करते हुए कहा है कि इस बजट में आदिवासियों के लिए कुछ भी नहीं है। आपकी सोच बहुत सही है, क्योंकि आपने आदिवासियों को आदिवासी माना है, लेकिन हमने आदिवासियों को दीन-बन्धु माना है। इस बजट में दीन-बन्धुओं के लिए भी व्यवसथा की गई है।

सभापति महोदय, हमारे मुस्लिम सांसद भाइयों ने कहा है कि इसमें माइनॉरिटिज के लिए कुछ भी नहीं है। हमारी पार्टी का पहले ही दिन से मानना है कि जस्टिस फार ऑल और अपीजमेंट फॉर नन। इस बजट में जो व्यवस्था और सुविधा हिन्दुओं के लिए है, वही व्यवस्था और सुविधा मुस्लिमों और ईसाइयों के लिए भी है। मैं आगे जा कर यह कहूंगा कि हमारे मुस्लिम समाज के लिए नरेन्द्र मोदी जी

ने मदरसों का जो मॉडर्नाइजैशन किया है, यह मुस्लिम समाज को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने के लिए एक कदम है। इसे हम सभी को मानना चाहिए।

सभापति महोदय, इस बजट में कश्मीर के विस्थापितों के लिए भी व्यवस्था है। इस बजट में पहली बार कश्मीर से प्रस्थापित लोगों के लिए भी व्यवस्था है। इस देश के नागरिक होने के बावजूद भी कश्मीर के पंडित 15 साल से दर-दर भटक रहे थे। कांग्रेस के लोगों ने उनकी अनदेखी 15 साल तक की है।, अरुण जेटली जी ने साहस करते हुए, प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में पहली बार उनके लिए व्यवस्था की है। इसलिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं। इस बजट में गरीबों के लिए पानी की व्यवस्था है। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

3

***श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा):** वर्ष 2014-15 के 8 मास की शेष अवधि के लिए मोदी सरकार का यह पहला बजट है । हम सभी जानते हैं कि इस सरकार को बजट तैयार करने के लिए बहुत कम समय मिल पाया है । बजट की तैयारी में अमूनन तीन से चार महीने लगते हैं । मार्च में बजट पेश करने के लिए दिसंबर से तैयारियां शुरू हो जाती हैं । लेकिन इस सरकार को सिर्फ एक महीने का समय मिला है । इतने कम समय में देश की दशा और दिशा का बोध कराने वाला यह बजट तैयार करना किसी करिश्मे से कम नहीं है । मैं इसके लिए माननीय वित्त मंत्री और वित्त मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों के उन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद देना चाहूँगी जिन्होंने रात दिन मेहनत कर इस बजट की तैयारी में अपना योगदान किया है ।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का भी विशेष धन्यवाद करना चाहूँगी जिन्होंने इतना बढ़िया और बेमिसाल बजट प्रस्तुत करने के लिए अपना मार्गदर्शन दिया। इस बजट की तारीफ मैं नहीं कर रही हूँ देश-विदेश का सारा मीडिया इसकी सराहना कर रहा है । मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार वित्त मंत्री ने तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सबको कुछ न कुछ देने के साथ-साथ सुधारों का मार्ग भी प्रशस्त करने की हर संभव कोशिश की है । इस बजट का मुख्य उद्देश्य उद्योग व्यापार की तरक्की के लिए प्रशासनिक स्तर पर तेजी और चुस्ती लाना है । देश-विदेश में हर कहीं बजट की तारीफ हो रही है ।

अब मैं उन बिन्दुओं पर प्रकाश डालना चाहूँगी, जो इस बजट को सुपर बजट की संज्ञा दे रहे हैं और हमारे कितने ही अर्थशास्त्री इस बजट को विकास का रोडमैप बता रहे हैं । सबसे पहले तो यह बजट महंगाई कम करने वाला बजट है । पिछले एक दशक में हमारे देश की जनता ने और स्वयं हम सबने कैसा दौर देखा है यह किसी से छिपा नहीं है । 100 रुपए किलो प्याज खरीदना पड़ा है । रोजमर्रा की जरूरतों वाली चीजों के लिए भी तरसना पड़ा है । इसलिए हमारे माननीय वित्त मंत्री जी पूरे तौर पर महंगाई को कम करने के लिए कदम उठाए हैं । रोजमर्रा की जरूरत वाली किसी भी चीज के दाम बजट में नहीं बढ़ाए गए हैं । इतना ही नहीं बजट में इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि आगे आने वाले समय में फलों, सब्जियों और खाद्यान्नों की भरपूर पैदावार हो । इसी उद्देश्य से बजट में कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है । किसानों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराना इस सरकार की प्राथमिकता है ।

कृषि जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है । वर्ष 2014-15 के दौरान कृषि हेतु ऋण 8 लाख करोड़ रुपए निर्धारित करने का लक्ष्य रखा गया है । किसानों को अपने फल-फूल, सब्जियों और अनाजों के भंडारण में बहुत अधिक परेशानी होती हैं, क्योंकि इसके लिए स्टोरेज की बहुत बड़ी समस्या है । इसी समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने 5000 करोड़ रुपए का बजट आवंटन किया है । नई कृषि तकनीकों, जल संरक्षण और जैविक कृषि जैसे विषयों पर किसानों को समय पर जानकारी देने के लिए किसान टी.वी. को 1000 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई गई है । नीली क्रांति मछली पालन के उद्योग का उद्देश्य है ।

हमारे गुजरात में, हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में किसानों की सोईल का हेल्थ कार्ड जारी करने की एक बहुत ही कामयाब योजना शुरू की थी । इससे गुजरात के लाखों किसानों को फायदा हुआ । अब माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस बजट के माध्यम से इसे पूरे देश में लागू करने का संकल्प व्यक्त किया है । देश भर में 100 मोबाइल सोईल परीक्षण प्रयोगशालाएं शुरू की जायेंगी । सोईल परीक्षण और सोईल हेल्थ कार्ड जारी करने के मद में 156 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया गया है और जरुरत पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है । दालें हमारे देश में प्रोटीन के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में इस्तेमाल होती है । हमारे देश में दालों की पैदावार कम हो रही है । इसलिए इन्हें विदेश से आयातित करना पड़ रहा है । दालें रोजमर्रा के खाने की चीजों में से है और इतनी महंगी है कि आम आदमी आसानी से नहीं खरीद सकता है। इसलिए बजट में दूसरी हरित क्रांति के साथ-साथ प्रोटीन क्रांति की बात पर भी बल दिया गया है । मेरा विश्वास है कि उपरोक्त कदमों से एक साल के अंदर महंगाई पर काबू पाने में सहायता मिलेगी ।

बिजली और पानी इस देश की दूसरी सबसे बड़ी समस्या है । आज हमारे प्रतिपक्ष के लोग दिल्ली की सड़कों पर रोज हंगामा कर रहे हैं-बिजली नहीं-पानी नहीं-बिजली नहीं-पानी नहीं । पिछले 15 वर्षों में आप जो काम नहीं कर पाए हमसे उम्मीद करते हैं कि 15 दिनों में हो जाए ।

आप लोग इतने उत्साह से प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं कहीं जनता हमेशा के लिए आपको प्रतिपक्ष की भूमिका ही न सौंप दे । आपने दो-तीन महीने का भी धैर्य नहीं दिखाया । आपने बजट को पेश होने दिया होता-फिर आप देखते कि मोदी सरकार बिजली, पानी को लेकर कितनी चिंतित और गंभीर है । बिजली और पानी हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है । देश के हर नागरिक को बिजली और पानी मिले ये हमारा सपना भी है और इरादा भी है । बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए और बिजली उत्पादन के नए स्रोत तलाशने की दिशा में "जोर-शोर से काम हो रहा है । अल्ट्रा-माडर्न-सुपर क्रिटिकल कोयला आधारित ताप विद्युत प्रौद्योगिकी नामक नई योजना पर कार्य शुरू करने के लिए सरकार ने 100 करोड़ रुपए की शुरुआती राशि प्रदान की है । राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश तथा लद्दाख में अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं के लिए 500 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं । नहरों के किनारे एक मेगावाट के सौर पार्कों के लिए भी 100 करोड़ रुपए की आरंभिक धनराशि प्रदान की गई है ताकि इस दिशा में डिजाइनिंग और स्थल पहचान आदि का कार्य शुरू किया जा सके । ताप विद्युत संयंत्रों में कोयला की अबाधित आपूर्ति की दिशा में कदम उठाए गए हैं । देश की जनता को विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भी इस बजट में ध्यान दिया गया है । राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी की जन्म जयंती के तहत देश के प्रत्येक घर को 2019 तक सैनिटेशन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बड़े पैमाने पर स्वच्छ भारत अभियान चलाए जाने का खाका तैयार किया जा रहा है ।

पिछले दो-तीन सालों में देश में भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर जनता बहुत उद्वेलित रही है । इस मुद्दे पर कई बड़े आंदोलन भी हुए हैं । माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पिछली सरकार ने स्विस बैंकों में जमा धनराशि का पता लगाने और उसे भारत लाने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए । हमारी सरकार ने पहल निर्णय लिया कि काला धन वापस लाया जाएगा और इसके लिए एक अधिकरण का गठन किया गया है । माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में जानकारी दी है कि इसके लिए 6 नए वसूली अधिकरण स्थापित करने का निर्णय लिया गया है ।

पिछली सरकार ने न केवल सिर्फ कमरतोड़ महंगाई को बढ़ावा दिया अपितु बेरोजगारी को भी बढ़ावा दिया । इसके कारण देश के करोड़ों पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हो गए । उन्हें रोजगार नहीं मिला । योग्यता और पात्रता होने के बावजूद नौकरी नहीं मिली। इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार-सृजन के साथ-साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर भी पूरा ध्यान दिया गया है । देश में बड़े पैमाने पर नई योजनाएं चलाने की तैयारी हो रही है-जैसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूअर्बन मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, नीरांचल कार्यक्रम, वन-बंधु कल्याण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, पंडित मदन मोहन मालवीय नए अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी कई योजनाओं और सुविधाओं की शुरूआत की गई है । इनसे लाखों की संख्या में रोजगार सृजन होगा और हमारे 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा।

महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है । यह कानून व्यवस्था के साथ-साथ महिलाओं के प्रति पुरूषों की सोच से भी जुड़ा मुद्दा है । यद्यपि महिलाओं की सुरक्षा चाहे वो गांव हो या शहर सब जगह जरूरी है लेकिन हमारे महानगरों में यह चंद मिनटों में मीडिया में पहुंच जाता है और इससे देश-विदेश में हमारी छवि खराब होती है । यहां जो विदेशी पर्यटक आते हैं उनके मन में हमारे प्रति गलत धारणा बनती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए यद्यपि कई कदम उठाए गए हैं । इनमें पुलिस और सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण के साथ-साथ कुछ नई स्कीमें भी लागू की गई हैं । सार्वजनिक सड़क परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा स्कीम के लिए 500 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है । बड़े नगरों में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने की स्कीम के लिए भी 150 करोड़ रुपए अलग से आवंटित किए गए हैं । इसके अतिरिक्त महिलाओं के स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अन्य समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया है और इसके लिए अलग से धनराशि आवंटित की गई है ।

लोग कहते हैं कि हमारे देश में गवर्मेंट थी लेकिन गवर्नेंस गायब थी । इस सरकार को मैंडेट गुड गवर्नेंस के लिए मिला है और सरकार ने इस दिशा में पहले दिन से कार्य शुरू कर दिया है । सरकार को अच्छी तरह से पता है कि गुड गवर्नेंस का मतलब डंडा चलाना नहीं है अपितु समाज के निचले से निचले वर्ग के बच्चों को शिक्षित करना, उनकी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना और उन्हें देश का जिम्मेदारार नागरिक बनाना है । गुड गवर्नेंस का एक ही मंत्र है खुद जिम्मेदार बनो । हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि वे परिश्रम की पराकाष्ठा कर देंगे । देश के लोगों की खुशहाली के लिए वह प्रतिदिन 20 घंटे कार्य कर रहे हैं । उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है । यदि हम सब उनका अनुसरण करने लगे तो वह दिन दूर नहीं जब देश में यत्र-तत्र-सर्वत्र गुड गवर्नेंस को हम हकीकत में बदलता देख पाएंगे ।

देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है । देश की सुरक्षा को बाहर से ही खतरा नहीं होता अपितु देश के अंदर भी अराजक तत्व इसके लिए आए दिन चुनौतियां खड़ी करते रहते हैं । इस बजट में देश की सुरक्षा पर विशेष कर आंतरिक सुरक्षा पर पूरा ध्यान केन्द्रित किया गया है । राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए 3000 करोड़ की राशि प्रदान की गई है । इसके अतिरिक्त सीमावर्ती अवसंरचना को मजबूत बनाने और उसके आधुनिकीकरण के लिए 2250 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की गई है ।

महोदय, इस बजट की कुछ प्रमुख विशेषताओं पर आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूँ-

नदियों को जोड़ने का माननीय अटल जी का सपना श्री नरेन्द्र मोदी जी पूरा करेंगे जोकि इस बजट में परिलक्षित होताहै । दरिदगी की शिकार महिलाओं का तत्काल इलाज सुनिश्चित कराने के लिए निर्भया कोष का इस्तेमाल किया जाएगा। इस बजट से छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलने वाला है क्योंकि मोदी सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग जोकि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और बड़ी संख्या में रोजगार देते हैं और उत्पादन में बड़ा योगदान करते हैं । इसके लिए सरकार 10 हजार करोड़ रुपए का एक फंड स्थापित करने वाली है । एक चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल में वित्त मंत्री ने व्यापक बजट पेश किया है । उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की पहल सराहनीय है । आईटी उद्योग के लिए यह सराहनीय होगी। हर घर तक गुजरात पैटर्न की तरह बिजली पहुंचाने का करिश्मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दिखना चाहते हैं और इसके लिए बिजली कंपनियों को 10 साल तक टैक्स में छूट देने का प्रावधान किया है। गांवों में बिजली वितरण के लिए अलग लाइन और एक साथ 4 अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने का अहम फैसला मोदी सरकार ने जमीन ने जमीन पर उतारा है ।

यह एनडीए का बजट पास होने के पहले ही खुदरा महंगाई दर ढाई साल में 1प्रतिशत घट गया है । जून में महंगाई का दर 8.28 से घटकर 7.31 प्रतिशत ही रह गया है। यह ढाई साल में सबसे कम है। महंगाई पर सरकार ने आक्रामक तेवर अपनाते हुए मूल्य स्थिरता कोष की स्थापना का ऐलान किया है । किसानों के लिए नए टीवी चैनल-इसके जरिए किसानों को नई तकनीक और सही और सटीक जानकारी मिलेगी । पूर्वोत्तर के लिए अरूण प्रभा चैनल शुरू किया जाएगा । यह आम बजट मरणांसन पड़ी अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी है । यह बजट भारत को विकास की नई ऊचाईयां तक ले जाने वाला है । गरीबों और समाज के दबे-कुचले तबकों के लिए यह आशा की एक किरण है । मोदी जी और जेटली जी ने दीर्घकालिक विकास की दिशा दिखाई है । विकास की सियासत से कहीं भी समझौता न करने की प्रतिबद्धता इस बजट में व्यक्त की गई है। इस बजट में बी.एस.पी. पर जोर दिया गया है । जेटली जी ने खजाने की थैली खोली है और सभी क्षेत्रों को कुछ न कुछ अवश्य दिया है । सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले रियल स्टेट को रियायतें दी हैं जिससे निवेशकों का रूझान बढ़ेगा । इससे 80 लाख लोगों को नौकरियों के अवसर मिलने की संभावना है।ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट की शुरूआत अच्छा संकेत है और स्किल इंडिया की बात को तवज्जो मिलती है । सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सीनियर सिटीजनों को, मध्य वर्गीय नौकरी पेशा लोगें को इन्कम टैक्स में होम लोन पर रियायतें देकर मध्यम वर्ग को खुश किया है । जवानों की शहादत को सलामी देते हुए एनडीए सरकार ने वर्षों से लंबित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (150 करोड़) और पुलिस स्मारक को साकार करने की नींव रख दी है । रक्षा बजट में 12.44 फीसदी की वृद्धि की है ।एक रैंक-एक पेंशन को 1000 करोड़ का अतिरिक्त आवंटन किया है । कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए 500 करोड़ का आवंटन करने का ठोस कदम उठाया है । गंगा को निर्मल बनाने के लिए नमामि गंगे मिशन की घोषणा की है। कुपोषण से लड़ने के लिए का नया मिशन चलाने का कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा है। एयर इंडिया की खस्ता हालत को 9474 करोड़ रुपए की बजटीय सहायता देकर संजीवनी प्रदान की है । पेट्रोलियम पदार्थों के तहत राज्यों को देने वाली रॉयलटी में सुधार के लिए कमीशन बिठाया जाएगा । स्टैचू ऑफ यूनिटी (गुजरात के लिए) 200 करोड़ रुपए दिए हैं वह सराहनीय है । मनरेगा के कार्य-कलाप में सुधार की प्रक्रिया-दिहाड़ी करने वाले मजदूरों के लिए संजीवनी समान होगी। अंत में मैं एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहती हूँ । मैंने किसी कवि की ये पंक्तियां पढ़ी हैं कि-

मेरे मन में उठता यह प्रश्न प्रबल है कि

गंगा का कितना पानी गंगाजल है ।

गंगा मां की जो दयनीय स्थिति है वे सभी को पता है । गंगा हमारे देश की संस्कृति का प्रतीक है । गंगा का जल, अब गंगा जल नहीं है । गंगा इतनी मैली और प्रदूषित हो चुकी है कि उसका अस्तित्व ही खतरे में है । गंगा के अस्तित्व को खतरा होने का मतलब है भारत की संस्कृति को खतरा होना । हमारी सरकार ने इस मुद्दे पर बेहद संवेदनशीलता दिखाते हुए गंगा की सफाई का चुनौतीपूर्ण कार्य स्वीकार किया है । इस बजट में इसके लिए 2037 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है । विभिन्न शहरों में गंगा घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए 100 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है । इसके अलावा गंगा की पवित्रता और शुद्धता को अक्षुण्ण रखने के लिए एक एनआरआई फंड बनाने का निर्णय लिया गया है । हमें उम्मीद है कि एक दो सालों में गंगा इतनी स्वच्छ हो जाएगी कि लोग खुशी-खुशी गंगा स्नान करने जाया करेंगे ।इस बजट में कोई टैरर नहीं है । लेकिन 5 टी में प्रतिबद्धता है । 5 टी यानी ट्रडिशन, टेलेंट, टूरिज्म, ट्रेड और टेक्नोलाजी है ।

अंत में मैं इस बजट के बारे में किसी शायर की लिखी हुई ये पंक्तियां बोलना चाहूंगी:

इस बजट से देश की तामीर (शक्ल-सूरत) बदलेगी

अनगिनत लोगों की अब तकदीर बदलेगी ।

अब नहीं है दूर अच्छे दिन किसी से भी

जल्द ही अब दोस्तों तस्वीर बदलेगी ।

4

ओश्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : राजग सरकार के मुखिया माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार के वित्त मंत्री माननीय श्री अरूण जेटली द्वारा प्रस्तुत बजट भारत वर्ष के आमजन के कल्याण की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है जो भारत वर्ष के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने जा रहा है । इस बजट के दूरगामी परिणाम भारत देश को महाशक्तियों के रूप में देखा जाएगा ।

अभी तक सम्मानीय संसद सदस्यों ने इस बजट पर जो विचार व्यक्त किए है जिस लोक सभा जालौन गरौठा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं । यह क्षेत्र मूल रूप से सभी क्षेत्रों में अत्यंत पिछड़ा हुआ है । मैं इस बजट में पूर्ण रूप से आशान्वित हूं । यह बजट पंडित दीदयाल उपाध्याय के अन्तोदय के सिद्धांत को जिसे संपूर्ण जालौन गरौठा में मान्यता प्रदान की है, के अनुरूप साबित होगा । इससे कृषि वाणिज्य लघु उद्योग में उन्नति होगी तथा बेरोजगारी व भारी अशिक्षा का पूर्ण रूप से विनाश होगा ।

माननीय वित्त मंत्री द्वारा दिए गए कृषि क्षेत्र के विकास के लिए तमाम योजनाएं जैसे सिंचाई, लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए फसल ऋण सहकारी संस्थाओं का पुर्नजीवन आदि शामिल हैं ।

पूर्ववर्ती सरकार ने किसान के द्वारा उत्पादित माल के भण्डारण की समुचित व्यवस्था कभी नहीं की जिससे किसानों द्वारा उत्पादक करोड़ों टन खाद्य पदार्थ खुले में नष्ट हो गए हैं ।

माननीय जेटली जी द्वारा भण्डारण की अवधारणा इस नजर में की है । वह इस कमी को दूर करने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है ।

माननीय श्री अटल बिहारी जी की सरकार में, माननीय राजनाथ सिंह जो वर्तमान में गृहमंत्री है, ने किसान कॉल सेंटर की व्यवस्था की थी जिससे लाखों किसान आज भी लाभान्वित हो रहे हैं ।

आज टेलीविजन का युग है । प्रत्येक घर में टीवी उपलब्ध है । माननीय वित्त मंत्री जी ने माननीय राजनाथ सिंह जी द्वारा स्थापित मापदण्ड पर सोने पर सुहागा रखते हुए किसान टीवी स्थापना का जो संकल्प लिया है जिससे संपूर्ण देश के किसान अपनी समस्याओं का निदान टीवी के माध्यम से प्राप्त करते हुए खाद्यान्न कई गुणा बढ़ा सकेंगे ।

माननीय जेटली जी द्वारा प्रस्तुत बजट मानव जीवन के हर पहलू पर छूता हुआ है चाहे जो अर्थव्यवस्था की स्थिति हो, चाहे अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण की बात हो, वरिष्ठ नागरिक पेंशन का

---

* Speech was laid on the Table

प्रश्न हो, मातृ सशक्तिकरण की बात हो, शिक्षा का विषय हो, उद्योग का विषय हो - सभी क्षेत्रों में बहुआयामी माननीय वित्त मंत्री जी ने अमिट छाप छोड़ी है ।

जैसाकि मैंने पहले कहा है कि मैं जिस लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं वह सभी क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है । नवयुवकों को शिक्षा, रोजगार की समुचित सुविधा, किसानों पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं है । उनके द्वारा उत्पादित माल के भण्डारण की कोई व्यवस्था नहीं है । इफ्रास्ट्रक्चर एवं विनियामक ढांचें में बदलाव की जरूरत है । 16 मई के बाद आस लगाए आम मतदाता को भी अच्छे दिनों का एहसास हो । विकास की शुरूआत गांव से हो । रोजगार के अवसर सृजित हो, नगरों की ओर पलायन रोकने हेतु रेलवे की नई लाईन हेतु धन मुहैया कराया जाए तथा बुंदेलखण्ड को बुंदेलखण्ड विशेष पैकेज देकर पावर प्लांट लगाए जाए तथा मैं वित्त मंत्री से निवेदन करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों का लाभ दिलाना सुनिश्चित कर मेरे लोक सभा क्षेत्र में रामपुरा ब्लॉक के अंतर्गत पांच नदियों का अदभुत संगम है जिसे हम पंचनदा के नाम से जानते हैं । वहां एक पंचनदा बांध बना के किसानों की लाखों एकड़ जमीन की सिंचाई हो सके ।

मान्यवर, मेरे लोक सभा क्षेत्र में उद्योग स्थापना की आपार संभावनाएं हैं । खाद्य संवर्धन से संबंधित उद्योग लगाने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे । सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के पर्याप्त अवसर मेरे क्षेत्र में है ।

5

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : सभापति महोदय, इतने अच्छे दिन आ गए हैं कि आज पार्लियामैंट की छत से रही है, पार्लियामैंट से भी पानी चूने लगा है।...(व्यवधान) वर्ष 2014 में हमारे देश के अच्छे दिन आ गए हैं।...(व्यवधान) बीजेपी द्वारा बजट के बाद मास एसएमएस भेजे गए जो प्रकाश जावडेकर जी की तरफ से थे -- Budget 14 is bold and beautiful, directional with a road map of future – Prakash Javadekar. चुनाव के बाद, सत्ता में आने के बाद लोग मार्किटिंग नहीं चाह रहे हैं। आप अभी भी मार्किटिंग कर रहे हैं। इस बार देश को बजट अच्छा देना था न कि मार्किटिंग अच्छी देनी थी। आपने बजट अच्छा नहीं दिया।...(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : मैडम, मार्किटिंग से ही दुकान चलती है।...(व्यवधान)

श्रीमती रंजीत रंजन : अब नहीं चलेगी। आप एक बार धोखा देंगे दुबारा नहीं दे सकते।...(व्यवधान)

आपने क्या दिया - बुलेट ट्रेन। महिला, यूथ, किसान, बेटी, बच्चियां, बलात्कार के बारे में आपने क्या किया। ...(व्यवधान) बुलेट ट्रेन बनाम किसान, मैं यहां बुलेट ट्रेन बनाम एफसीआई की बात करने आई हूं। आपने मुम्बई टू अहमदाबाद मात्र एक जगह जहां बहुत अच्छी कनैक्टिविटी है, लोग प्लेन से जाते हैं। अगर आज से 12 साल बाद बुलेट ट्रेन चलेगी तो उसका किराया भी 10 हजार रुपये होगा। वहां हीरों के व्यापारियों के लिए बुलेट ट्रेन की जरूरत नहीं थी। यहां जेटली साहब नहीं हैं। मैं आपसे प्रश्न करती हूं कि उस 60 हजार करोड़ रुपये से हम कितने एफसीआई गोदाम पंचायतों को दे सकते थे। आज हमारा अनाज गोदाम की कमी के कारण सड़ जाता है। क्या हम 60 हजार करोड़ रुपये एफसीआई गोदाम के लिए खर्च नहीं कर सकते थे?...(व्यवधान) यह आपकी गलती नहीं है। जिस महिला का परिवार होता है, अगर महिला उस बजट में होती है, बात बहुत छोटी लगती है। लोग महिला की बात करते हैं तो किचन की बात करते हैं। लेकिन किसी महान् लिजैंड ने कहा था - अगर पुरुष अपने आपको महिला से कम्पेयर भी करता है तो यह उसका बचपना है न कि महानता। मैं जरूर बताना चाहूंगी कि बजट में महिला की क्या क्वालिटी होती है। जब जेटली जी मनमोहन सिंह जी के पास जाकर सजैशन ले रहे थे, मैं जरूर कहूंगी कि अगर महिला तीन महीने घर से बाहर चली जाती है तो घर का बजट चरमरा जाता है। आज आपकी सत्ता में परिवार की वैल्यू आपको रियलाइज हो रही होगी, इस देश को रियलाइज हो रही है कि अगर परिवार और महिला उस सत्ता में नहीं होती, प्रधान मंत्री अकेला होता है तो उस बजट का क्या होता है जो देश के गरीबों के लिए था न कि सिर्फ कैपिटलिस्ट्स और इंडस्ट्रियलिस्ट्स के लिए था।

आपने जो बजट दिया, यह वही बात हुई कि 10 प्रतिशत लोगों को फाइव स्टार का खाना देना चाहते हैं और 90 प्रतिशत किसान जो गांवों में एफसीआई गोदाम के लिए रो रहे हैं, सही फैसीलिटी के लिए रो रहे हैं, उन्हें दरकिनार किया।...(व्यवधान) दो जून की रोटी बनाम फाइव स्टार होटल दे रहे हैं।...(व्यवधान) प्लीज़ मुझे दो मिनट का समय और दिया जाए।...(व्यवधान) मुझे आश्चर्य है कि यहां बैठे हुए सब लोग जिनमें ज्यादातर नए हैं, उन्हें नहीं पता कि महिलाओं के लिए क्या किया। सब इनकी बड़ाई कर रहे हैं कि महिलाओं के लिए बहुत किया। क्या किया महिलाओं के लिए?...(व्यवधान) आपने दो लाख रुपये से ढाई लाख रुपये टैक्स ऐग्जैम्पशन दिया। क्या महिलाओं के लिए तीन लाख रुपये किया?...(व्यवधान) सिंगल वूमैन, डायवोर्स के बहुत केस हैं, सिंगल वूमैन पेरैंट को कम से कम पांच लाख रुपये की सुविधा देनी चाहिए ताकि अकेली महिला अपने बच्चों को पढ़ा सकती।...(व्यवधान)

आपने युवाओं के लिए क्या किया।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

6

***SHRI ARVIND SAWANT(MUMBAI SOUTH)**: Let me whole-heartedly congratulate Hon'ble Finance Minister for presenting a most wonderful Budget which lays the foundation of our dreams to be brought to the reality.

Let me convey my sincere thanks for giving a long awaited AIIMS & IIM for Maharashtra. Shivsena's Yuva Sena Chief Aaditya Thackeray was pursuing this demand for long time with even previous Government but they did not fulfill this genuine demand. Hence, it is a pride moment for all of us that Hon'ble Finance Minister has fulfilled our demand.

